✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 106 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 10 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में मैट्रिक-इंटर टॉपर्स से बात करते सीएम सम्राट चौधरी

## दिल्ली-मुंबई से चेन्नई-कोलकाता तक सात हाई डेंसिटी कॉरिडोर को मंजूरी

### मोदी कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला, इन परियोजनाओं से बेहतर रेल कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे 4790 गांव, पर्यटन और धार्मिक स्थलों को फायदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार (9 सितंबर) को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के सात अहम रेल कॉरिडोर पर फोर लेन बनाने की मंजूरी दे दी है। इनमें कोलकाता-दिल्ली, चेन्नई-कोलकाता, दिल्ली-मुंबई, मुंबई-चेन्नई और बिलासपुर-कटनी जैसे प्रमुख रेलवे रूट शामिल हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश के सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर करीब 11,000 किलोमीटर लंबे हैं और इन पर रेलवे के लगभग 40 प्रतिशत ट्रैफिक का दबाव रहता है। इन कॉरिडोर में 4-लाइनिंग और क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन हाई-डेंसिटी कॉरिडोर में करीब 2,000 किलोमीटर रेल मार्ग पहले ही चार लेन वाला हो चुका है। इसके अलावा करीब 5,000 किलोमीटर हिस्से पर काम चल रहा है या इसके लिए मंजूरी दी जा चुकी है। बाकी करीब 4,000 किलोमीटर रेल रूट के लिए अंतिम मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। इस तरह रेलवे इन व्यस्त कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाने के लिए अलग-अलग चरणों में काम कर रहा है। केंद्र सरकार ने रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए पांच बड़े मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक ये परियोजनाएं तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के 17 जिलों को कवर करेंगी। इन प्रोजेक्ट पर कुल 10,738 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इन्हें 2029-30 तक पूरा करने की योजना है। इससे रेलवे के मौजूदा नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों के संचालन में सुधार होगा। इन परियोजनाओं का फायदा पश्चिम बंगाल, झारखंड,



ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों को मिलेगा। करीब 4,790 गांव इन परियोजनाओं से बेहतर रेल कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे। इन गांवों में लगभग 56 लाख लोगों की आबादी रहती है। इन परियोजनाओं से कई प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इनमें पुरी का जगन्नाथ मंदिर, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, अमरकंटक, अचानकमार टाइगर रिजर्व, ताराताणिी मंदिर और रतनपुर महामाया मंदिर जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से इन क्षेत्रों में पर्यटन और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इन पांच परियोजनाओं के पूरा होने के बाद भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 540 किलोमीटर की अतिरिक्त क्षमता जुड़ेगी। मल्टीट्रैकिंग के जरिए व्यस्त रेल मार्गों पर अतिरिक्त लाइनें तैयार की जाएंगी जिससे रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी। रेल मंत्री ने बताया कि अरक्कोनम-रेनिगुंटा रूट पर तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाई जाएगी। प्रोजेक्ट की लंबाई 77 किलोमीटर है। व्हाइटफील्ड-बंगारपेट रूट पर भी तीसरी और चौथी लाइन बनाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट 47 किलोमीटर लंबा होगा। वहीं होसुर-ओमलूर रेल मार्ग का दोहरीकरण किया जाएगा। इसकी कुल लंबाई 147 किलोमीटर है। सेलम-करूर-डिंडीगुल रूट पर भी डबल रेल लाइन तैयार की जाएगी। प्रोजेक्ट की लंबाई 159 किलोमीटर है। वहीं सिकंदराबाद (घटकेसर)-काजीपेट 110 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर अतिरिक्त लाइनें बिछाकर ट्रैक की क्षमता बढ़ाई जाएगी। रेलवे की इन क्षमता विस्तार परियोजनाओं से माल ढुलाई की क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी। इन प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद करीब 47 एमटीपीए यानी सालाना 47 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता जुड़ सकती है। इन सभी परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और सरकार ने इनके लिए 2029-30 तक का लक्ष्य रखा है। मल्टीट्रैकिंग के जरिए रेलवे का फोकस व्यस्त रूटों पर क्षमता बढ़ाने और रेल संचालन को बेहतर बनाने पर रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गहरे पानी में डूबी चार लड़कियां, दो की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बलिया थाना क्षेत्र में बाढ़ का पानी अब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ने लगा है। परमानंदपुर पंचायत के हुसैना दियारा गांव में बाढ़ के पानी में डूबने से दो बेटियों की दर्दनाक मौत हो गई। घरेलू सामान लेने के लिए घर से निकली चार लड़कियां सड़क किनारे जमा गहरे पानी में अचानक डगमगाने लगीं। एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में चारों पानी में डूबने लगीं। ग्रामीणों की तत्परता से दो लड़कियों को बचा लिया गया लेकिन 14 वर्षीय आकांक्षा कुमारी और 21 वर्षीय सपना कुमारी की जान नहीं बच सकी।

### गोली मारकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना में बेखौफ बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोलियों से छलनी कर दिया। घटना अथमलगोला थाना क्षेत्र की है। वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के दक्षिणीपुर गांव निवासी ललन पूरी के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी बुधवार सुबह मृतक के परिजनों को तब लगी जब घर पर पहुंचकर पुलिस ने घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### बक्सर जेल ब्रेक मामले में बर्खास्त वार्डन को राहत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना हाईकोर्ट ने बक्सर जेल ब्रेक मामले में बर्खास्त वार्डन को राहत दिया है। सेवामुक्ति के आदेश को कोर्ट ने रद्द कर दिया। दिसंबर 2016 में बक्सर सेंट्रल जेल से पांच कैदियों के फरार होने के बहुचर्चित मामले में हाईकोर्ट ने उत्तर चक्र के दफा इंचार्ज व जेल वार्डन उपेंद्र दास की सेवामुक्ति के आदेश को पूरी तरह निरस्त कर दिया है। जस्टिस कुमार मनीष की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार सरकार और जेल प्रशासन की पूरी विभागीय जांच प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण और गैर-कानूनी करार दिया।

### भूमि विवाद में पिता-पुत्र को मारी गोली

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** खजौली थाना क्षेत्र के महुआ एकडारा पंचायत के वार्ड 13 स्थित बिरौल गांव में बुधवार की सुबह पुराने भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। विवाद के दौरान एक पक्ष की ओर से गोली चलाये जाने से पिता-पुत्र घायल हो गये। घायल राजदेव सिंह और उनके पुत्र राजा सिंह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### छेड़खानी के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** सिंहवाड़ा प्रखंड के कोरा स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्रा से छेड़खानी के आरोप को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने स्कूल का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। आरोपित शिक्षक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के भराठी निवासी राजेश कुमार पासवान के रूप में हुई है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने आरोपी शिक्षक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने मैट्रिक-इंटर टॉपर्स को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सम्मानित किया है। मेधावी टॉपर्स सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर के 168 टॉपर्स स्टूडेंट्स सम्मानित किया गया। इस क्रम में प्रथम स्थान पाने वाल टॉपर्स को दो लाख, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को डेढ़ लाख रुपये एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले टॉपर्स छात्रों को एक लाख रुपये और लैपटॉप की राशि दी गई। इंटर के विज्ञान संकाय में प्रथम टॉपर समस्तीपुर के आदित्य प्रकाश अमन, सेकेंड टॉपर सीतामढ़ी की साक्षी कुमारी और सेकेंड टॉपर नवादा की सपना कुमारी को सम्मानित किया गया। कला संकाय में गयाजी से प्रथम टॉपर नीशू कुमारी, सीतामढ़ी की सेकेंड



टॉपर सिद्धी शिखा, लखीसराय के सेकेंड टॉपर चंद्रदीप कुमार और पूर्णिया से सेकेंड टॉपर मो. लक्की अंसारी को सम्मानित किया गया। कॉमर्स संकाय में प्रथम टॉपर पटना की अदिति कुमारी को सम्मान मिला। हालांकि इस दौरान वे मौजूद नहीं रहीं, इसलिए उनके पिता को सम्मानित किया गया। सेकेंड टॉपर पटना की माही कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में सारण से टॉपर प्रियांशु राज को सम्मानित किया गया। ऐसा पहली बार था जब बिहार बोर्ड में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को शामिल किया गया। सारण की ही सेकेंड टॉपर अनिका उपाध्याय को सम्मानित किया गया। मैट्रिक में प्रथम टॉपर सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई की पुष्पांजलि कुमारी, प्रथम टॉपर वैशाली की साबरीन परवीन और बेगूसराय की सेकेंड टॉपर नाहिद सुल्ताना को सम्मानित किया गया। बुधवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास के नेता संवाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरस्कार सम्मान समारोह में सीएम सम्राट चौधरी के अलावे बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव के साथ शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी और सभी वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि इसबार मैट्रिक में 15.12 लाख छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमें 81.79 प्रतिशत यानी 12 लाख 35 हजार 473 छात्र-छात्राएं सफल हुए थे। वहीं इंटरमीडिएट रिजल्ट में तीनों संकाय में 85.19 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए थे।

## आठ हजार रुपये रिश्वत लेते आपूर्ति पदाधिकारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** निगरानी विभाग की टीम ने बुधवार को जिले के नौबतपुर प्रखंड कार्यालय में कार्रवाई करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) विनोद कुमार को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से प्रखंड कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक आदित्य राज के अनुसार बारा गांव निवासी जनवितरण प्रणाली दुकानदार अवधेश शर्मा के भतीजे कृष्णकांत कुमार ने शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दुकान के मासिक ऑडिट के नाम पर एमओ विनोद कुमार हर महीने आठ हजार रुपये की मांग कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने गुप्त रूप से मामले का सत्यापन कराया। शिकायत में लगाये गये आरोप सही पाये जाने के बाद निगरानी टीम ने एमओ को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बुधवार को जैसे ही शिकायतकर्ता ने प्रखंड कार्यालय स्थित कक्ष में एमओ को रिश्वत की राशि सौंपी, पहले से मुस्तैद निगरानी विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली। निगरानी विभाग की टीम गिरफ्तार एमओ विनोद कुमार को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें विशेष निगरानी अदालत में पेश किया जायेगा। कार्रवाई के बाद सरकारी महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## अरवल में अलग न्यायमंडल और परिवार न्यायालय को सरकार की मंजूरी

**पटना(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने अरवल जिले में अलग न्यायमंडल (फुल-फ्लेज्ड जजशिप) और प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्याय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अरवल में अलग न्यायमंडल की स्थापना से जिले की न्यायिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को स्थानीय स्तर पर न्यायिक सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। वहीं, परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति से पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है। सरकार के इस निर्णय को अरवल जिले में न्यायिक ढांचे के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## फसल क्षति से प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता देगी सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खरीफ 2026 में फसल क्षति से प्रभावित किसानों को बिहार सरकार आर्थिक सहायता देगी। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने पात्र किसानों से बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। योजना के तहत अब तक करीब 73 हजार किसानों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत फसल उत्पादन में 20 प्रतिशत तक क्षति होने पर किसानों को 7,500 प्रति हेक्टेयर और 20 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 10,000 प्रति हेक्टेयर की सहायता राशि दी जाएगी। यह लाभ अधिकतम दो हेक्टेयर तक की फसल के लिए मिलेगा। योजना का लाभ रैयत, गैर-रैयत और आंशिक रूप से रैयत एवं गैर-रैयत किसानों को दिया जाएगा। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली और आर्थिक सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फसल क्षति की स्थिति में किसानों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने पात्र किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना 31 अक्टूबर तक आवेदन करने की अपील की ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि खरीफ 2026 के लिए पंचायत स्तर पर अगहनी धान और भदई मकई को अधिसूचित किया गया है। वहीं जिला स्तर पर सोयाबीन, मखाना, आलू, बैंगन, टमाटर और गोभी को योजना में शामिल किया गया है। संबंधित फसलों और जिलों की पूरी सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र किसान 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत किसान सीधे आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषि विभाग में संधारित एवं सत्यापित रैयत श्रेणी के किसान रैयत अथवा आंशिक रूप से रैयत एवं गैर-रैयत श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं।

## गया-पटना रेलखंड पर मेमू ट्रेनों का परिचालन बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चार दिनों से बंद गया-पटना रेलखंड की मेमू पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बुधवार को फिर से बहाल हो गया। गया से पटना और पटना से गया के बीच मेमू सेवा शुरू होने के साथ ही हजारों दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिली। नौकरी-पेशा लोगों, विद्यार्थियों और रोजमर्रा के काम से पटना आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यह सेवा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। ट्रेनें पटरी पर लौटते ही गया जंक्शन पर एक बार फिर यात्रियों की चहल-पहल बढ़ गयी है। पुनपुन-पटना के बीच रेलवे पुल संख्या-21 पर जलस्तर बढ़ने के कारण रेलवे ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गया-पटना रेलखंड पर मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया था। जलस्तर की स्थिति को देखते हुए रेलवे ने एहतियात के तौर पर ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया था। इसका सीधा असर गया और आसपास के क्षेत्रों से पटना जाने वाले दैनिक यात्रियों पर पड़ा। पटना-गया के बीच चलने वाली 10 मेमू ट्रेनों को रद्द किया गया था। लगातार चार दिनों तक सेवा बाधित रहने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मजबूरी में कई लोगों ने बस, ऑटो और निजी वाहनों का सहारा लिया। इससे यात्रा में अधिक समय लगने के साथ यात्रियों की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ा। गया-पटना मेमू ट्रेनों पर बड़ी संख्या में नौकरी-पेशा यात्री निर्भर हैं। गया समेत बीच के स्टेशनों से प्रतिदिन पटना जाकर नौकरी करने वाले लोगों के लिए कम किराया और नियमित सेवा इन ट्रेनों को सुविधाजनक बनाती है। चार दिनों तक ट्रेनें नहीं चलने के कारण उन्हें वैकल्पिक साधनों से यात्रा करनी पड़ी। बुधवार सुबह मेमू ट्रेनों का परिचालन शुरू होते ही दैनिक यात्रियों में उत्साह दिखाई दिया। यात्रियों ने ट्रेन सेवा बहाल होने को बड़ी राहत बताते हुए कहा कि मेमू ट्रेनें उनके दैनिक आवागमन का प्रमुख साधन हैं।






## बांकीपुर उपचुनाव में हुई गलतियों को दूर करेंगे : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बांकीपुर उपचुनाव में मिली हार पर पहली बार बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी के लिए चेतावनी बताया। सीएम ने कहा कि पार्टी इस नतीजे पर गंभीरता से आत्ममंथन कर रही है। संगठन से हुई गलतियों को सुधारने के लिए कार्यकर्ता काम में जुट गए हैं। एएनआई के पॉडकास्ट में सम्राट चौधरी ने बांकीपुर के नतीजे और जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को लेकर भी खुलकर बात की। सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी और पार्टी के नेता इस हार को गंभीरता से देख रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि संगठन से गलती हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और हमलोग आत्ममंथन कर रहे हैं। हम लोगों से गलती तो हुई। हमारे सीट पर कोई जीत रहा है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। इसलिए तमाम लोग, पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस काम में लगा है। सीएम ने कहा कि पार्टी



इस पूरे सिस्टम पर दोबारा विचार करेगी। जो कमियां सामने आयेंगी, उन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने बांकीपुर के नतीजे को पार्टी के लिए 'अलार्मिंग' बताया। सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि किसी एक विधानसभा सीट का उपचुनाव पूरे बिहार के जनादेश का संकेत नहीं माना जा सकता। उन्होंने पुराने उपचुनावों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद 2009 में हुए उपचुनाव में 17 में से 12 सीटों पर हार मिली थी। बावजूद बाद में बड़ी जीत मिली। सीएम ने कहा कि बिहार का मूड समझने के लिए भागलपुर, पूर्णिया, मोतिहारी, सारण और शाहाबाद जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के नतीजे भी देखने होंगे। एक सीट पूरे प्रदेश का फैसला नहीं करती। मुख्यमंत्री ने विधायकों की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस काम के लिए विधायक चुना है, उन्हें उसी तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विधायक बने हैं। अच्छा काम करिए। विधायक तो विधायक जी हैं। विधायक की तरह काम करिए। करना पड़ेगा। जनता का तो मैंडेट इसी के लिए है। काम करना पड़ेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार भी अपना काम करेगी। आखिरकार जनता को ही तय करना है कि कौन सही काम कर रहा है और कौन नहीं। बांकीपुर उपचुनाव के दौरान प्रशांत किशोर की ओर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर की गयी टिप्पणियों को लेकर भी सवाल पूछा गया। इस पर सीएम ने व्यक्तिगत टिप्पणी से दूरी बनाने की बात कही। सम्राट चौधरी ने कहा कि वो बेचारा है, चलिए उसको करने दीजिए। उन्होंने कहा कि उनकी व्यक्तिगत लड़ाई किसी से नहीं है। वह बिहार के विकास और काम करने के लिए आये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई उनके खिलाफ कोर्ट जाता है तो उसे ऐसा करने का संवैधानिक अधिकार है। प्रशांत किशोर को लेकर लगातार सवाल पूछे जाने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि चुनाव के दौरान वह किसी पर टिप्पणी नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद सबका निशाना एक ही होता है। सीएम ने तंज करते हुए कहा कि ये तो अच्छी बात है ना कि सब सम्राट चौधरी से ही मोहब्बत कर रहा है। तो दिक्कत क्या है आपको? उन्होंने अंत में कहा कि उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है। जिसे जो कहना है, कहने दीजिए। सरकार अपना काम करती रहेगी।

# यूनियन बैंक और जीविका के बीच समझौता, एसएचजी को ऋण सहायता बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष पाण्डेय के दो दिवसीय पटना दौरे के दौरान 8 सितंबर को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और जीविका (बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी) के बीच स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता एवं ऋण समर्थन और अधिक मजबूत तथा विस्तारित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बैंक की ओर से अंचल कार्यालय पटना के महाप्रबंधक गुणा नंद गामी तथा जीविका की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु शर्मा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य जीविका के व्यापक स्वयं सहायता समूह नेटवर्क और बैंक की बैंकिंग पहुंच का लाभ उठाकर समूह सदस्यों को संस्थागत ऋण, वित्तपोषण और स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आशीष पाण्डेय ने बैंक के जीविका से जुड़े मौजूदा करीब 310 करोड़ रुपये के कारोबार को चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि यह बिहार के स्वयं सहायता समूह तंत्र के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साझेदारी के अगले चरण में क्लस्टर लेवल फेडरेशन के वित्तपोषण की पहल भी आगामी महीनों में शुरू करने का प्रस्ताव है। बैंक इसके लिए वित्तपोषण की संभावनाओं का पता लगाकर उसे लागू करेगा। व्यक्तिगत वित्तपोषण को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैंक स्वरोजगार, उद्यमिता और स्थायी आजीविका के लिए अधिक ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगा। आशीष पाण्डेय ने बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी तथा खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी से मुलाकात कर राज्य के विकास में बैंक की भूमिका और विकास परियोजनाओं में उसके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कार्यपालक निदेशक नितेश रंजन के साथ आयोजित टाउन हॉल बैठक में कर्मचारियों को बैंकिंग एवं ग्राहक सेवाओं, तकनीकी विस्तार और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान केंद्रीय कार्यालय मुंबई से ओपी कारवां, सुधाकर राव, नवनीत कुमार, राजेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, गुणा नंद गामी, अंचलीय एश्योरेंस प्रमुख प्रतिभा पाण्डेय, क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार सहित सैकड़ों अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। आशीष पाण्डेय और नितेश रंजन ने मीडिया से बातचीत कर उनके सवालों के जवाब भी दिए।

## पटना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों का अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को पटना जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दीघा घाट, कुर्जी घाट, जेपी गंगा पथ के आसपास के क्षेत्रों तथा बिंद टोली स्थित राहत शिविरों का दौरा किया। डॉ. प्रेम कुमार ने राहत शिविरों में साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन और पेयजल की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सामूहिक रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बिंद टोली राहत शिविर में करीब 3,000 और दीघा घाट के समीप शिविर में करीब 2,500 लोग रह रहे हैं। शिविरों में चिकित्सकों, दवाओं, एंबुलेंस के साथ पशु चिकित्सा और पशुओं के लिए दवाओं की व्यवस्था की गई है। बच्चों की पढ़ाई के लिए अस्थायी विद्यालय भी संचालित किए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में त्वचा संबंधी रोगों और वायरल संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। इनके उपचार के लिए पर्याप्त चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पशु आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया और संरक्षित पशुओं, विशेषकर गायों को चारा खिलाया। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में मानव जीवन के साथ पशुधन की सुरक्षा भी प्राथमिकता है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। राहत शिविरों की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर आवश्यक सुधार तत्काल किए जाने चाहिए। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार से बात कर उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र को-ऑपरेटिव बैंक के रितेश, बख्तियारपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र, रणविजय रौशन, राजकुमार सिंह, दीघा विधानसभा क्षेत्र के सदस्य संजीव चौरसिया के प्रतिनिधि तथा सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शास्त्री, रणजीत चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दशहरा-छठ से पहले बिहार से हरियाणा की सीधी बस सेवा, 12 रूटों पर चलेंगी एसी डीलक्स बसें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दशहरा, दिवाली और छठ से पहले बिहार के लोगों के लिए बड़ी राहत मिलने वाली है। बिहार और हरियाणा के बीच नियमित अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार को बिहार-हरियाणा रूट पर बस परिचालन की अनुमति मिल गई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम बसों का नियमित परिचालन करेगा। निगम ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ बसों की खरीद भी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग के अनुसार हरियाणा के साथ उत्तर प्रदेश के रूट पर भी बसों का परिचालन किया जाएगा। इससे दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले बिहार के लोगों के लिए आवागमन और आसान होगा। परिवहन निगम अपने स्तर से 149 बसों की खरीद कर रहा है जिसमें 75 एसी बसें शामिल हैं। इन बसों की खरीद कई चरणों में की जाएगी। बिहार-हरियाणा के बीच अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करने के लिए इस वर्ष जुलाई में दोनों राज्यों के बीच द्विपक्षीय समझौता (एमओयू) हुआ था। इसके तहत बिहार के 12 प्रमुख रूटों से हरियाणा के लिए एसी युक्त डीलक्स बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक परिवहन विकल्प मिलेगा। योजना के अनुसार बसें पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया, मधुबनी समेत बिहार के अन्य प्रमुख शहरों से चलेंगी। ये बसें हरियाणा के अंबाला, गुरुग्राम और पानीपत जैसे शहरों तक जाएंगी। इन रूटों पर कारोबार, रोजगार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है।

## राज्य में होगी कम जोखिम वाले भवनों के लिए स्व प्रमाणन की सुविधा

### बिहार बिल्डिंग बायलॉज 2026 का प्रारूप तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार की ओर से राज्य में प्रशासनिक नियमों को सरल बनाने और व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे डीरेगुलेशन 1.0 और 2.0 की प्रगति को लेकर बुधवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। पुराने सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव केके पाठक और बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संयुक्त रूप से की। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के बीच विभिन्न प्राथमिक क्षेत्रों पर हुए समझौतों और उनके क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बता दें कि उदारीकरण 1.0 और 2.0 के तहत भवन निर्माण की मंजूरी, व्यावसायिक भूखंडों के नुकसान को कम करने और मिक्स्ड यूज डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए नए बिहार बिल्डिंग बाय-लॉज 2026 का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इसके तहत कम जोखिम वाले भवनों के लिए स्व-प्रमाणन और मध्यम जोखिम वाले भवनों के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण की व्यवस्था की जा रही है। वहीं राज्य में व्यापार को गति देने के लिए बिहार विधानमंडल की ओर से 23 जुलाई 2026 को ईओडीबी विधेयक को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके माध्यम से उद्योगों को दोहरे लाइसेंस से मुक्ति, एमएसएमई को स्व-घोषणा के आधार पर मंजूरी और निरीक्षणों से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इधर बिहार सरकार के सभी नियमों, अधिनियमों और सरकारी आदेशों के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल रिपॉजिटरी पोर्टल (बिहार डॉट जीओवी डॉट इन) 19 जून 2026 से लाइव कर दिया गया है जिसमें अब तक 2000 से अधिक दस्तावेज अपलोड किए जा चुके हैं। लोक सेवाओं के अधिकार (आरटीपीएस) के तहत ऑटो-अपील प्रणाली को कैबिनेट की मंजूरी के बाद 23 जून 2026 से लाइव कर दिया गया है। वहीं, राज्य में भूमि और पर्यावरण सुधार के तहत किसानों और भूमि मालिकों को राहत देते हुए भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) की आवश्यकता को समाप्त करने पर सहमति बनी है।

## केवाइपी केंद्रों के पुनः संचालन को लेकर डॉ. आनन्द रंजन झा ने जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार से की मुलाकात



जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार के साथ डॉ. आनन्द रंजन झा एवं अन्य प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के पुनः संचालन, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण व्यवस्था की बहाली को लेकर डॉ. आनन्द रंजन झा ने जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार से मुलाकात कर केंद्र संचालकों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। इस दौरान डॉ. आनन्द रंजन झा ने केवाईपी केंद्रों के संचालन में आ रही समस्याओं, प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारु करने तथा केंद्र संचालकों की लंबित मांगों के समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केवाईपी से बड़ी संख्या में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिलता है, इसलिए प्रशिक्षण व्यवस्था को जल्द सामान्य किया जाना जरूरी है। नीरज कुमार ने केंद्र संचालकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान केवाईपी आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## ज्ञान भवन में तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो का शुभारंभ

### पोल्ट्री और एक्वा क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं : विजय कुमार चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषिका एवं राइटर्स एंड क्रिएटर्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एंड एक्वा एक्सपो - 2026 के चौथे संस्करण का शुभारंभ गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में किया गया। इस एक्सपो में देशभर से कुल 80 कम्पनियां भाग ले रही हैं जो 130 स्टॉल पर अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन कर रही है। इस एक्सपो का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा तथा कानून मंत्री संजय कुमार टाइगर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह एवं बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो के आयोजक राकेश कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पोल्ट्री और एक्वा क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। यह एक्सपो किसानों, मुर्गी पालकों एवं मत्स्य पालकों के लिए बेहद उपयोगी और ज्ञानवर्धक मंच है। देश के विभिन्न हिस्सों से कंपनियों और विशेषज्ञों का यहां शामिल होना बिहार के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे किसानों को आधुनिक तकनीक, नई मशीनरी, बेहतर नस्ल, वैज्ञानिक प्रबंधन और बाजार की बदलती जरूरतों की जानकारी मिलेगी। ऐसे आयोजनों से बिहार और देश के बीच व्यापारिक एवं तकनीकी साझेदारी मजबूत होगी तथा राज्य में रोजगार और निवेश के नए रास्ते खुलेंगे। वहीं अपने संबोधन में उच्च शिक्षा तथा कानून मंत्री संजय कुमार टाइगर ने कहा कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में पोल्ट्री एंड एक्वा क्षेत्रों का विकास किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मोबाइल फोन पर जीएसटी पांच प्रतिशत करने की आइसीइए ने उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से मोबाइल फोन पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने और इस प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में रखने की मांग की है। आईसीईए के अनुसार भारत में अनुमानित 25 करोड़ लोग अभी भी फीचर फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन की कीमत कम होने से पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वालों और कम आय वाले परिवारों के लिए डिजिटल सुविधाओं तक पहुंच बढ़ सकती है। स्मार्टफोन आज डिजिटल पेमेंट, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और सरकारी सेवाओं तक पहुंच का प्रमुख माध्यम है। भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 के 18,900 करोड़ रूपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.27 लाख करोड़ रूपये हो गया है जबकि निर्यात 1,566 करोड़ रूपये से बढ़कर 2.60 लाख करोड़ रूपये पहुंच गया। हालांकि घरेलू मांग में अपेक्षित तेजी नहीं आई है और एंट्री-लेवल स्मार्टफोन सेगमेंट दबाव में है। आईसीईए ने कहा कि मोबाइल फोन पर जीएसटी की दर जुलाई 2017 में 12 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल 2020 में 18 प्रतिशत हुई थी।

## बाढ़ प्रभावित किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है राज्य सरकार : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में बाढ़ की वर्तमान स्थिति को देखते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों एवं फसलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का वास्तविक, विस्तृत एवं प्रमाणिक आकलन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर फसल क्षति का आकलन करें तथा प्राप्त आंकड़ों एवं स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो तथा वास्तविक क्षति का सही आकलन कर प्रभावित किसानों तक राहत एवं सहायता समय पर पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि बाढ़ से हुई वास्तविक फसल क्षति के विस्तृत आकलन के आधार पर प्रभावित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में अपने किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण यदि किसी क्षेत्र में फसल पूरी तरह या आंशिक रूप से प्रभावित हुई है और आगामी फसल चक्र को बनाए रखने के लिए वैकल्पिक फसल लगाने की आवश्यकता होती है तो कृषि विभाग द्वारा इसके लिए आवश्यक कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 15 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

## पीएमसीएच में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार

### मरीजों को मिल रही बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त राज्य के साथ-साथ देश के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा संस्थान को अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर आधारभूत संरचना और मरीज केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत पीएमसीएच को 5,462 बेड क्षमता वाले विश्वस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। लगभग 5,544 करोड़ रुपये की इस पुनर्विकास परियोजना के माध्यम से अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं, मेडिकल शिक्षा, आधुनिक जांच सुविधाओं, क्रिटिकल केयर, इमरजेंसी व्यवस्था और मरीजों की सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। परियोजना का निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आधुनिक अस्पताल भवनों के साथ विभिन्न चिकित्सा विभागों के लिए अत्याधुनिक ओपीडी, इंडोर सुविधाएं, आइसीयू, ऑपरेशन थिएटर, ट्रॉमा सेंटर, आधुनिक जांच केंद्र, मेडिकल उपकरण, नर्सिंग सुविधाएं, मल्टीलेवल पार्किंग, सेंट्रल यूटिलिटी सिस्टम, आधुनिक विद्युत व्यवस्था और डेडिकेटेड पावर ग्रिड जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

**पहले चरण में शुरू हुईं कई महत्वपूर्ण सुविधाएं**

पीएमसीएच पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण में दो नए टावरों में लगभग 1117 बेड की व्यवस्था की गई है। यहां विभिन्न चिकित्सा विभागों के लिए ओपीडी और इंडोर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गंभीर मरीजों के बेहतर उपचार के लिए 65आइसीयू बेड और 44 पोस्ट आइसीयू बेड की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 प्राइवेट रूम, 10 डीलक्स रूम और 2 सुपर डीलक्स सुइट बनाए गए हैं। मरीजों को व्यवस्थित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इएनटी, बाल रोग, मेडिसिन, हृदय रोग, सर्जरी, स्त्री रोग, त्वचा एवं चर्म रोग, दंत चिकित्सा, फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन, ऑर्थोपेडिक्स और नेत्र रोग सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक सर्जरी से मरीजों को मिल रही बेहतर सुविधा पीएमसीएच में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है। अस्पताल में टेंडन ट्रांसफर जैसी जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। महिलाओं के उपचार के लिए लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। पहली बार बिना बड़े चीरे के लैप्रोस्कोपिक विधि से गर्भाशय निकालने जैसी आधुनिक सर्जरी भी सफलतापूर्वक की गई है।

## 11 से 48 वां महायोगी गोपीचंद संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दस दिवसीय महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर 11 सितंबर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा तथा पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवम आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रति माह आयोजित होनेवाला शिविर प्रारंभ होगा जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य सह आचार्य, सहायक आचार्य, शिक्षक एवं संस्कृतानुरागी भाग ले रहे हैं। इसका संचालन अभियान की उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान कर रहीं हैं। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा, उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा, संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन उत्तर प्रदेश शासन एवं संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे का भी मार्गदर्शन मिल रहा है। इस शिविर में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ नीरा कुमारी, डॉ एकता वर्मा, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ मधु कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, डॉ देवेश प्रकाश आर्य, दयानी शारदेय, मनीषा बोदरा, डॉ रम्भा कुमारी, डॉ डिम्पल, डॉ मिथिलेश कुमार, अदिति चोला, मुरलीधर शुक्ल, डॉ कल्पना शर्मा, मोनिका झा, प्रदीप श्रीवास्तव, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, श्रद्धा कुमारी, महेश मिश्र मनीष कुमार आदि हैं।

## प्रशिक्षण से सक्षम हो रहे जनप्रतिनिधि और पंचायत कर्मी, पंचायतों के सशक्तीकरण की नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गांव की तस्वीर सिर्फ सड़कों, गलियों और विकास योजनाओं से नहीं बदलती, बल्कि तब बदलती है जब गांव की आवाज को समझने और उसे विकास की दिशा देने वाले लोग खुद नई सीख के साथ आगे बढ़ते हैं। बिहार के गांवों में यही बदलाव अब दिखाई दे रहा है। पंचायतों के जनप्रतिनिधि और कर्मी प्रशिक्षण के जरिए अपने काम को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं, नई कार्यप्रणाली सीख रहे हैं और इस सीख को गांव के विकास में उतार रहे हैं। किसी के लिए यह प्रशिक्षण सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से समझने का माध्यम है तो किसी के लिए अपने गांव और वहां के लोगों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का नया आत्मविश्वास। यही छोटी-छोटी सीख आज पंचायतों को मजबूत बनाने और गांवों में बदलाव की बड़ी कहानी लिख रही है। उनके काम को बेहतर और सुदृढ़ करने और बिहार में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पंचायती राज विभाग और बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मियों का नियमित प्रशिक्षण किया जाता है। पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षण से जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की क्षमता बढ़ रही है। इससे ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से बनाने और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिल रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों को परिणाम-आधारित, विषय-आधारित और निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से सक्षम बनाना है, ताकि ग्राम पंचायतें सुशासन, पारदर्शिता, सहभागी विकास और स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

## छोटे एवं सीमांत किसानों तक आधुनिक कृषि यंत्रों की पहुंच सुनिश्चित करना है सरकार का लक्ष्य : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ी पहल की है। कृषि विभाग ने 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (2025-26)' योजना के तहत अनुदान पर कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक और स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए 8 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। योजना के तहत जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप, नाबार्ड/राष्ट्रीयकृत बैंक से संबद्ध किसान क्लब, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ), फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीसी), स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स आदि अनुदान का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी वैधता 15 दिन होगी। वहीं, अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार छोटे एवं सीमांत किसानों तक आधुनिक कृषि यंत्रों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खेल के क्षेत्र में विकसित आधारभूत संरचनाओं से बदल रही बिहार की तस्वीर, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेल हो रहे आयोजित

### पिछले दो वर्षों में बिहार को एक के बाद एक कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मिली मेजबानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कभी खेल अवसंरचना के अभाव में बड़े आयोजनों की मेजबानी से दूर रहने वाला बिहार आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। राज्य सरकार के पिछले कुछ वर्षों में खेल अवसंरचना पर किए गए बड़े निवेश ने राज्य में खेल की सूरत ही बदल दी है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बिहार खेल विश्वविद्यालय, पटना का पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जिला से लेकर पंचायत तक विकसित हो रहे खेल परिसरों ने खेल के क्षेत्र में ब्रांड बिहार को स्थापित करने में खास भूमिका निभाई है। ब्रांड बिहार की अवधारणा को स्थापित करने में खेल से जुड़े ये आधारभूत संरचनाएं बेहद खास भूमिका निभा रहे हैं। पिछले दो वर्षों में करीब एक दर्जन बड़े और व्यापक खेल प्रतियोगिताएं सूबे में आयोजित हो चुकी हैं। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। करीब 90 एकड़ में विकसित इस विश्वस्तरीय परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों का हॉकी स्टेडियम, बहुउद्देशीय इंडोर हॉल, ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल, एथलेटिक्स सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए खेल चिकित्सा केंद्र और बिहार खेल विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। हाल ही में यहां 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी निर्माण किया गया है जिससे बिहार में क्रिकेट के बड़े आयोजन का रास्ता भी खुल गया है।

राजधानी पटना में भी खेल अवसंरचना को लगातार मजबूत किया गया है। पाटलिपुत्र खेल परिसर (कंकड़बाग) को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया जहां फुटबॉल, एथलेटिक्स और बहुउद्देशीय इंडोर खेलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है।

# विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने आमजनों से जनसंवाद कर सुनी समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** सासाराम शहर व सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने जन संवाद के जरिए लोगों की समस्याएं सुनी। शहर के वार्ड संख्या 29 चंद्रवंशी नगर में जन संवाद के जरिए लोगों ने विधायक को जल जमाव की समस्या से अवगत कराया। वही बेदा गांव में भी बरसात के दिनों में लोगों को हो रही परेशानी का मुख्य कारण जल जमाव को लेकर लोगों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान विधायक दो दिन पूर्व हुए बेदा में डबल मर्डर मृतका नन्हकी देवी के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार की स्थिति व हालात से अवगत हुई तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। विधायक ने पीड़ित परिवार से कहा कि जल्द दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस से बात की जाएगी तथा मिलने वाले सारी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इसके बाद विधायक शहर के दलेलगंज, कादीरगंज में जल जमाव की समस्या से जूझ रहे लोगों से मिली तथा जल जमाव वाले स्थल का निरीक्षण भी किया। आम जनों की शिकायत पर इन्होंने अविलंब नगर निगम आयुक्त से बात कर जल जमाव की समस्या को दूर करने की बात कही। शहर के सागर मोहल्ला स्थित राजोखर कोटा में भी जन संवाद में हिस्सा ली। इस मौके पर रालोमो के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा, माधव सिंह मुखिया, शेखर कुशवाहा, मौलवी मुखिया, झुना सिंह, रौशन कुशवाहा, राहुल कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## करंट से हवलदार की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम के बीएसएपी महिला बटालियन में कार्यरत चालक हवलदार की करंट लगने से मौत हो गई। बता दें कि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस महिला बटालियन सासाराम के परिसर में यह घटना हुई। मृतक लाल साहब सिंह यादव कैमूर जिला के कुदरा के सिसवार थाना क्षेत्र के भव पोखर गांव के रहने वाले थे। बताया जाता है कि आज सुबह जब लाल सिंह यादव महिला बटालियन के परिसर में अपनी सरकारी गाड़ी को धो रहे थे। इस दौरान बिजली मोटर से प्रवाहित करंट की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई।

# लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का एसपी ने दिया टास्क

**अपराध गोष्ठी में महिला सुरक्षा, वाहन-होटल जांच और नशे के कारोबार पर सख्ती के निर्देश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास के पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने मंगलवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी पहली मासिक अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया। बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, सार्जेंट मेजर, सार्जेंट एवं पुलिस अवर निरीक्षक उपस्थित रहे। अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी ने जिले में लंबित कांडों की थाना एवं कांडवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुसंधान की गुणवत्ता बनाए रखते हुए मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया। एसपी राज ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा जिले में वाहनों एवं होटलों की सघन जांच करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में शराब एवं सूखे नशे के कारोबार पर भी विशेष चर्चा हुई। एसपी ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त धंधेबाजों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा ऐसे मामलों में लगातार अभियान चलाने का दिया निर्देश। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रोहतास पुलिस आम जनता की सेवा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

# अवैध बिजली उपयोग पर कड़ी कार्रवाई, जुर्माना और प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिजली चोरी और अवैध विद्युत उपयोग के खिलाफ विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार उपभोक्ताओं पर भारी आर्थिक दंड लगाया और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, सूर्यपुरा के कनीय विद्युत अभियंता आनंद कुमार के नेतृत्व में चलाए गए विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान के दौरान यह खुलासा हुआ कि प्रखंड क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया बिजली बिल के कारण पहले ही विच्छेदित किए जा चुके थे। इसके बावजूद वे बिना बकाया राशि और पुनः संयोजन शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। जांच में कल्याणी टोला निवासी शम्भू सिंह, पिता राधाकिशुन सिंह पर 47,227 रुपये, अमर सिंह, पिता मुनीराम सिंह पर 61,922 रुपये और शिवजी सिंह, पिता रामचंद्र सिंह पर 56,932 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया जबकि मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में बीरेंद्र सिंह, पिता ठगु सिंह पर 31,288 रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। मौके पर जांच दल ने सभी अवैध कनेक्शनों को हटाते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। कनीय विद्युत अभियंता ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी करना या विच्छेदित कनेक्शन को अवैध रूप से पुनः चालू कर उपयोग करना दंडनीय अपराध है और ऐसे मामलों में विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध कनेक्शन का उपयोग करें, समय पर बिल का भुगतान करें और विद्युत नियमों का पालन करें अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# 26 सितंबर तक परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 9 से 26 सितंबर तक परिवार नियोजन पखवाड़ा आयोजित किया गया है। अभियान को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति ने अस्पताल और प्रखंड स्तर पर अलग-अलग लक्ष्य तय किए हैं। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों की नसबंदी के साथ आईयूसीडी, एमपीए-अंतरा, कंडोम, ओसीपी, ईसीपी और छाया जैसी परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान के पहले सप्ताह में 7 से 13 सितंबर तक मिशन परिवार विकास अभियान चलेगा। इसके बाद 14 से 26 सितंबर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। 14 सितंबर को स्वास्थ्य मेला सह मीडिया ब्रीफिंग भी प्रस्तावित है।

**योग्य दंपतियों के प्री-रजिस्ट्रेशन पर जोर**

विभाग ने आशा और स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से योग्य दंपतियों से संपर्क कर प्री-रजिस्ट्रेशन कराने तथा परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया है। अभियान के दौरान लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधनों की जानकारी दी जाएगी।

**महिला नसबंदी के 1520 और पुरुष नसबंदी के 30 लक्ष्य**

जिले में महिला नसबंदी का लक्ष्य 1520 और पुरुष नसबंदी का लक्ष्य 30 निर्धारित किया गया है। इस तरह कुल 1550 नसबंदी का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा आईयूसीडी सहित अन्य अस्थायी साधनों के लिए भी अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

**किस प्रखंड में कितना नसबंदी का लक्ष्य**

महिला और पुरुष नसबंदी का प्रखंडवार लक्ष्य इस प्रकार है- सासाराम 103, बिक्रमगंज 88, डिहरी 87, अकोढ़ीगोला 76, चेनारी 77, दावथ 76, दिनारा 101, करगहर 102, कराकाट 102, कोचस 102, नासरीगंज 101, नोखा 76, नौहट्टा 101, राजपुर 51, रोहतास 51, संझौली 52, शिवसागर 102, सूर्यपुरा 51 और तिलौथू 51 लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छात्र की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के घनीबिगहा डिलियां नहर के पास सोमवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भलुआड़ी गांव निवासी हरेराम शर्मा के 14 वर्षीय पुत्र कृष्णा शर्मा के रूप में हुई है। कृष्णा डिहरी के श्री अरविंद एकेडमी में कक्षा 10वीं का छात्र था। सोमवार शाम कोचिंग से साइकिल से घर लौट रहा था, तभी डिलियां नहर पुल से 200 मीटर दक्षिण में तेज गर्जना के साथ उस पर ठनका गिर गया। वह साइकिल से गिरकर तड़पने लगा। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे अनुमंडल अस्पताल डिहरी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कृष्णा दो बहनों सोनम और पल्लवी का इकलौता भाई था।

# नटवार में तालाब और एपीएचसी का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बुधवार को नटवार क्षेत्र में तालाब और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सबसे पहले तालाब की वर्तमान स्थिति, साफ-सफाई और रख-रखाव का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारी को तालाब की समुचित देखरेख, नियमित साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं इसके बाद एपीएचसी नटवार के निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया गया और अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का स्पष्ट निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के लाल गंज चुना भट्ठा के पास एक 52 वर्षीय महिला की संदिग्ध स्थिति में मंगलवार देर रात मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। थानाध्यक्ष राहुल के अनुसार देर रात उन्हें सूचना मिली की एक महिला प्रमिला देवी की मौत हो गईं। वे उसके घर गए तो उसकी पुत्री ने बताया कि उसके दो भाईयों मुकेश कुमार व मिथिलेश कुमार में आपस में मारपीट हुई। इसकी सूचना जैसे ही उसकी मां को मिली वह गिर गई और उसकी सम्भवतः हृदय गति रुकने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि महिला को तत्काल अनुमंडल अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने मरने के कारण शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

### नशे की हालत में युवक ने रेता खुद का गला, गंभीर अवस्था में रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के लेवडा पूरब टोला में 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने नशे में अपना ही गला रेत लिया। बताया जाता है कि मोहित कुमार नामक युवक धारदार हथियार से अपना गला को रेत लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि आए दिन वह नशा करता रहा है। कई साल पहले इसकी इसी हरकत से तंग आकर उसकी पत्नी भी छोड़ कर चली गई। बताया जाता है कि मंगलवार की देर शाम उसने धारदार हथियार से अपना ही गला रेत लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि मोहित गंभीर रूप से जख्मी है। घायल के पड़ोसी का कहना है कि नशे की हालत में वह आए दिन अपने परिवार में लोगों से विवाद करता रहता है।

### करंट से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** अगरेर थाना क्षेत्र के खरवनिया में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सासाराम के रहने वाले 40 वर्षीय अनिल सिंह के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार अनिल अपने घर के बिजली का बोर्ड ठीक कर रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है। बताया जाता है कि मृतक चिकित्सक डॉ. रणवीर सिंह का कार चालक था। वह कार चलाने के साथ-साथ खेती-बाड़ी का काम करते थे।

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार दूसरा फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला (रोहतास)।** जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र से 51.4 लीटर देसी छबीली शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को पुलिस ने पकड़ लिया वही दूसरा धंधेबाज भागने में सफल रहा। इस संबंध में अकोढ़ीगोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर लख बक्सर लाइन के समीप छापामारी एवं कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके से संजय कुमार पिता श्रवण रजक ग्राम प्रेम नगर के रहने वाले के पास से 51.5 लीटर देसी छबीली शराब बरामद हुई वही दूसरा शराब धंधेबाज पुलिस को देखकर भागने में सफल रहा जिसकी पहचान शिवा उर्फ खोरा पिता धर्मेंद्र राम ग्राम मुशई टोला के रहने वाले के रूप में हुई। इस मामले में संजय कुमार को देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है वहीं दूसरे धंधेबाज शिवा उर्फ खोरा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़िया गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने, मारपीट का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। एक पक्ष की आवेदिका सविता देवी ने 12 लोगों को नामजद किया है। आवेदन में कहा गया है कि अजय यादव व उसके पुत्र प्रिंस सहित भरत सिंह, भगवान सिंह व उनके परिवार के लोगों ने डंडा हथियार से हमला कर कपड़े फाड़े और मंगलसूत्र छीन लिया। बुजुर्ग ससुर नंदलाल यादव को भी पीटने का आरोप है। वहीं दूसरे पक्ष के आवेदक अजय कुमार यादव ने 17 नामजद व 2-3 अज्ञात सहित कुल 20 लोगों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फिरंगी यादव, साहेब यादव, संतोष यादव, संजय यादव व अन्य ने पुश्तैनी जमीन पर कब्जे की नीयत से उनके पुत्र प्रिंस कुमार (23), पत्नी उषा देवी (42) और भतीजे विवेक कुमार (26) पर हमला किया।

# पशुओं से लदे ट्रक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल प्रशासन ने अवैध पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पशुओं से लदे एक ट्रक को पकड़ लिया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा अनुमंडल क्षेत्र में नियमित क्षेत्र भ्रमण एवं विधि व्यवस्था की निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में एक संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की गई तो उसमें बड़ी संख्या में पशुओं को अवैध रूप से ठूंस-ठूंस कर परिवहन करते पाया गया। जांच में अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर अनुमंडल पदाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक एवं उसमें लदे सभी पशुओं को बिक्रमगंज थाना के सुपुर्द कर दिया तथा मामले में नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने हेतु थाना को निर्देशित किया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए कंटेनर ट्रक में कुल 28 भैंस प्रजाति के पशु बरामद किए गए हैं जिनमें 26 काले रंग की और 02 भूरे रंग की भैंस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मौके पर दंडाधिकारी के साथ सी संतोष कुमार ड्यूटी पर मौजूद थे। पुलिस पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पशु तस्करी एवं पशु चोरी से संबंधित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले के शीघ्र उद्भेदन हेतु पुलिस द्वारा गहन जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि बरामद पशुओं की सुरक्षा एवं देखभाल हेतु आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं तथा ट्रक के चालक, खलासी एवं पशुओं के स्वामित्व से जुड़े लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध पशु परिवहन एवं अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध लगातार निगरानी एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जीएनएसयू में फार्मेसी छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों के लिए देव मंगल सभागार में 'आई जी एन आई टी ई-अनलॉकिंग योर पोटेंशियल' कार्यक्रम आयोजित किया। इस सेमिनार में स्पोकन इंग्लिश, आत्मविश्वास के साथ बातचीत, प्रोफेशनल शिष्टाचार, टीमवर्क, लीडरशिप, प्रेजेंटेशन और इंटरव्यू स्किल्स पर ध्यान दिया गया। आई जी एन आई टी ई पहल के सूत्रधार प्रतीक कुमार सिंह ने पूरे सेशन को बहुत उत्साह और दिलचस्प तरीके से संचालित किया। उन्होंने छात्रों को झिझक दूर करने और प्रोफेशनल सफलता के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेमिनार की चेयरपर्सन डॉ. संगीता सिंह ने की। इसमें नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डीन-सह-प्रिंसिपल डॉ. धर्मेंद्र कुमार के साथ-साथ फार्मेसी के असिस्टेंट प्रोफेसर शिवम कुमार, बबलू कुमार और पुष्प राज सिंह भी शामिल हुए। छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आयरकोठा थाना पुलिस ने बुधवार की शाम को बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष शिवम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गोहीं टोला पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 40 लीटर महुआ शराब बरामद करते हुए धंधेबाज मुन्ना कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय राम जी सिंह गोहीं टोला के रहने वाले को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मौके पर ही 2000 लीटर महुआ के पास की विनष्ट किया। पुलिस ने मौके पर शराब बनाने के ठिकाने पर भी कार्रवाई की।

# सवारी गाड़ी का टायर फटने से आधा दर्जन लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** रोहतासगढ़ पंचायत अंतर्गत रहल से रोहतास बाजार आने के क्रम में धंसा के पास बुधवार को एक सवारी गाड़ी का अचानक अगला टायर फट गया। टायर फटने के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा कर एक पेड़ से टकराया। हादसे में सवारी गाड़ी में बैठे करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास पहुंचाया गया। वहीं कुछ घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। पीएचसी रोहतास में तीन घायलों के पहुंचने की सूचना मिली जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों में विदेशिया देवी, पति शिव पूजन उरांव, ग्राम करमडीहा, वीर बहादुर उरांव, पिता शिव पूजन उरांव, ग्राम करमडीहा तथा पवन कुमार, पिता विजय साह, ग्राम कुबा शामिल हैं। बताया गया कि सभी लोग एक ही सवारी गाड़ी से रहल से रोहतास बाजार खरीदारी करने के लिए आ रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर रोहतास थाना के एसआई प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को पीएचसी पहुंचाने में मदद की। हादसे के कारण कुछ देर तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रशिक्षु सिपाहियों की एसपी ने ली क्लास, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देशन में पुलिस केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को 299 प्रशिक्षु सिपाहियों की अंतर्विषयक कक्षा आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने स्वयं प्रशिक्षु सिपाहियों की क्लास ली और उन्हें पुलिस सेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों को पुलिस की कार्यशैली, अनुशासन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार तथा कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन और ईमानदारी का विशेष महत्व है। पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ करना चाहिए।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को आम लोगों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा कानून के दायरे में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी और अनुभव का उपयोग भविष्य में ड्यूटी के दौरान जिम्मेदारीपूर्वक किया जाना चाहिए। कक्षा के दौरान प्रशिक्षु सिपाहियों ने पुलिस सेवा से संबंधित विभिन्न विषयों को गंभीरता से समझा और एसपी के दिशा-निर्देशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उषा देवी, पति–प्रवीण कुमार, मौजा–पचकठिया, थाना सं.–265, अंचल–शाहकुंड, जिला– भागलपुर (बिहार) स्थित 4.6875 डिसमिल व्यावसायिक भूमि (खाता सं.–302, खेसरा सं.–920) की पूर्ण एवं वैध स्वामिनी हैं। संपत्ति की चौहद्दी: उत्तर–स्कूल, ' दक्षिण–पक्की सड़क, पूर्व–निज विक्रेता, पश्चिम–रज्जाक खान एवं आफताब आलम उक्त संपत्ति को प्रवीण कुमार गुप्ता द्वारा स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में समतुल्य बंधक (Equitable Mortgage) रखने का प्रस्ताव है।

यदि किसी व्यक्ति, सह–स्वामी या विधिक उत्तराधिकारी को इस संपत्ति/बंधक पर कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर अपने प्रमाणिक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समय के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। संपर्क–अधोहस्ताक्षरी: श्री ज्ञान अभिनव (अधिकृत अधिवक्ता) जीवीएस लीगल, 101, विशाल अपार्टमेंट, शिवपुरी, अटल पथ, पटना – 800023, संपर्क: 08956734347

**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**
**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर**
**पूर्न निविदा आमंत्रण की सूचना सं० – 09/2026–27**
**(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि दिनांक :– 08.09.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान :– दिनांक–26.09.2026 को समय 02:00 बजे अप्रा0 कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, नवीनगर
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांकः– 25.09.2026 से दिनांक 05.10.2026 के 03:00 बजे अप्रा0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक :– 05.10.2026 समय 03:00 बजे अप्रा0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–06.10.2026 समय 10:30 बजे पूर्वा0 से
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त ।
8. कार्य की विवरणी – मद :–15th Finance, 6th Finance

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु. में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (onlineके माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड सं0 – 02 में रमजान बिगहा तथा वार्ड सं0 – 10 में पंडा मुहल्ला एवं कुम्हार टोली तथा वार्ड सं0 – 11 में मुरली बेलाई एवं सत्यनारायण सिंह के घर के पास (कोसडिहरा) तथा वार्ड सं0 – 12 में भवानोखाप में नल –जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4315289.00 | 86400.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 2 | वार्ड सं0 – 04 में पाल भवन के पास एवं मध्य विद्यालय के पास तथा वार्ड सं0 – 05 में रामनगर , गुर्दी , कुर्मी पोखरा , जनकपुर पोखरा एवं खरौंधा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4627081.00 | 92600.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 3 | वार्ड सं0 – 06 में शंकरपुर देवी मंदिर के पास एवं महिप बिगहा तथा वार्ड सं0 – 07 में पुरानी पी0एन0बी0 के पास तथा वार्ड सं0– 08 में केदार सेठ के घर के पास तथा वार्ड सं0 – 09 में मंगल बाजार एवं मंसुरी मुहल्ला अम्बेडकर नगर में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4934836.00 | 98700.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 4 | वार्ड सं0 – 14 में शिवराजपुर , जोबे एवं जोबे बिगहा पर नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 3064918.00 | 61300.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |

Note:- Bidders Should Submit Bid Processing Fee Through Online Payment As Per Amount Generated On websitewww.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि :120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR. No. 011452 (B&C) 2026-27

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# मंत्री श्रवण कुमार ने 11 लाख की योजनाओं का किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को नगर परिषद राजगीर के नेकपुर में करीब 11 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन और सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।मंत्री ने नेकपुर के खाता संख्या 167 एवं प्लॉट संख्या 946 में सात लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन तथा बड़का आहर में चार लाख रुपये की लागत से निर्मित सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच गांवों के विकास को प्राथमिकता देने की रही है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के माध्यम से गांवों में बिजली, नल का जल सहित कई बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गई हैं।उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार मिलकर लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। किसानों समेत समाज के सभी वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जीविका के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार सुधार किया जा रहा है। श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का काम किया। पर्यटन स्थलों के विकास के कारण बिहार में देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास को गति देने के साथ लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, वार्ड पार्षद श्याम नारायण प्रसाद, देवेंद्र कुशवाहा, कौशल यादव, अनिल कुमार उर्फ शशि, मुन्ना चौधरी, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर डीडीसी सख्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त सारा अशरफ की अध्यक्षता में मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के सुचारू संचालन और प्रभावी अनुश्रवण को लेकर जिला संचालन समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। नोडल पदाधिकारी सह जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) अर्चना कुमारी ने मिशन शक्ति के तहत संचालित वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, नारी अदालत, संकल्प-हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शक्ति सदन एवं सखी निवास समेत अन्य योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत पालना घर, कौशल विकास, सामाजिक पुनर्वास कोष, कामकाजी महिला छात्रावास, पॉश एक्ट और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की भी समीक्षा हुई। 181 महिला हेल्पलाइन पर दर्ज 65 मामलों में 62 के निष्पादन पर संतोष जताते हुए शेष तीन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया गया। बाल विवाह और छेड़खानी के मामलों में पीड़िताओं को काउंसलिंग एवं मानसिक सहयोग के लिए वन स्टॉप सेंटर रेफर करने को कहा गया। पुलिस लाइन में पालना घर शुरू करने की प्रक्रिया तेज करने, शक्ति सदन व सखी निवास के लिए भवन चयन हेतु पुनः विज्ञापन निकालने तथा दूसरी शादी के बाद छोड़ी गई जरूरतमंद महिलाओं को सामाजिक पुनर्वास कोष से 10 हजार रुपये की सहायता दिलाने का निर्देश दिया गया। पॉश एक्ट के प्रभावी अनुपालन के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने को भी कहा गया।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज निर्माण की कवायद तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा।** प्रखंड क्षेत्र में डिग्री कॉलेज निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होने की उम्मीद जगी है। कॉलेज निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने भोभी गांव पहुंचकर प्रस्तावित कॉलेज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध जमीन, पहुंच पथ और स्थल की अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि भोभी में उपलब्ध जमीन कॉलेज निर्माण के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि भोभी का भौगोलिक स्थान ऐसा है कि यहां डिग्री कॉलेज खुलने से नगरनौसा के अलावा आसपास के कई प्रखंडों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। भोभी में डिग्री कॉलेज बनने से नगरनौसा के साथ हिलसा, करायपरसुराय और थरथरी प्रखंड के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा का अवसर मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में स्नातक की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें समय और आर्थिक खर्च के साथ लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को इसका अधिक सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि स्थल निरीक्षण के बाद कॉलेज निर्माण से जुड़ी अन्य प्रक्रियाओं में भी तेजी लाई जाए। लोगों का कहना है कि डिग्री कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को अपने इलाके में ही पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान डीसीएलआर, बीडीओ ओमप्रकाश, सीओ नेहा कुमारी, बीइओ राजीव रंजन तिवारी, थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, अंचल अमीन, पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार सहित जनप्रतिनिधि और पंचायत के बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

# मोगलकुआं में यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 60 ई-रिक्शा जब्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में सोहसराय थाना क्षेत्र के मोगलकुआं इलाके में यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 60 ई-रिक्शा जब्त किए। कार्रवाई के बाद ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। यातायात पुलिस के अनुसार शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने की शिकायत मिल रही थी। इसके अलावा कई चालक सड़क किनारे या मुख्य मार्ग पर ई-रिक्शा खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे थे। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालान भी काटे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है। बिना जरूरी दस्तावेज ई-रिक्शा चलाने नाबालिग चालक द्वारा वाहन संचालन तथा सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों से सभी आवश्यक कागजात रखने और निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है।

# चार श्रेणियों में कचरा अलग करने की दी गई जानकारी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और लोगों में स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को बिहारशरीफ नगर निगम की ओर से कर्पूरी भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और संबंधित पदाधिकारियों को कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था, संग्रहण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निस्तारण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि घर, दुकान, कार्यालय और संस्थानों से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही चार श्रेणियों में अलग करना जरूरी है। इनमें गीले कचरे में भोजन के अवशेष, फल-सब्जियों के छिलके व फूल, जबकि सूखे कचरे में कागज, प्लास्टिक, धातु और कांच शामिल हैं। इसके अलावा डायपर व सैनिटरी पैड को सैनिटरी कचरा तथा बैटरी, बल्ब, एक्सपायर्ड दवाइयां और पेंट के डिब्बों को स्पेशल केयर कचरे के रूप में अलग रखने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और लोगों को कचरा अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही लैंडफिल पर निर्भरता कम करने और वैज्ञानिक तरीके से कचरा निस्तारण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी उदिता सिंह, नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन, महापौर अनिता देवी, उपमहापौर आईशा शाहीन, प्रशिक्षण फैसिलिटेटर पवन झा सहित नगर निगम के पार्षद एवं जिले के विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पेयजल संकट से मध्याह्न भोजन प्रभावित, पानी ढोने को मजबूर रसोइया

**रहुई।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जगतनंदनपुर में लंबे समय से जारी पेयजल संकट के कारण बच्चों के मध्याह्न भोजन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं रहने से रसोइयों को भोजन तैयार करने, अनाज-सब्जियों की सफाई और बर्तन धोने में काफी परेशानी हो रही है। रसोइया कविता देवी, मीना देवी और संजू देवी ने बताया कि भोजन बनाने के लिए उन्हें विद्यालय से दूर स्थित गांव से सिर पर तसला या डिलीवरी पाइप के जरिए पानी लाना पड़ता है। विद्यालय में कुल 112 बच्चे नामांकित हैं और प्रधानाध्यापक समेत छह शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। शिक्षकों के अनुसार विद्यालय में बच्चों के लिए भी समुचित पेयजल की व्यवस्था नहीं है। पानी की कमी के कारण बच्चों को प्यास बुझाने के लिए बाहर से पानी लाना पड़ता है। छोटे बच्चों के लिए यह समस्या और अधिक परेशानी का कारण बनी हुई है। प्रधानाध्यापक जयप्रकाश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में पेयजल की समस्या एक साल से अधिक समय से बनी हुई है। इस संबंध में प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। डीपीओ (मध्याह्न भोजन) नेहा रानी ने बताया कि चापाकल मरम्मती को लेकर पीएचईडी विभाग को कई विद्यालयों की सूची भेजी गई है। जगतनंदनपुर विद्यालय की समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। अभिभावकों और ग्रामीणों ने तत्काल जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### पैक्स-व्यापार मंडलों के 2551 करोड़ बकाया भुगतान की मांग

**बिहारशरीफ।** धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति कार्यक्रम के तहत पैक्स एवं व्यापार मंडलों के लंबित भुगतान को लेकर नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार चंद्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चैधरी और बिहार राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक अभय झा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य खाद्य निगम को चावल एवं गेहूं की आपूर्ति के बाद अधिकतम तीन दिनों के अंदर पैक्स एवं व्यापार मंडलों को राशि का भुगतान किया जाना है। इसके बावजूद लंबे समय से भुगतान लंबित है। भुगतान नहीं होने से पैक्स एवं व्यापार मंडलों पर केंद्रीय सहकारी बैंक से लिए गए कैश क्रेडिट का ब्याज लगातार बढ़ रहा है। इससे समितियां वित्तीय संकट में हैं और डिफॉल्टर होने की स्थिति में पहुंच रही हैं।प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, नालंदा सहित पूरे बिहार के पैक्स एवं व्यापार मंडलों का चावल मद में करीब 2551.40 करोड़ रुपये, जबकि गेहूं आपूर्ति का करीब 40 करोड़ रुपये बकाया है। मंत्री एवं प्रबंध निदेशक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर कुमार यादव, अविनाश कुमार, सुभाष कुमार सिन्हा, नागेंद्र कुमार, श्रीनिवास, सुधीर कुमार और रामजन्म सिंह शामिल थे।

### ससौर पंचायत सरकार भवन में लगा डाक चैपाल

**सरमेरा।** प्रखंड अंतर्गत ससौर पंचायत सरकार भवन में बुधवार को डाक विभाग की ओर से डाक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में सहायक डाक अधीक्षक भूषण प्रसाद सिन्हा एबीपीएम दीपक कुमारए श्वेत राज, प्रमोद कुमार सहित शेखपुरा डाक अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि डाकघर के माध्यम से बचत खाताए डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा समेत कई वित्तीय और डिजिटल सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज और आवेदन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। चौपाल में पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इससे बच्चों के अभिभावकों को आधार पंजीकरण के लिए दूर जाने की परेशानी से राहत मिली।

## नवादा

# नवादा में खेल प्रतिभाओं का महाकुंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा जिला खेल सम्मान समारोह–2026 का आयोजन भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक गुलशन कुमार की अध्यक्षता में शहर के एक निजी होटल में किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल से जुड़े लोगों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर, विशिष्ट अतिथि रजौली विधायक विमल राजवंशी, हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह बिहार फ्लैग फुटबॉल संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर शरण, बिहार क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष गोपाल बोहरा, भाजपा नेता शशि भूषण बबलू, एबीवीपी के अभय राणा एवं अरविन्द कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद एवं खेल जगत की महान हस्ती मेवालाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि नवादा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नवादा का नाम रोशन किया है। जरूरत है कि इन प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण, खेल मैदान, खेल सामग्री और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपने खेल पर ध्यान देने की अपील की। सांसद ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करता है। नवादा के युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सांसद विवेक ठाकुर ने घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष के अंत में नवादा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस खेल महोत्सव के माध्यम से जिले के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रयास रहेगा कि नवादा की खेल प्रतिभाओं को जिला स्तर से आगे बढ़ाकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक उचित मंच मिले। रजौली विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नवादा के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों और खेल संगठनों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

# राज्यस्तरीय सीनियर-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने लिया भाग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर।** राज्यस्तरीय सीनियर-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें श्री कृष्णा एकेडमी विद्यालय तेयार के शारीरिक शिक्षक लालू शंकर की अगुवाई में विद्यार्थियों ने भी भाग लिया आज सभी विद्यार्थियों को खेल सर्टिफिकेट स्कूल के प्राचार्य चंद्रिका राय जी के द्वारा विद्यार्थियों को वितरण किया गया है इस मौके पर स्कूल निदेशक डॉक्टर सुनीति कुमार, स्कूल प्राचार्य चंद्रिका राय, शारीरिक शिक्षक लालू शंकर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना तथा उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। चैंपियनशिप में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गई। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने अंतिम क्षण तक जीत के लिए पूरा जोर लगाया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों के साथ उनके प्रशिक्षक लालु शंकर अभिभावक और खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायकों ने नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष तरीके से परिणाम घोषित किए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र पाने वाले छात्र अमित कुमार यादव अभिषेक कुमार,अंकित शर्मा, चंदन कुमार, प्रिंस कुमार रवि कुमार खेल शिक्षक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। राज्यस्तरीय मंच पर प्रदर्शन करने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरणा मिलती है।

# नवादा में केंद्रीय विद्यालय का हुआ उद्घाटन, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी








नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलेवासियों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार बुधवार को पूरी हो गई। नवादा में केंद्रीय विद्यालय का विधिवत उद्घाटन सांसद विवेक ठाकुर ने किया। केंद्रीय विद्यालय का संचालन फिलहाल नवादा के कन्हाई इंटर विद्यालय के प्रांगण में स्थित एक भवन से शुरू किया गया है। उद्घाटन के साथ ही कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई शुरू हो गई। विद्यालय शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए नवादा में पिछले करीब 22 वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस दिशा में जिले के कई पूर्व सांसदों ने भी पहल की। तत्कालीन सांसद डॉ. संजय पासवान, स्वर्गीय भोला सिंह, गिरिराज सिंह और चंदन सिंह के प्रयासों के बाद वर्तमान सांसद विवेक ठाकुर ने इस मांग को मूर्त रूप देने में सफलता हासिल की। लंबे इंतजार के बाद केंद्रीय विद्यालय का उद्घाटन होने से नवादा के लोगों में उत्साह का माहौल है। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे, सदर एसडीओ अमित अनुराग, रजौली विधायक विमल राजवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शिक्षक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों ने केंद्रीय विद्यालय के शुभारंभ को जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि नवादा में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत जिले के लिए ऐतिहासिक अवसर है। यह विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नवादा के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे जिले के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा का अवसर मिलेगा।

विद्यालय में फिलहाल कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई शुरू की गई है। आने वाले समय में विद्यालय का विस्तार होने की उम्मीद है। केंद्रीय विद्यालय के शुरू होने से सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत अभिभावकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। केंद्रीय विद्यालय के उद्घाटन के साथ ही नवादा में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। वर्षों से चली आ रही मांग के पूरा होने पर जिलेवासियों ने सांसद विवेक ठाकुर और इस दिशा में प्रयास करने वाले सभी पूर्व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# रजौली पुलिस की कार्रवाई में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में रजौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 125 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को पूरी तरह शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पहवाचक गांव में भारी मात्रा में देशी महुआ शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एएसआई मनोरंजन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने पहवाचक गांव में घेराबंदी कर एक संदिग्ध बाइक को रोका। तलाशी के दौरान होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर02एक्यू8868 पर प्लास्टिक के गैलन में रखे 125 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। मौके से पुलिस ने पहवाचक गांव निवासी महेश यादव के पुत्र अमर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने शराब तस्करी की बात स्वीकार की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब और बाइक को थाने लाया गया है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, किसी भी सूरत में थाना क्षेत्र में शराब के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### 20 साल का रिकॉर्ड तोड़कर राज आर्यन ने रचा इतिहास



**नवादा।** जिले के प्रतिभाशाली नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी राज आर्यन ने अपनी शानदार उपलब्धि से बिहार सहित नवादा जिले का नाम रोशन किया है। पत्रकार अरविन्द सिंह के पुत्र राज आर्यन ने भुवनेश्वर में आयोजित योनेक्स सनराइज ईस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़कर खिताब अपने नाम किया। राज आर्यन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नवादा में आयोजित जिला खेल सम्मान समारोह-2026 में उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन होटल बुद्धा रेसिडेंसी में किया गया, जहां नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी राज आर्यन और उनके पिता एवं पत्रकार अरविन्द सिंह को मेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज आर्यन की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें नवादा की खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। वहीं, बेटे की इस उपलब्धि पर उनके पिता अरविन्द सिंह ने भी खुशी जाहिर की। राज आर्यन की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि नवादा की धरती पर प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन, मेहनत और अवसर मिले तो जिले के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

### दरावां ग्राम कचहरी के सरपंच के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड अंतर्गत दरावां ग्राम कचहरी के सरपंच अर्जुन साव का मंगलवार की देर रात पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे तथा हृदय एवं मधुमेह संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अर्जुन साव अपने पीछे पत्नी,एक पुत्री एवं तीन पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे काफी मिलनसार, हंसमुख एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। ग्रामीणों के बीच उनकी अच्छी पकड़ थी। वे लगातार दो बार दरावां ग्राम कचहरी के सरपंच निर्वाचित हुए थे। उनके निधन को पंचायत एवं क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। सरपंच अर्जुन साव के निधन पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अर्जुन साव के निधन से पंचायती राज व्यवस्था को क्षति पहुंची है।

### नवादा प्रीमियर लीग खिलाड़ियों का हुआ ऑक्शन

**नवादा।** जिला क्रिकेट संघ नवादा के तत्वाधान में नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम में नवादा के युवा क्रिकेटरों के लिए नवादा प्रीमियर लीग खिलाड़ियों की ऑक्शन की गई। इस प्रीमियर लीग में नवादा की कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया है जिसमें नवादा राइडर्स, नवादा टाइटल्स, नवादा स्टार्स, नवादा किंग नवादा बैरियर्स एवं नवादा रॉयल्स की टीम में एक दूसरे से भिड़ेगी ।इस नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी नवादा के यीशु कुमार को 5700 में खरीदा जबकि मनीष कुमार को 4700 मिले । के रेहान अंजर को 4700 की बोली लगी ।उसके साथ ही योगेश पटेल 4200 अनुराग आनंद 32 00 आरुष 33 एवं सचिन गुप्ता को 4000 में खरीदा गया। नीलामी ऑक्शन में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी यीशु कुमार रहे जो बिहार का प्रतिनिधित्व किया है उसे नवादा स्टार्स की टीम ने 5700 में खरीदा। इस नीलामी में टीम के मालिक एवं उनके कप्तान ने हिस्सा लिया। जिसमें नवादा टाइटंस टीम के ओनर निशा कुमारी नवादा राइडर्स के डॉक्टर महेश कुमार नवादा तारा के दिनेश कुमार नवादा किंग्स के ओनर विवेक कुमार नवादा बैरियर्स के ओनर सूरज कुमार जबकि नवादा रॉयल्स के ओनर सुभाष कुमार ने नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सभी टीमों को25000 के राशि के अंदर खिलाड़ियों को खरीदनी थी। सभी टीमों ने सफलतापूर्वक 15 खिलाड़ियों का अपने-अपने टीम में चयन किया।

# पितृपक्ष मेला को लेकर बोधगया में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

## श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए वाहन परिचालन, नो-एंट्री, डायवर्जन एवं पार्किंग की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** आगामी पितृपक्ष मेला-2026 के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के गया बोधगया आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बोधगया क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। मेला अवधि 25 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक महाबोधि मंदिर परिसर, कालचक्र मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए बड़े वाहनों के प्रवेश, नो-एंट्री, रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग तथा वाहन पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध नोड-01 से महाबोधि मंदिर एवं कालचक्र मैदान की ओर बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। एसबीआई मोड़ से महाबोधि मंदिर की ओर बिना पास के किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वर्मा मोड़ की तरफ से भी महाबोधि मंदिर की ओर बिना पास के किसी वाहन का प्रवेश नहीं होगा। पितृपक्ष मेला अवधि 25.09.2026 से 10.10.2026 तक मंदिर परिसर, कालचक्र मैदान एवं आसपास आयोजित कार्यक्रमों के दौरान एम्बेसी मोड़ एवं वर्मा मोड़ की ओर से सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में छोटे वाहन एवं मोटरसाइकिल एम्बेसी मोड़ से बायें मुड़कर उत्तर दिशा की ओर सुजाता बाईपास रोड होते हुए राजापुर एवं अन्य स्थानों की ओर जाएंगे। इसी प्रकार वर्मा मोड़ की ओर से छोटे वाहन एवं मोटरसाइकिल राजापुर होते हुए अन्य स्थानों की ओर जाएंगे। राजापुर मोड़ से दक्षिण बोधगया की ओर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। हालांकि जिन बड़े वाहनों को पच्छहट्टी मोड़ से सुजातागढ़ की ओर नदी पार कर जाना है, उन्हें पच्छहट्टी मोड़ से सुजातागढ़ की ओर जाने की अनुमति रहेगी। वर्मा मोड़ से महाबोधि मंदिर की ओर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**वाहनों के रूट डायवर्जन की व्यवस्था**

घूघरी टॉड रिवर साइड से आने वाले वाहन राजापुर मोड़ से मुड़कर सुजाता बाईपास होते हुए नोड-01 अथवा दोमुहान की ओर जाएंगे। वहीं दोमुहान एवं नोड-01 से आने वाले वाहन राजापुर मोड़ से रिवर साइड रोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। इसके अतिरिक्त, एम्बेसी मोड़ से वर्मा मोड़ के बीच किसी भी अनावश्यक वाहन को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही पार्क करना अनिवार्य होगा। श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा तथा यातायात को नियंत्रित रखने के लिए निम्न प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। वर्मा मोड़ के पास महाबोधि मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर, चिल्ड्रेन पार्क के सामने पश्चिम महाबोधि मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर, एम्बेसी मोड़ के पास, विरला धर्मशाला के पास, पच्छहट्टी मोड़ के पास, म्यूजियम के पास, मोसा मोड़ के पास, महाबोधि सोसाइटी के पास (श्रीलंका मोनेस्ट्री) विरला धर्मशाला जाने वाली सड़क के मोड़ पर, पानी टंकी के पास बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट की व्यवस्था रहेगी, बांग्लादेश मोनेस्ट्री के पास भी यातायात नियंत्रण की व्यवस्था रहेगी, कालचक्र मैदान के गेट संख्या-5, गेट संख्या-8 एवं गेट संख्या-9 के आसपास भी आवश्यक यातायात नियंत्रण एवं बैरिकेडिंग की जाएगी।

## मां तारा महोत्सव का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया शहर के गोल पत्थर मोड़ स्थित मां तारा मंदिर में गुरुवार को मां तारा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव का आयोजन इस बार गया जिले और गया शहर के लोगों के सहयोग एवं विश्वास से व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान मां तारा की विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन होगा। इसके अलावा मां को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मां तारा के चरणों की सेवा और दर्शन की विशेष व्यवस्था रहेगी। शाम में मां तारा की भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। मां तारा महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई हैं। आयोजकों का कहना है कि महोत्सव का उद्देश्य मां तारा के प्रति श्रद्धा और आस्था को मजबूत करने के साथ श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना का अवसर उपलब्ध कराना है। महोत्सव की जानकारी वास्तु परामर्शक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने दी।

## आहर में नहाने के दौरान डूबे वार्ड सदस्य पति की मौत

### बीडीओ-सीओ नहीं पहुंचे तो भड़के ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के कस्तूरीखाप गांव में मंगलवार दोपहर आहर में नहाने के दौरान वार्ड सदस्य फुलवा देवी के पति की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राम ईश्वर चंद्रवंशी (65), पिता स्व. सहदेव सिंह के रूप में हुई है। वे पेशे से चालक थे। घटना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। सूचना पर आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय मौके पर पहुंचे। मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू, मो. आकिब आलम, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, पूर्व सरपंच ज्योति यादव समेत हजारों ग्रामीण जुटे थे। ग्रामीणों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। थानाध्यक्ष ने शाम 5 बजे एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। टीम रात 10:10 बजे मौके पर पहुंची और रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 11:45 बजे शव बरामद कर लिया गया। शव देखते ही परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। मृतक के एक पुत्र निरंजन कुमार और पांच पुत्रियां हैं। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम कराया उसके बाद स्वजनों को सौंपा। इधर घटना के बाद बीडीओ और सीओ के मौके पर नहीं पहुंचने और एसडीआरएफ टीम द्वारा पेट्रोल मांगने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया।

## ओझा-गुनी के शक में पिता की हत्या का आरोप बेटे पर, जंगल में शव जलाने का दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** जिस बेटे को पिता ने बचपन में उंगली पकड़कर चलना सिखाया, आज उसी बेटे पर अपने पिता की जान लेने का गंभीर आरोप लगा है। मामला इमामगंज प्रखंड की दुभहल पंचायत के कुइवार गांव का है। यहां कथित तौर पर ओझा-गुनी और जादू-टोना करने के शक में रामदास रजक की हत्या का आरोप उनके छोटे बेटे राजकुमार रजक पर लगा है। वहीं घटना के बाद शव को ठिकाने लगाए जाने की बात सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस शव और घटना से जुड़े साक्ष्यों की तलाश में जुटी है। रामदास रजक की पत्नी फूल कुमारी देवी ने अपने छोटे बेटे राजकुमार पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। परिवार के मुताबिक पिता-पुत्र के बीच ओझा-गुनी और जादू-टोना को लेकर विवाद चल रहा था। पत्नी का आरोप है कि इसी शक ने उनका परिवार उजाड़ दिया जिस बेटे को पाल-पोसकर बड़ा किया, आज उसी पर उनका सुहाग छीनने का आरोप है। बेटी तेतरी देवी ने भी अपने छोटे भाई राजकुमार पर पिता की हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में रामदास रजक की बहू प्रमिला देवी ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रमिला का दावा है कि घटना उनकी आंखों के सामने हुई।

## मगध विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ट्रायल आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज में अकादमिक गतिविधियों के साथ खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में कॉलेज की ओर से गांधी मैदान स्टेडियम में मगध विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये




खिलाड़ी भविष्य की खेल प्रतिभाएं हैं। आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर वे अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने फुटबॉल को व्यायाम का एक अच्छा माध्यम बताते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन काउंसिल अशफाक अली एवं शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने ट्रायल के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ट्रायल में सैयद नियाजउद्दीन, प्रधानाध्यापक, आजाद हाईस्कूल, मुख्य चयनकर्ता रहे। चयन समिति में डॉ. मो. अब्दुल कैसर, खेल शिक्षक हादी हाशमी, प्लस टू स्कूल गया, मो. इसरार उल हक, पूर्व सब इंस्पेक्टर, झारखंड तथा खतीब अहमद, सचिव, फुटबॉल एसोसिएशन गया सह वरिष्ठ पार्षद, गया नगर निगम, शामिल रहे। मैच में रेफरी की भूमिका सेवानिवृत्त बिहार बिजली बोर्ड कर्मी शमीम अहमद ने निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ. जुफैल हसन, डॉ. मो. सफदर अली सहित विभिन्न खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ. अकरम वारिस ने दी।

## आहर निर्माण में अनियमितता का आरोप, किसानों ने जांच व कार्रवाई की मांग की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम करमडीह में आहर निर्माण कार्य में कथित अनियमितता को लेकर किसानों में नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि राजस्व ग्राम करमडीह में एनएच-19 से उत्तर दिशा में स्थित आहर की करीब 9 से 10 माह पूर्व मिट्टी की कटाई की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि आहर के पिंड को काटकर अब तक छोड़ दिया गया है जिससे बारिश का पानी आहर में जमा नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर किसानों की सिंचाई व्यवस्था पर पड़ रहा है जिससे किसान काफी परेशान है। शिकायतकर्ता किसान प्रेम कुमार, राम कृपाल यादव, रामेश्वर यादव और सुरेश कुमार ने बताया कि संबंधित योजना की प्रशासनिक स्वीकृति करीब 95.72 लाख रुपये की है जो लघु सिंचाई संसाधन विभाग गया द्वारा कार्य किया जा रहा था। इसके बावजूद कार्य में कथित लापरवाही से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने स्थानीय प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जल्द से जल्द आहर का काम पूरा कराने तथा दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# सात दिन बाद आमरण अनशन खत्म, बीइओ के खिलाफ जांच कमेटी गठित

## सांसद-विधायक की मौजूदगी में अनशनकारी ने तोड़ा अनशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बीईओ के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार का सात दिनों से चल रहा आमरण अनशन बुधवार को समाप्त हो गया। सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद उन्होंने जूस पीकर अनशन तोड़ा। बुधवार को औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा और टिकारी विधायक अजय दांगी प्रखंड परिसर पहुंचे। उनके साथ अपर समाहर्ता परितोष और एसडीएम प्रवीण कुंदन भी मौजूद थे। अधिकारियों के साथ किशोर कुमार की मैराथन वार्ता हुई। किशोर कुमार ने बीईओ डॉ. अभय कुमार रमण पर वित्तीय



अनियमितता, सरकारी राशि के गबन और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उनकी मांग निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की थी। वार्ता में प्रशासन ने बीईओ के खिलाफ विशेष जांच कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को सौंपी जाएगी और कार्रवाई से संबंधित पत्र बुधवार शाम तक जारी कर दिया जाएगा। आश्वासन के बाद सांसद, विधायक, एडीएम और एसडीएम ने संयुक्त रूप से किशोर को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# पितृपक्ष मेला को लेकर बोधगया में तैयारी तेज, डॉ. प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को बोधगया अतिथि गृह में कार्यपालक पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बिजली, पेयजल, स्वच्छता, यातायात, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, सड़क, शौचालय, हरियाली तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन गया एवं बोधगया में होता है। इसके अलावा दक्षिण भारत से प्रतिदिन लगभग 2,000 से 3,000 श्रद्धालु एवं पर्यटक बोधगया पहुंचते हैं और फरवरी माह तक तीर्थयात्रियों का निरंतर आगमन बना रहता है। ऐसे में बोधगया में



श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। बैठक में बिजली आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा मेला अवधि में पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जहां प्रकाश व्यवस्था में कमी है, वहां मरम्मत एवं आवश्यक व्यवस्था का कार्य जारी है। अंचलाधिकारी ने बताया कि परिमार्जन एवं दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है तथा शेष कार्यों को अगले एक माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 73 भूमिहीन गरीब परिवारों को आवास निर्माण के लिए तीन-तीन डिसमिल भूमि उपलब्ध करा दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य में लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी गई।

## करंट से महिला की मौत, मोबाइल चार्जर निकालने के दौरान हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के तिनेरी पंचायत में बुधवार दोपहर करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान तिलेश्वरी देवी उर्फ शांति देवी (46), पति बीरेंद्र यादव के रूप में हुई है। बीरेंद्र यादव सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व पैक्स उम्मीदवार हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अमृत यादव ने बताया कि महिला घर में मोबाइल चार्ज कर रही थी। चार्ज होने के बाद बोर्ड से चार्जर निकालने के दौरान पास में कटे हुए नंगे तार की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें रफीगंज सीएचसी पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई. निविदा सं. :** पूमरे—मुप्रअ—नि—द—ईपीसी—01—26—27, **क्र.सं.:** 1, **कार्यों के नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में सोननगर—अंडाल 3rd और 4th लाइन परियोजना के तहत कोडरमा डिटूर सेक्शन में ch. 158.00 से ch. 184.00 तक डीएफसीसी (DFCC) लोडिंग हेतु नई दोहरी लाइन (Double Line) ट्रैक के निर्माण के लिए वायडक्ट्स, आरओआर/आरएफओ (ROR/RFO), बड़े पुल, छोटे पुल, एनिमल अंडरपास, आरयूबी/एलएचएस (RUB/LHS), सुरंग/कट—कवर, अर्थवर्क, ब्लैंकेटिंग, ट्रॉली रिफ्यूज, टर्फिंग, भवन, रिटेनिंग वॉल, टो वॉल आदि एवं अन्य संबद्ध कार्यों का ईपीसी (EPC) मोड पर निर्माण कार्य।, **अंकलित मूल्य (रू.) :** रू. 4039,74,86,344.03, **निविदा फार्म का मूल्य (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 1600 दिन, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 05.01.2027, 15:30 बजे।
**क्र.सं.:** 5, ऐसी ई—निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई—निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन / संशोधन/सुधार केवल IREPS की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0884/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/नि./टी/26-27/52

## हजरत मखदूम शाह का उर्स संपन्न, अमन-चैन की मांगी दुआ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड की चबुरा पंचायत के राजा बिगहा गांव में मंगलवार रात हजरत मखदूम शाह रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पर फैजान औलिया कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने अमन, भाईचारा और देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। उर्स पर सांसद अभय कुशवाहा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी विशेष दुआ की गई। कार्यक्रम में टिकारी विधायक अजय दांगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहन यादव, पूर्व मुखिया अमित कुमार यादव, काबर मुखिया प्रतिनिधि अवधेश दास सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। वक्ताओं ने हजरत मखदूम शाह की शिक्षाओं का जिक्र करते हुए प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। आयोजन में अध्यक्ष मो. सिराज अंसारी, सचिव अब्दुल वहाब, कोषाध्यक्ष मो. जाकिर हुसैन समेत कमेटी के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी की आवश्यक बैठक टिकारी में एक निजी भवन में किया गया। आहूत बैठक में प्रदेश के निर्देश पर गया जी पश्चिमी अंतर्गत पांच विधानसभा क्रमश बाराचट्टी, इमामगंज, शेरघाटी, गुरूआ, टिकारी का विधानसभा प्रभारी अंतर विधानसभा अंतर्गत किया गया। वही गया जी पश्चिमी अंतर्गत कुल 27 मंडल में मंडल प्रभारी का मनोनयन किया गया। प्रदेश से निर्देशित देश के प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेंद्र भाई मोदी जी की जन्मदिवस पर दिनांक 17 सितंबर से आगामी 17 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में कही स्वच्छता अभियान, कही अस्पताल, अनुसूचित टोला में फल वितरण के साथ-साथ आम जनमानस में केंद्र व राज्य स्तरीय लाभकारी योजना से अवगत कराना आदि कार्य पर चर्चा किया गया। हाल फिलहाल संत शिरोमणि रविदास जी का जनस्थली का मिट्टी जो आया है उसे हर कस्बा में बाजे गाजे के साथ वितरण करना पर भी चर्चा किया गया।

## गयाजी में बिहार राज्य खादी बोर्ड की जमीन पर खादी-सूती मॉल का निर्माण हो : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के गयाजी-बोधगया रोड में घुघडीटांड बाईपास आई टी आई, पालीटेक्निक के सामने बिहार राज्य खादी बोर्ड के परती जमीन पर खादी-सूती कपड़े का बहुमंजिला मॉल बनाने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सरकार से किया है। मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, इंटक जिला महासचिव टिंकू गिरी, जमुना लाल पटवा, टेकलाल तांती आदि ने कहा कि गया जी का मानपुर जो सूती, हैंडलूम कपड़े का प्रसिद्ध केंद्र है तथा गया जी में ही ग्राम निर्माण मंडल के कारण यहां सूती, हैंडलूम, खादी कपड़ा का मुख्य व्यवसायिक केंद्र बनाने हेतु सूती खादी मॉल की नितांत आवश्यकता है। नेताओं ने कहा 2024 में तत्कालीन जिला अधिकारी त्याग राजन जी ने बिहार राज्य खादी बोर्ड के जमीन पर सूती कपड़ा मॉल बनाने की घोषणा की थी, परंतु अभी तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। नेताओं ने कहा कि बिहार राज्य खादी बोर्ड के जमीन की चहारदीवारी तोड़ कर स्थानीय लोगों द्वारा कई जगह खादी बोर्ड के जमीन को कब्जा करने का सिलसिला जारी है। नेताओं ने कहा कि खादी-सूती वस्त्र के बहुमंजिला मॉल बनने से यहां के हजारों, हजार बुनकर, पटवा, तांती समाज के लोगों को काफी सहूलियत होगी, एकीकृत समान बिकने का व्यवसायिक केंद्र बनने से लोगों का आमदनी बढ़ेगी।

## दिवंगत शिक्षक के परिवार को 75 हजार की सहायता, ट्रस्ट ने सौंपा चेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मध्य विद्यालय बाली के प्रधानाध्यापक देवदत्त तिवारी के निधन के बाद डिस्ट्रिक्ट टीचर वेलफेयर ट्रस्ट ने उनके परिवार को 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव अरविंद कुमार समेत प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पटना के शिवपुरी कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर पत्नी आराधना तिवारी और पुत्री अपराजिता को चेक सौंपा।

### सेंधमारी कर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**आमस।** थाना क्षेत्र के नवगढ़ गांव में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने घर की दीवार में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित अमित उर्फ सिक्कू यादव के अनुसार चोर करीब एक लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, जमीन का केवाला समेत अन्य कीमती सामान ले गए। बुधवार की अहले सुबह घर में सामान बिखरा और दीवार में सेंधमारी देखकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

# जिले में प्रवेश करने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख सड़कों की युद्धस्तर पर मरम्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के सफल आयोजन तथा देश-विदेश से गया आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया जिले में प्रवेश करने वाली राष्ट्रीय राजमार्गों सहित प्रमुख संपर्क एवं मेला क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा पितृपक्ष मेला की तैयारियों के क्रम में सड़कों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से विभिन्न मार्गों का स्वयं निरीक्षण कर सड़क की स्थिति, मरम्मत कार्य की प्रगति एवं श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पथ निर्माण



विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े विभागीय कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी सड़कों की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया है कि अगले 10 दिनों के अंदर संबंधित क्षेत्रों की सभी प्रमुख एवं संपर्क सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि पितृपक्ष मेला के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग-82 के स्तर से गया जिले में प्रवेश करने वाले एवं शहर से जुड़ने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर मरम्मत कार्य में तेजी लाई गई है। निर्माणाधीन मुफस्सिल फ्लाईओवर के दोनों ओर की सर्विस लेन, जगजीवन कॉलेज की ओर जाने वाली सड़क, पटवा टोली की ओर जाने वाली सड़क, मुफस्सिल थाना होते हुए प्रखंड कार्यालय, मानपुर जाने वाली सड़क सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों की आवश्यक मरम्मत कराई गई है। इन मार्गों की मरम्मत एवं सड़क सतह को दुरुस्त किए जाने से पितृपक्ष मेला के दौरान गया आने वाले तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही, प्रमुख प्रवेश मार्गों पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए सड़क, यातायात, साफ-सफाई, जल निकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लें तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि पितृपक्ष मेला के दौरान गया पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जिले की सीमा में प्रवेश करने से लेकर मेला क्षेत्र एवं प्रमुख पिंडवेदी स्थलों तक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराया जा सके।

**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट/ ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health(SR)/2026(II)/03 दिनांक- 09.09.2026**

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health(SR)/2026(II)/01 एवं 2026/02 दिनांक-24.08.2026 के क्रम में सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि राज्य के चिकित्सा / दन्त चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों के कतिपय विभागों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु पैनल निर्माण के लिए सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ अभ्यर्थीहित में निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

**सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति - 2026(II) से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण विस्तारित तिथियाँ :-**

(i) Online Registration Closing Date ............ : **15.09.2026 (10.00 P.M.)**
(ii) Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate ............ : **15.09.2026 (11.59 P.M.)**
(iii) Online Editing of Application ............ : **16.09.2026 (11.59 P.M.)**
(iv) Date of Publishing of Document Verification Programme ..... : **18.09.2026**

2. उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन सं.-BCECEB/Health(SR)/2026(II)/01 दिनांक- 24.08.2026 की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

**नोडल पदाधिकारी**

संपादकीय

# अवैध शराब ने निगली जानें

सागर जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 22 लोगों की मौतों ने मध्यप्रदेश में अवैध शराब माफिया और भ्रष्ट सरकारी तंत्र के गठजोड़ की कलई एक बार फिर खोल कर रख दी है। पीड़ितों ने शराब के नाम पर जो जहर का पिया था, वह इतना खतरनाक था कि पीने वालों के शरीर नीले पड़ गए। इस हादसे ने समूचे प्रशासन और सरकार को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक 30 आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। बंडा थाने में 20 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है, जिनमें से 10 को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। विनायक थाने में भी 10 आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया है। इतना बड़ा हादसा होने के बाद अब पुलिस जिले में अवैध शराब के निर्माण, सप्लाई और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। शराब के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस की टीमें कई जगह छापेमारी कर रही हैं। साथ ही लापरवाही पर आबकारी-पुलिस विभाग के 5 अधिकारी सस्पेंड किए गए हैं। इनमें सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते, बंडा के आबकारी उप निरीक्षक रोशनी उरेते, गूगरा चौकी प्रभारी एएसआई पूरन सिंह और बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा शामिल हैं। संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरज श्रीवास्तव को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है। इस बीच मुख्यामंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि इस गंभीर घटना के दोषियों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। उधर राज्य के डिप्टी सीएम एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समीक्षा बैठक में कहा कि इस अवैध शराब कांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में शराब में मेथेनॉल की मिलावट सामने आई है, जिसके स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। प्रशासन ने एहतियातन क्षेत्र की 7 शराब दुकानों को सील किया गया है। इनमें बरेठी, बंडा, शाहगढ़, मगरधा, विनायका, दलपतपुर और बरायठा की दुकानें शामिल हैं। जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल के अनुसार मामला नौरोजा और घुघरा खुर्द गांव का है। वहां शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे जहरीली शराब पीने से लोगों के बीमार होने की सूचना मिली। इसके बाद प्रभावित गांवों में मेडिकल टीमों ने स्क्रीनिंग शुरू की। लक्षण मिलने पर उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज और भोपाल भेजा गया है। प्रशासन को यूपी के ललितपुर से इस जहरीली शराब की सप्लाई होने का शक है। उधर विपक्षी कांग्रेस ने इस हादसे के लिए मोहन यादव सरकार पर हमला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र में शराब माफिया का राज है। जहरीली शराब का कारोबार सरकार के संरक्षण में चल रहा है। हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। वैसे मप्र में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की यह कोई पहली घटना नहीं है। अव्वल तो शराब पीना ही बुरी बात है। लेकिन पीने वालों को पैसे देकर भी मिलावटी शराब मिले तो यह समूचे प्रशासन तंत्र पर सवालिया निशान लगाता है। जिन राज्यों में शराब बंदी लागू है, वहां ऐसी शराब तस्करी के जरिए पहुंचाई जाती है। लेकिन मप्र में तो शराब का उत्पादन और बिक्री सरकार की निगरानी में होती है। फिर भी शराब माफिया इतने बेखौफ कैसे हैं? बताया जा रहा है कि सागर में यह जहरीली शराब खुद एक भाजपा नेता सप्लाई कर रहा था। आरोपी एक पंचायत का सरपंच है। जाहिर है कि प्रदेश में अवैध शराब सप्लाई का पूरा गठजोड़ काम कर रहा है। इसका शिकार ज्यादातर गरीब लोग हो रहे हैं, क्या सरकार इसे सचमुच गंभीरता से लेगी?

# चरखे से रुपहले पर्दे तक: खादी और हिंदी सिनेमा का सफर



**अविनाश कुमार झा**

जब सिनेमा के विशाल रुपहले पर्दे पर कोई किरदार खादी के कुर्ते, धोती या साड़ी में दिखाई देता है, तो वह केवल एक पोशाक नहीं होती। उसके पीछे इतिहास, संघर्ष, स्वदेशी चेतना, श्रम की गरिमा और भारतीयता की एक पूरी कहानी छिपी होती है। खादी ने जहाँ चरखे की घरघराहट के बीच स्वतंत्रता, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया, वहीं सिनेमा ने रुपहले पर्दे के माध्यम से भारतीय समाज की धड़कनों, आकांक्षाओं और बदलते समय की तस्वीर को करोड़ों दर्शकों तक पहुँचाया।

एक ओर चरखा था और दूसरी ओर कैमरा। दोनों ने अपने-अपने ढंग से भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसलिए खादी और सिनेमा का संबंध केवल वस्त्र और मनोरंजन का संबंध नहीं है। यह भारतीय इतिहास, संस्कृति, राजनीति, सामाजिक चेतना और बदलती जीवनशैली के बीच विकसित हुए एक दिलचस्प संवाद की कहानी है।

**खादी वस्त्र से कहीं आगे है, इसका :** भारतीय इतिहास में खादी का महत्व असाधारण है। महात्मा गांधी ने इसे महज कपड़े के रूप में नहीं देखा, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन के सामाजिक और आर्थिक हथियार के रूप में अपनाया। चरखा और खादी विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के प्रतीक बने। गांधी जी के लिए चरखा केवल सूत कातने का साधन नहीं था । वह ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित करने और आम आदमी को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का माध्यम भी था।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में खादी पहनना अपने आप में एक राजनीतिक और सामाजिक वक्तव्य था। यह सादगी, त्याग, देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण की भावना से जुड़ गया। नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के परिधान के रूप में खादी ने एक ऐसी दृश्य पहचान बनाई, जिसे आज भी भारतीय जनमानस आसानी से पहचान लेता है।

खादी की सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि उसने कपड़े को विचार में बदल दिया। सूत का प्रत्येक धागा स्वदेशी, श्रम और आत्मनिर्भरता की कहानी कहने लगा।

हिंदी सिनेमा समाज का चलता-फिरता आईना है ।

हिंदी सिनेमा ने समाज की बदलती तस्वीर को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता, गरीबी, सामाजिक असमानता, ग्रामीण जीवन, किसान, मजदूर, राष्ट्रवाद, राजनीतिक संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषय फिल्मों के इस सशक्त माध्यम से जनमानस तक पहुँचे।

सिनेमा की शक्ति केवल कहानी कहने में नहीं, बल्कि दृश्य प्रतीकों के निर्माण में भी है। पोशाक, भाषा, परिवेश और पात्रों की जीवनशैली दर्शकों के मन में किसी विशेष विचार या वर्ग की पहचान बना देती है। इसी संदर्भ में खादी हिंदी सिनेमा की एक महत्वपूर्ण दृश्य भाषा बन गई।

खादी पहने व्यक्ति को अक्सर सादगी, ईमानदारी, त्याग, जनसेवा या राजनीतिक चेतना से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। हालांकि समय के साथ इस प्रतीक का अर्थ भी बदला। जो खादी कभी स्वतंत्रता सेनानी की पहचान थी, वही आगे चलकर राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति की पोशाक बन गई।

यानी खादी ने सिनेमा में केवल कपड़े का रूप नहीं लिया, उसने चरित्र की सामाजिक और वैचारिक पहचान को व्यक्त करने का काम किया।

**गांधी और खादी का रुपहला रिश्ता –** हिंदी सिनेमा में महात्मा गांधी और गांधीवादी मूल्यों के चित्रण के माध्यम से खादी की उपस्थिति विशेष रूप से दिखाई देती है। रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' (1982) इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। फिल्म में स्वतंत्रता आंदोलन, सत्याग्रह और गांधी के जीवन-दर्शन को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया गया है। गांधी का सादा पहनावा और खादी उनके विचारों, जीवनशैली तथा आम भारतीय जनता से उनके गहरे जुड़ाव को दृश्य रूप प्रदान करता है।

इसी प्रकार 'शहीद' (1965) जैसी फिल्मों में स्वतंत्रता संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का भाव प्रमुखता से सामने आता है। ऐसे सिनेमा में भारतीय वेशभूषा और खादी उस दौर की राष्ट्रीय चेतना को दृश्य रूप देती है।

'सरदार' (1993) में भी स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रनिर्माण की पृष्ठभूमि में उस समय की राजनीतिक-सामाजिक संस्कृति को देखा जा सकता है। खादी यहाँ उस युग की सार्वजनिक और राजनीतिक पहचान के महत्वपूर्ण संकेतों में से एक है।

इन फिल्मों के माध्यम से नई पीढ़ियों ने स्वतंत्रता आंदोलन के उन दृश्यों को देखा, जिनमें खादी केवल पहनी नहीं जाती थी, बल्कि वह एक विचार का प्रतिनिधित्व करती थी।

**गांधीवादी विचारों की आधुनिक वापसी:** खादी और सिनेमा का रिश्ता केवल ऐतिहासिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। गांधीवादी विचारों को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने वाली 'लगे रहो मुन्नाभाई' (2006) ने गांधी को इतिहास की किताबों से निकालकर समकालीन जीवन में पुनः स्थापित किया।

फिल्म में सत्य, अहिंसा, नैतिकता और मानवीय व्यवहार जैसे गांधीवादी मूल्यों को आधुनिक परिस्थितियों के साथ जोड़ा गया। यहाँ गांधी की प्रासंगिकता किसी पुराने दौर की स्मृति भर नहीं रह जाती, बल्कि वर्तमान समाज के लिए नैतिक प्रश्न बन जाती है।

यही वह बिंदु है जहाँ खादी के अर्थ को भी नए ढंग से समझा जा सकता है। खादी केवल गांधी की पोशाक नहीं, बल्कि गांधीवादी मूल्यों की सांस्कृतिक स्मृति है।

**राजनीति, खादी और सिनेमा:** स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति में खादी की भूमिका और भी व्यापक हुई। सार्वजनिक जीवन और राजनीति में खादी एक विशिष्ट पहचान बन गई। हिंदी फिल्मों ने भी इस छवि को कई रूपों में प्रस्तुत किया।

'नायक' (2001) और 'राजनीति' (2010) जैसी फिल्मों में भारतीय राजनीति, सत्ता, नेतृत्व और जनप्रतिनिधित्व की जटिल दुनिया दिखाई देती है। पारंपरिक भारतीय वेशभूषा और राजनीतिक परिधान इन फिल्मों में पात्रों की सामाजिक और राजनीतिक पहचान को मजबूत करते हैं।

यहाँ खादी का अर्थ धीरे-धीरे बदलता दिखाई देता है। स्वतंत्रता आंदोलन में वह प्रतिरोध और स्वदेशी का प्रतीक थी । स्वतंत्र भारत में वह सार्वजनिक जीवन और राजनीति की पहचान बनी; और आधुनिक समय में वह फैशन, भारतीय डिजाइन तथा टिकाऊ जीवनशैली से भी जुड़ने लगी।

इस परिवर्तन को समझना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी समाज में किसी वस्त्र का अर्थ स्थिर नहीं रहता। समय के साथ उसकी सामाजिक व्याख्या बदलती रहती है।

**गाँव, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता:** खादी का मूल संबंध ग्रामीण भारत और स्थानीय अर्थव्यवस्था से है। इस दृष्टि से कुछ ऐसी फिल्में भी महत्वपूर्ण हैं, जो सीधे खादी पर केंद्रित न होते हुए भी उसके मूल विचारों से संवाद करती हैं।

'स्वदेस' (2004) इसका उल्लेखनीय उदाहरण है। फिल्म का केंद्र खादी नहीं है, लेकिन गाँव, स्थानीय संसाधन, आत्मनिर्भरता और अपने समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषय स्वदेशी की मूल भावना से गहरा संबंध रखते हैं।

इसी तरह 'पीपली लाइव' (2010) ग्रामीण भारत की सामाजिक और आर्थिक विडंबनाओं को सामने लाती है। ऐसी फिल्मों के माध्यम से ग्रामीण जीवन को केवल रोमांटिक दृष्टि से देखने के बजाय उसकी वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिलता है।

खादी को भी इसी व्यापक ग्रामीण संदर्भ में देखना आवश्यक है। इसके पीछे केवल कपड़ा नहीं, बल्कि कताई-बुनाई, कारीगर, बुनकर, ग्रामीण रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था की पूरी श्रृंखला जुड़ी हुई है।

**खादी का नया चेहरा:** आज खादी के अर्थ में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। वह अब केवल स्वतंत्रता सेनानी या राजनेता की पोशाक नहीं है। युवा पीढ़ी के बीच खादी फैशन, डिजाइन, पर्यावरण-संवेदनशीलता और टिकाऊ जीवनशैली से भी जुड़ रही है।

फैशन डिजाइनरों ने खादी को आधुनिक कट, रंग और डिजाइन के साथ प्रस्तुत किया है। इससे यह पारंपरिक वस्त्र आधुनिक जीवनशैली के साथ संवाद करने लगा है। प्रकाश झा की ÷ राजनीति ÷ (2010) से लेकर एक्सेल एंटरटेनमेंट की वेब सीरीज ÷मिर्जापुर÷ (2018) इसके बेहतरीन उदाहरण हैं ।

सिनेमा इस परिवर्तन को गति देने का एक प्रभावशाली माध्यम बन सकता है।

यदि फिल्मों में खादी को केवल पुराने नेताओं की पोशाक के रूप में दिखाने के बजाय आधुनिक युवा, कलाकार, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक की जीवनशैली से जोड़ा जाए, तो इसकी नई पहचान विकसित हो सकती है।

सिनेमा की लोकप्रियता और खादी की सांस्कृतिक विरासत का यह मेल ग्रामीण कारीगरों और बुनकरों के लिए नए अवसर भी पैदा कर सकता है।

यह मानने में कोई संकोच नहीं होगा कि सिनेमा के माध्यम से खादी को नई पहचान मिली है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि खादी को केवल अतीत की स्मृति बनाकर न रखा जाए। सिनेमा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फिल्मों में खादी के पीछे काम करने वाले कातिनों , बुनकरों और कारीगरों की कहानियाँ दिखाई जा सकती हैं। उनकी मेहनत, संघर्ष और रचनात्मकता को कथा का हिस्सा बनाया जा सकता है।

खादी को पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ फैशन के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे एक ओर भारतीय हस्तकला और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी में स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों के प्रति रुचि पैदा होगी।

डिजिटल युग में सिनेमा का प्रभाव थिएटर तक सीमित नहीं है। फिल्में, वेब सीरीज, विज्ञापन और सोशल मीडिया के दृश्य लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुँचते हैं। इसलिए खादी की नई कहानी कहने के लिए आज पहले से कहीं अधिक मंच उपलब्ध हैं।

निःसन्देह खादी और हिंदी सिनेमा—दोनों भारतीय समाज की स्मृति और चेतना के महत्वपूर्ण वाहक हैं। खादी हमें स्वदेशी, स्वावलंबन, श्रम की गरिमा और गांधीवादी विचारों की याद दिलाती है, जबकि सिनेमा इन विचारों और सामाजिक बदलावों को प्रभावशाली दृश्य एवं कथात्मक माध्यम से जनता तक पहुँचाता है।

स्वतंत्रता आंदोलन में खादी त्याग और प्रतिरोध का प्रतीक थी। स्वतंत्रता के बाद वह राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन की पहचान बनी। आज वह भारतीयता, हस्तशिल्प, पर्यावरण-संवेदनशीलता और टिकाऊ फैशन के नए संदर्भों में अपनी जगह बना रही है। दूसरी ओर, सिनेमा ने खादी को कभी इतिहास के प्रतीक के रूप में, कभी चरित्र की पहचान के रूप में और कभी सामाजिक विचारधारा के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया है। यही कारण है कि खादी और सिनेमा का संबंध केवल कपड़े और पर्दे का संबंध नहीं है। यह चरखे और कैमरे के बीच बना वह सांस्कृतिक संवाद है, जिसमें भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य एक साथ दिखाई देता है। खादी ने सिनेमा को भारतीय इतिहास और विचारधारा का एक सशक्त दृश्य प्रतीक दिया, तो सिनेमा ने खादी को बदलते समय के साथ नए अर्थों और नए संदर्भों में समाज के सामने प्रस्तुत किया।

चरखे की धीमी-धीमी सी घरघराहट आज भी सुनाई देती है—बस उसके साथ अब कैमरे की रोशनी भी जुड़ गई है। और शायद यही खादी और सिनेमा की सबसे खूबसूरत साझी कहानी है ।

# ऊंची उड़ान के लिए बसें हैं जरूरी.

**कुमार आयुष**

भारत में आमजन आवागमन के लिए सबसे ज़्यादा किस साधन का इस्तेमाल करते हैं? हमारे देश में आमजन की सवारी है बस। हवाई जहाज हर जगह नहीं पहुंचता, बसें गांव-गांव तक जाती हैं।

हम हर जगह एयरपोर्ट बनाते हैं, और इसमें दिलचस्?प बात तो यह है कि एयरपोर्ट उनलोगों के लिए है, जो ज़्यादा इनकम टैक्स भरते हैं, और जो लोग नहीं भरते उनके लिए यह एक रोजगार योजना है कि वे एयरपोर्ट पर काम करेंगे। लेकिन गांव से रोजगार के लिए शहर आने वाले कामगार जब अपने घर लौटते हैं या अपने रिश्?तेदारों से मिलने गांव जाते हैं, तब उन्?हें अपनी यात्रा के लिए ट्रेन या फिर लास्ट माइल तक बस का ही इस्तेमाल करना पड़ता है। इन सबके बावजूद हमारे बस नेटवर्क की व्यवस्था इतनी दयनीय क्यों है?

बस आएगी, नहीं आएगी, कब पहुंचेगी, महिलाओं के लिए रास्?ते में शौचालय की व्यवस्था होगी कि नहीं, ये सवाल आम हैं। हाईवे पर रास्?ते में कई जगह मिडवे होटल और बस अड्डे बन जाते हैं। जहां बहुत सारी दुकानें होती हैं, कुछ व्यवस्थाएं भी होती हैं, परन्?तु ये सुविधाएं हर जगह स्?तरीय नहीं होती हैं।

हाल ही में पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी (परिवहन, पर्यटन और संस्?कृति) की रिपोर्ट आई है, जिसमें हमारी बस व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ उपयोगी सुझाव हैं। इनपर मैं अपने विचार व्?यक्?त करना चाहूंगा।

हवाई जहाज़ों के लिए एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया है, जो टर्मिनल बनाती है और उन टर्मिनल्स का इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। बसों के लिए ऐसा कुछ नहीं है। राज्?य सरकारें खुद बस चलाती हैं, उनके लिए टर्मिनल बनाती हैं, लेकिन प्राइवेट ऑपरेटर से साझा नहीं करतीं। यहां उल्?लेखनीय है कि प्राइवेट ऑपरेटर सरकारी कंपनियों से ज्?यादा बसें चलाते हैं और उनकी संख्?या बढ़ती ही जा रही है।

सैद्धांतिक रूप से सरकार को ऐसी परियोजनाओं पर ध्?यान देना चाहिए, जिनसे सामाजिक और आर्थिक विकास की नींव बने। मसलन आप बस टर्मिनल बनाइए, लेकिन बसों के संचालन का अवसर निजी उद्यमियों को दीजिए। एक वक़्त था जब शायद निजी ऑपरेटर सक्षम नहीं थे। आज़ादी के बाद जब आपको लगा कि सरकार को अपनी तरफ़ से बैसाखी लगानी है, तब लगा दी, अब बैसाखी का समय जा चुका है। हमारे देश में काफी समस्?याएं हैं, लेकिन शायद बस चलाने के लिए सरकारी मदद की जरूरत नहीं है1

दिल्ली के कश्मीरी गेट टर्मिनल पर प्रति बस 500 रुपये का प्रवेश शुल्?क है। कमेटी ने एक ऑपरेटर का उदाहरण दिया है, जिसे प्रतिदिन करीब 5 लाख रुपये का शुल्?क देना पड़ता है। टर्मिनल के अंदर दुकानों से खरीदारी और अन्?य सेवाओं का उपयोग भी यात्री करते हैं, जो अतिरिक्?त आय है। कश्?मीरी गेट यह दर्शाता है कि इस प्रकार टर्मिनल के संचालन से सभी पक्षों का लाभ है।

सुझाव यह नहीं है कि बस टर्मिनल का निजीकरण कर दीजिए। आप जैसे एयरपोर्ट चलाते हैं, वैसे ही बस टर्मिनल भी चलाइए।

अगली बात यह कि टूरिस्ट परमिट क्या होता है? क्या बसों में सफर करने वाले सभी यात्री टूरिस्ट होते हैं? लोग अपने व्यवसाय के लिए और परिवार के साथ भी यात्रा करते हैं। कमेटी का एक सुझाव यह है कि बसों को ऑल इंडिया परमिट दीजिए। हमें यह जानकारी जरूर होनी चाहिए कि बसों में कितने टूरिस्?ट सफर कर रहे हैं, लेकिन यह पर्यटन विभाग का विषय है। बसों के सुगम और सुरक्षित संचालन के लिए यह जानना ज्?यादा जरूरी है कि बसें कहां से कहां तक चल रही हैं और यात्रियों में बुजुर्ग, महिलाओं, पुरुषों और बच्?चों की संख्?या कितनी है।

इंडस्ट्री सूत्रों का अनुमान है कि रोज़ाना 5 से 6 करोड़ लोग इंटरसिटी बस से सफर करते हैं। कमेटी के खुद के सूत्रों ने 2019 में 3 करोड़ बस के और 2.3 करोड़ यात्री रेलवे के दिखाए। देश में 4.4 लाख बस हैं, यह पता है, लेकिन हमारे पास कोई डेटा ही नहीं है यह बताने के लिए कि कितने सवारी हैं? जिस तरह हवाई जहाज और रेल यात्रियों का डाटा हमारे पास उपलब्?ध रहता है, उसी तरह बस यात्रियों की जानकारी भी होनी चाहिए। डिजिटल इंडिया में हम ऑनलाइन टिकट बुकिंग के आदी हैं और सारी बसों में जीपीएस ट्रैकर भी हैं। हमारे पास पर्याप्?त साधन हैं और हम इसे आसानी से कार्यान्वित कर सकते हैं। जरूरत है इच्?छाशक्ति की।

# क्या हमारी संस्कृति आज भी महिलाओं से मरने की अपेक्षा करती है?

एक महिला है, संयोग से वे अभिनेत्री भी है। और वे अपनी बात बेबाकी से बोलती भी दिखती है। न्यूज और रील्स पर ट्रोल भी होती हैं। उन्होंने एक सवाल उठाया कि 'क्या रेप किसी महिला की ज़िंदगी का अंत है?' यह सवाल 31 अगस्त को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'वुमन, लाइफ, फ्रीडम' टॉक के दौरान अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने किया था। अपनी बात को रखते हुए उन्होंने संदर्भ के तौर पर, दोहरा रही हूँ सिर्फ संदर्भ के तौर पर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' के जौहर दृश्य का लिया था। फिर विवाद हो गया, और खबरों में कास्ट,क्लास, जेन्डर, फेमिनिज़म, पढ़ाई, शादी - सब या गया। तो विवाद ऐसे में केवल किसी फिल्म के एक दृश्य तक सीमित नहीं देखना है। यह सवाल सीधे उस सामाजिक सोच के केंद्र में जाता है, जहाँ सदियों से स्त्री की अस्मिता, सम्मान और जीवन को उसके शरीर से जोड़कर देखा जाता रहा है। उस बातचित को देखने के बाद यही लगता है कि उन्होंने चिंता जताई कि ऐसे दृश्य यौन हिंसा से बचे महिलाओं तक कहीं यह संदेश न पहुँचा दें कि यदि उनके साथ बलात्कार हुआ है, तो उसकी जिंदगी और सम्मान, दोनों समाप्त हो गया है। देखा जाए तो सवाल असल में फिल्म से अधिक उस सामाजिक मानसिकता पर है, जिसमें हमेशा 'इज्जत' स्त्री के जीवन से ऊपर देखा गया और हमने रखा भी है। इस बात चित में जब उन्होंने पूछा कि क्या हम रेप सर्वाइवर्स से यह कहना चाहते हैं कि वे जीने के लायक नहीं हैं? क्या हम उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं कि यदि वे सचमुच सम्मानित और साहसी महिला होतीं, तो उन्होंने स्वयं को समाप्त कर लिया होता? और क्या बलात्कार को किसी महिला के जीवन का अंत मान लेना चाहिए? ये सवाल असहज जरूर हैं, लेकिन शायद इसी असहजता की जरूरत आज के समाज को है। हम इस बात को भलीं-भांति जानते हैं कि 'जौहर' भारतीय इतिहास का एक अत्यंत जटिल और पीड़ादायक अध्याय है। मध्यकालीन युद्धों और आक्रमणों के संदर्भ में राजपूत महिलाओं द्वारा सामूहिक आत्मदाह की कथाएँ अस्मिता, प्रतिरोध और सम्मान से जुड़ी रही हैं। इन घटनाओं की ऐतिहासिकता, स्वरूप और संख्या को लेकर इतिहासकारों के बीच बहस रही है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि जौहर किसी सामान्य परिस्थिति में लिया गया निर्णय नहीं था। उसके पीछे युद्ध, हिंसा, भय, पराजय और स्त्रियों के सामने मौजूद सीमित विकल्पों की भयावह परिस्थितियाँ थीं। इसलिए इतिहास को समझने और उसका महिमामंडन करने के बीच एक स्पष्ट अंतर होना चाहिए। और हमें समझना भी चाहिए, और हाँ मैं यहाँ सती-प्रथा की याद नहीं दिला रहीं हूँ। समस्या तब पैदा होती है जब किसी भयंकर त्रासदी को, दुख को भव्य दृश्यात्मकता में प्रस्तुत कर मृत्यु को वीरता तथा गौरव के चरम के रूप में स्थापित कर दिया जाता है। सिनेमा अपनी दृश्य भाषा, संगीत, संवाद और चरित्र-निर्माण के माध्यम से दर्शकों की भावनाओं को प्रभावित करता है। जब कोई महिला अग्नि में प्रवेश करती है और उस दृश्य को सौंदर्य, गौरव तथा महान बलिदान के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो दर्शक के मन में उस घटना की ऐतिहासिक पीड़ा की जगह उसका रोमानी रूप अधिक गहराई से बैठ सकती है। सवाल यह नहीं है कि इतिहास में जौहर हुआ या नहीं और उसे सिनेमा में दिखाया जाना चाहिए या नहीं। सवाल यह है कि उसे किस दृष्टि से दिखाया जाता है और आज की पीढ़ी उससे क्या संदेश ग्रहण करती है। निर्भया कांड तो याद होगा ! आपको यहाँ याद नहीं दिलाना चाहती कि निर्भया कांड के समय जब आसाराम ने कहा था कि पीड़िता को बलात्कारियों के सामने गिड़गिड़ाना चाहिए था, उन्हें अपना धर्म-भाई कहना चाहिए और पैर पड़ने चाहिए था, आशाराम ने तब कहा था कि वे ऐसा करती तो उनके साथ बलात्कार नहीं होता। खैर याद करके भी क्या होगा, अभी हाल में ही चार अगस्त को दिल्ली एन सी आर में ग्यारवीं की छात्रा के साथ लगभग सैतालिस किलोमीटर तक बस में ड्रावर और कन्डक्टर ने बलात्कार किया। स्वरा के प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यौन हिंसा आज भी हमारे समाज की कठोर वास्तविकता है। हम एक दम सामान्य हो गए हैं, ऐसे घटनाओं से। किसी महिला के साथ बलात्कार केवल उसके शरीर पर हमला नहीं होता, बल्कि उसके आत्मविश्वास और मन पर भी भयंकर हमला कर टीसते रहता है। उनके सामाजिक संबंधों और भविष्य के बीच भी एक खाई पैदा कर देता है। इस समझ और हकीकत के बाद भी यदि समाज उसे सहारा देने के बजाय, उसके साथ और ताकत देने के बजाय उसकी 'इज्जत' के नाम पर उसके अंदर 'शर्म' और 'अपराधबोध' से उसे और भर दे, तो हिंसा की पीड़ा और बढ़ जाती है। कई बार तो पीड़िता से ही सवाल पूछ लिए जाते हैं—वह वहाँ क्यों गई थी, उसने ऐसे कपड़े क्यों पहने थे, उसने विरोध क्यों नहीं किया, उसने पहले शिकायत क्यों नहीं की? इन सवालों के घेरे में अपराधी पीछे छूट जाता है और पीड़िता कटघरे में खड़ी कर दी जाती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों के मामले में समझदारी से कदम उठाना सही रहेगा। आप अपनी बचत और घर के जरूरी सामान पर होने वाले खर्चों की सही सूची तैयार कर सकते हैं।

**वृषभ**
आज दोस्तों से सलाह और दफ्तर में तालमेल अच्छा रहेगा। अपनी कमाई और खर्चों के सही प्रबंधन से आज पैसों का पक्ष मजबूत रहेगा।

**मिथुन**
आज पैसों के मामले में मन में तरह–तरह के ख्याल आ सकते हैं। कमाई बढ़ाने के कई रास्ते सूझेंगे, लेकिन एक साथ हर जगह हाथ न डालें।

**कर्क**
आज पैसों को सुरक्षित रखने की चाहत सबसे ऊपर रहेगी। अपनी जमा–पूंजी और परिवार के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए योजनाएं बनेंगी।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और काम की तैयारी करनी होगी। आज आराम और अपनी पसंद की चीजों पर पैसे लगाने का मन हो सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके हिसाब–किताब को बहुत सटीकरहेगा। छोटे–छोटे खर्चों को पकड़ना और बचत के सही रास्ते खोजना आसान होगा।

**तुला**
आज पैसों से जुड़ी हर बात में अच्छा संतुलन बना रहेगा। किसी पुराने लेन–देन या खरीदारी को लेकर चल रही बातचीत आपके पक्ष में जा सकती है।

**वृश्चिक**
आज अपने पैसों को सुरक्षित रखने पर पूरा ध्यान रहेगा। कोई नया जोखिम उठाने से बेहतर है कि जो धन आपके पास है, उसे संभाला जाए।

**धनु**
आज किसी के साथ मिलकर किए जा रहे काम या पैसों के लेन–देन में पूरी सफाई रखें। सभी शर्तें पहले ही तय कर लेना सही रहेगा। केवल आगे के मुनाफे की उम्मीद में आकर तुरंत फैसले न लें।

**मकर**
आज परिवार की जरूरतों और संयुक्त जिम्मेदारी पर ध्यान रहेगा। चंद्रदेव की स्थिति बताएगी कि जल्दबाजी के बजाय सुरक्षा कितनी जरूरी है। पैसों से जुड़ी किसी पुरानी बात को आज शांति से सुलझा लेने से मन का बोझ उतर जाएगा।

**कुंभ**
आज पैसों को लेकर कुछ अलग करने का मन होगा। राहु कभी–कभी जल्दी फायदा पाने की उम्मीद जगा देता है। अनजान रास्तों पर पैसे लगाने से पहले पूरी जांच–पड़ताल जरूर करें।

**मीन**
आज पुरानी जिम्मेदारियों को पूरा करने की सीख दे रहे हैं। किसी पुराने बकाया या बचत की योजना को दोबारा देखें। अगर पहले कोई चूक हुई है, तो उसे बिना परेशान हुए ठीक करें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन से छात्राओं ने ग्रहण की प्रेरणा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी-पटना शाखा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन पर व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व करने तथा विश्व बंधुत्व, मानवता और भारतीय संस्कृति के संदेश को विश्व पटल पर प्रसारित करने की ऐतिहासिक स्मृति को जीवंत करना था। विवेकानंद केंद्र की निर्मला जायसवाल एवं सुश्री सुभाषिनी द्विवेदी



ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों तथा युवाओं के लिए उनके प्रेरणादायी संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, सेवा और राष्ट्रप्रेम का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने छात्राओं से उनके विचारों को आत्मसात कर समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

### बिजली चोरी के खिलाफ दो लोगों पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग ने धनरुआ थाना क्षेत्र के लालसाचक गांव में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी कर दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-2, आशीष कुमार रंजन ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि छापेमारी दल का गठन किया गया था, जिसमें संजय कुमार, अनमता इन्तेशाल, बीरेंद्र कुमार और मो. रसूल सहित अन्य कर्मी शामिल थे।छापेमारी के दौरान ग्राम लालसाचक में अजय प्रसाद (46 वर्ष), पिता बिरजू प्रसाद के घरेलू परिसर में जांच की गई। जांच में पाया गया कि मुख्य एलटी लाइन में टोका फंसाकर बिजली चोरी की जा रही थी। परिसर का लोड 156 वाट पाया गया। इससे साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड को करीब 18,874 रुपये की राजस्व क्षति हुई है।इसी क्रम में संजय प्रसाद (47 वर्ष), पिता बिरजू प्रसाद के परिसर में भी बिजली चोरी पकड़ी गई। वहां 225 वाट का अवैध लोड पाया गया, जिससे कंपनी को 26,797 रुपये की क्षति का आकलन किया गया है। दोनों जगहों से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार को जब्त कर लिया गया है और वीडियोग्राफी भी की गई है। विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### दुष्कर्म के प्रयास मामले का फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के सरवानीचक मुसहरी में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास और जातिसूचक गाली देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है सरवानीचक निवासी मिथुन मांझी (35 वर्ष), पिता श्यामबली मांझी ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि दिनांक 25/07/25 को सुबह करीब 8 बजे उनकी 14 वर्षीय पुत्री घर में अकेले खाना बना रही थी। तभी बगल के जाहीदपुर गांव निवासी शंभू यादव (50 वर्ष), पिता स्व. हीरालाल यादव उनके घर में घुस गया और लड़की के साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से गाली दी और कहा कि तुम लोग मुसहर जाति के हो, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। शोर सुनकर ग्रामीण जुटने लगे तो आरोपी भाग गया। इस संबंध में भगवानगंज थाना में तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शंभू यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विकास मित्रों को मिला टास्क

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी विकास मित्रों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में



प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रसून ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कल्याण विभाग निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर प्रत्येक गुरुवार को पंचायत स्तर पर संत शिरोमणि रविदास विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के अलावा 14 विभागों के कर्मी उपस्थित रहेंगे और लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभ पहुंचाया जाएगा। बैठक में सभी विकास मित्रों को अपने-अपने पंचायत में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र लाभुकों को चिन्हित कर आवेदन करवाने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर विकास मित्र संजय कुमार, अरविंद मांझी, रणवीर कुमार, मानदीप दास, किरण कुमार, नीलम कुमारी सहित सभी विकास मित्र मौजूद थे।

### महिला के साथ मारपीट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के बालापर गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर ही मारपीट के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। बालापर निवासी मिनका देवी (32 वर्ष), पति धर्मेंद्र प्रसाद ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर के बगल में आम के पेड़ के नीचे बैठी हुई थी। इसी दौरान गांव की ही रिंकू देवी (42 वर्ष) पति जय किशोर प्रसाद, राजीव कुमार (20 वर्ष) और शशिरंजन कुमार (19 वर्ष) दोनों पिता जय किशोर प्रसाद वहां आकर गाली-गलौज करने लगे।मना करने पर तीनों ने ईंट-पत्थर और लात-घूंसे से हमला कर दिया। आरोप है कि राजीव कुमार ने ईंट से मारकर उनका सिर फोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उनके पति धर्मेंद्र प्रसाद (36 वर्ष) वहां पहुंचे और बीच-बचाव करने के बजाय आरोपियों को उकसाने लगे कि इसका हाथ-पैर तोड़ दो। पति ने जान से मारने की धमकी भी दी। मिनका देवी ने बताया कि झगड़े का कारण उनके पति का रिंकू देवी से विशेष लगाव है। जब वह पति या रिंकू देवी को समझाने की कोशिश करती हैं तो उनके साथ मारपीट की जाती है। धनरुआ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच नगर परिषद अध्यक्ष ने बांटी सूखा राहत सामग्री

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मुश्किलें लगातार बनी हुई हैं। बुधवार को बाढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए राहत शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता की ओर से सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा और गुड़ का वितरण किया गया। उन्होंने लगभग 4 बजे बताया कि प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गई है, लेकिन लोगों की मांग है कि एक समय रोटी की व्यवस्था भी हो। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी से बात की जाएगी। वहीं, राहत शिविर में रह रहे लोगों ने दोनों समय मुख्य रूप से चावल मिलने की शिकायत करते हुए भोजन में विविधता की मांग की। शिविर में रहने, भोजन, चिकित्सा और शौचालय की सुविधा के साथ पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था की गई है।

### 11 लाख की ठगी का आरोप, एफआईआर दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। थाना कांड संख्या 604/26, के तहत मामला दर्ज किया गया है।पीड़ित दिनेश कुमार, उम्र 56 वर्ष, पिता स्व. विशुनधारी राम, ग्राम सितायक साण्डा ने थानाध्यक्ष को आवेदन दिया है।आवेदन के अनुसार वर्ष 2021 में उन्होंने मौजा परसा में अपने पुत्र आशीष कुमार रंजन के नाम 10 लाख रुपये प्रति कट्ठा की दर से 1 कट्ठा 5 धूर जमीन खरीदने के लिए राजीव कुमार उर्फ धर्मेन्द्र मिस्त्री, पिता अवधेश मिस्त्री, ग्राम बरनी, थाना धनरूआ से एग्रीमेंट करवाया था। खाता नंबर 233, प्लॉट 3760 की इस जमीन के लिए एग्रीमेंट के समय 2.50 लाख रुपये दिए गए थे। एग्रीमेंट में 6 महीने के अंदर रजिस्ट्री की बात तय हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि निर्धारित समय से पहले ही कई किस्तों में राजीव और उसके पिता अवधेश मिस्त्री को कुल 11 लाख रुपये दे दिए। रजिस्ट्री के लिए बाकी 1.50 लाख रुपये लेकर जब वह उनके घर गए तो उन्होंने पैसा लेने से इंकार कर दिया और टालमटोल करने लगे।

# अब राहत की लड़ाई: मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय पर गरजे बाढ़ पीड़ित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ का पानी उतरते ही अब बाढ़ राहत को लेकर हाहाकार मच गया है। पुनपुन प्रखंड के बाद बुधवार को मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय पर सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शन में मसौढ़ी प्रखंड के शर्मा पंचायत, खरांट पंचायत, कराई पंचायत और भगवानगंज पंचायत के दर्जनों गांवों से आए पीड़ित शामिल थे। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के पानी से उनके कई कच्चे मकान भरभराकर गिर गए हैं, सैकड़ों बीघा में लगी धान और सब्जी की फसल पूरी तरह डूब कर बर्बाद हो गई है। घर में रखा अनाज, कपड़ा और बर्तन तक पानी में बह गया है। बाढ़ पीड़ित फसल क्षति का मुआवजा, गिरे हुए मकानों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का बनवाने और तत्काल राशन-पानी की व्यवस्था की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। प्रदर्शन का नेतृत्व मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ से पहले की तैयारी में पूरी तरह फेल रही। हर साल बाढ़ आती है, लेकिन न तो बांधों की मरम्मत हुई, न ही नाव और राहत




सामग्री की व्यवस्था की गई। बाढ़ के दौरान लोग घरों में कैद होकर रह गए, खाना-पीना, सोना तक दुश्वार हो गया। अब राहत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कहीं-कहीं पॉलिथीन बांटकर और एक-दो जगह सामुदायिक रसोई चलाकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। पीड़ितों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द मुआवजा और पुनर्वास नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर संजय पासवान, कमलेश कुमार, धर्मशिला देवी समेत सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी ऋषिकेश ने बताया कि मसौढ़ी प्रखंड के कुछ हिस्से बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई घर चलाया जा रहा है और पॉलिथीन शीट का वितरण किया गया है। क्षति का आकलन कराया जा रहा है, आकलन के बाद सभी प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार राहत राशि और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## टी.पी.एस. कॉलेज, पटना एवं यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के मध्य एमओयू संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्यार्थियों के कौशल विकास, करियर निर्माण एवं रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टी.पी.एस. कॉलेज, पटना एवं यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के मध्य महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य तथा यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के बिहार स्टेट हेड श्री कृष्णा सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थाएँ संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के लिए कैरियर रेडीनेस, डिजिटल एवं प्रोफेशनल स्किल डेवलपमेंट, मेंटरिंग, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर, लाइव प्रोजेक्ट्स, करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सहायता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगी। प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, उद्योग जगत से संपर्क तथा बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाएगी। उन्होंने इस पहल के लिए प्लेसमेंट सेल एवं यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन की सराहना की।.डॉ. प्रशांत कुमार, समन्वयक, प्लेसमेंट सेल ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन, कौशल प्रशिक्षण तथा रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छह माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, ससुराल वाले चुपके से जला रहे थे शव

### पुलिस देख अधजले शव को छोड भागे, दहेज हत्या का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में मंगलवार की देर शाम एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहाँ एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद ससुराल वाले घर के पास ही नदी घाट किनारे आनन-फानन में शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस के पहुंचते ही परिजन अधजला शव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। मृतका की पहचान मुंदरी देवी, पति सत्येंद्र रविदास, दरियापुर के रूप में हुई है। मृतका के भाई अजय कुमार ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन 6 माह की गर्भवती थी। ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए बिना मायके वालों को सूचना दिए घर के बगल में ही शव को जला रहे थे।अजय कुमार



ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वे शाम करीब 7 बजे गांव पहुंचे तो शव अधजला पड़ा था और ससुराल वाले भाग चुके थे। तभी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जाता है कि मृतका धनरुआ थाना क्षेत्र के ओरियारा गांव के रहने वाले स्व सिताराम रविदास की बेटी थी। उसकी शादी वर्ष 2025 में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दरियापुर वार्ड नंबर-8 निवासी सत्येंद्र रविदास के साथ हुई थी।घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हॉस्पिटल गेट के पास हवा हवाई पलटी, चालक की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के विकासनगर निवासी एक व्यक्ति की हवा हवाई पलटने से मौत हो गई। हादसा बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल के गेट के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों के अनुसार, विकासनगर निवासी कमलेश पासवान हवा हवाई चलाकर आ रहे थे। इसी दौरान अस्पताल गेट के पास रास्ता ऊबड़-खाबड़ होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कमलेश पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में भी शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि कमलेश हवा हवाई चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और परिजनों को अब भविष्य की चिंता सताने लगी है।

## पुनपुन के जाहिदपुर मुहल्ले में 40 घर बने जल कैद

### सरकारी मदद की आस लगाये बाढ़ पीड़ितों की अब जुगाड़ नाव और चचरी के सहारे कट रही जिंदगी, दुर्गंध से महामारी का खतरा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी का पानी अब खेत-खलिहान से निकलकर शहर के घरों में घुस गया है। पुनपुन शहर के जाहिदपुर वार्ड में करीब 30 से 40 घर चारों तरफ से पानी से घिरकर टापू बन गए हैं। आलम यह है कि लोग अपने ही घर में जल-कैदी बनकर रहने को मजबूर हैं। घर से बाहर निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं है। लोग लकड़ी, टायर और ड्रम को जोड़कर बनाई गई जुगाड़ नाव के सहारे जिंदगी काट रहे हैं। कहीं रस्सी के सहारे तो कहीं बांस की चचरी पुल बनाकर लोग बाजार तक पहुंच रहे हैं। रोजमर्रा का सामान लाने के लिए इसी जान जोखिम भरी नाव पर सवार होना पड़ता है। कई बार ड्रम पलटने से लोग पानी में गिर जाते हैं, जिससे हादसे का डर बना रहता है। अब तो घरों में बंद पानी सड़ने लगा है और दुर्गंध आने लगी है। जल-कैदी बने लोगों को महामारी फैलने का



डर सता रहा है। जाहिदपुर के विकास कुमार, मंजू देवी, वीणा देवी, मंगल प्रसाद, रवि कुमार, कृष्ण प्रसाद और बुधन प्रसाद ने बताया कि इस बाढ़ में आज तक कोई सुध लेने नहीं आया। नेता-मंत्री तो दूर, वार्ड पार्षद तक यह पूछने नहीं आए कि हम जिंदा कैसे हैं। लोगों ने कहा - चुनाव में वोट मांगने घर-घर आते हैं, आज जब घर पानी में डूबा है तो कोई देखने वाला नहीं। सबसे बड़ी समस्या पानी निकासी की है। मोहल्ले में पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द पानी नहीं निकाला गया तो पूरे मोहल्ले में बीमारी फैल जाएगी। फिलहाल जाहिदपुर की जिंदगी एक जुगाड़ नाव और एक टुकड़ा चचरी के सहारे टिकी है। बाढ़ का पानी नदी से भले ही धीरे-धीरे कम हो जाएगा लेकिन हमारे मोहल्ले में बाढ़ का पानी निकलने में कई महीने लग जाएंगे तब तक कई अज्ञात बीमारियों का भय से हम लोग दहशत में हैं।

## पुनपुन में डूबने से युवक की मौत, मनोरा शिव मंदिर के पास हुआ हादसा

### मैट्रिक परीक्षा को लेकर रजिस्ट्रेशन करने जा रहा था छात्र

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में बाढ़ के पानी से डूबने से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाढ़ का पानी अभी भी खतरे के निशान के आसपास है और प्रशासन लगातार माइकिंग कर लोगों से नदी किनारे नहीं जाने की अपील कर रहा है, इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं।इसी कड़ी में बुधवार को पुनपुन नगर पंचायत के मनोरा स्थित शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर-1 में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संस्कार कुमार, पिता राजेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है। ग्रामीणों



के अनुसार युवक शहीद राम गोविंद सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा का छात्र था जो परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने जा रहा था, इस बीच वह नदी के किनारे पर चला गया जहां पैर फिसलने के कारण बाढ़ के कारण वहां पानी का तेज बहाव था और गहराई का अंदाजा नहीं लग पाया। अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां चीख-पुकार मच गई। वार्ड पार्षद रवि कुमार ने कहा कि प्रशासन को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग करनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक माह में धंसी सामुदायिक भवन की छत, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत बराह पंचायत के हसपुरा गांव के वार्ड नंबर-11 स्थित अनुसूचित जाति टोला में करीब एक माह पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन की छत धंसने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, छत की ढलाई के बाद ही करीब एक फीट तक छत नीचे बैठ गई। इससे भवन की मजबूती और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण पिंकू पासवान ने बताया कि छत दब गई है और भवन की स्थिति देखकर लोगों में डर बना हुआ है। उन्होंने मामले की जानकारी मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार को दी है। ग्रामीणों के मुताबिक, मुखिया प्रतिनिधि की ओर से क्षतिग्रस्त हिस्से को तोड़कर दोबारा निर्माण कराने की बात कही गई है। वहीं ग्रामीण विकास कुमार ने भी बताया कि मामले की जानकारी मुखिया को दी गई है और दोबारा ढलाई कराने का आश्वासन मिला है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब भवन को बने अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ, तो इतनी जल्दी छत धंसने की नौबत क्यों आई?

## राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलनः बीके शिवानी बोलीं - परमात्मा लगा रहे हैं चैतन्य फूलों का बगीचा

### प्रेम जी के नेतृत्व में बिहार से 100 पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यक्रम में शिरकत किया

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रह्माकुमारीज मीडिया विंग द्वारा आयोजित नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस-2026 (9-13 सितंबर, मानसरोवर, माउंट आबू) के उद्घाटन सत्र में बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महासचिव गांधीवादी प्रेम जी, वरीय शिक्षाविद डॉ. राजीव नयन सिंह और नीतू नयन व 100 से अधिक मीडिया कर्मियों ने संयुक्त रूप से बिहार का प्रतिनिधित्व किया। मुख्य उद्बोधन में बीके शिवानी बहन ने 'परमात्मा शिव और प्रकृति की भेंट-वार्ता' का दिव्य दृष्टांत सुनाया - परमात्मा शिव ने प्रकृति से पूछा तुम क्या उगा रही हो? प्रकृति ने कहा कलयुग में जर्जर होने पर भी आम की ऐसी कलम लगाई है कि एक ही आम से पेट भर जाएगा। परमात्मा ने कहा - मैं भी बगीचा लगा रहा हूं, आप जड़ पेड़ों का, मैं मनुष्यों का। पुराने कल्पवृक्ष की कोपलों से चैतन्य फूल रूपी लक्ष्मी-नारायण तैयार हो रहे हैं। यह संगमयुग कांटों को फूल बनाने का महोत्सव है।



प्रेम जी के नेतृत्व में प्रेरणा विजय, गोपी कुमार ब्रह्मर्षि, सन्नी, काजल कुमारी, अनंता कुमारी, आरजू प्रवीन सहित गोविंदपुर, खुशरूपुर, फतुहा- दनियावां और वकंकड़बाग, पटना से आए 100 पत्रकारों के दल ने शिरकत की। इस मौके पर गांधीवादी प्रेम जी, डॉ. राजीव नयन सिंह,नीतू नयन, अनंता कुमारी, काजल व गोपी कुमार ब्रह्मर्षि ने संयुक्त रूप से कहा- फलों से लदा वृक्ष झुक जाता है जबकि सूखा वृक्ष अकड़कर खड़ा रहता है, विनम्रता ही महानता का आभूषण है। हमें माता-पिता, शिक्षक और परमपिता परमात्मा के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए जिन्होंने हर परिस्थिति में हमें संभाला और आगे बढ़ने का साहस दिया।

## मसौढ़ी के जेपी रोड में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

### घर में घुसकर लूटपाट, जान से मारने की धमकी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना से महज कुछ दूरी पर जेपी रोड लखीबाग मोहल्ला बुधवार गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। दो दर्जन से अधिक हथियारबंद युवकों ने एक घर में घुसकर पथराव, फायरिंग और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित परशुराम प्रसाद, पिता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शाम करीब 4 बजे हथियारों से लैस दो दर्जन युवक उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले घर पर पथराव किया, फिर दर्जनों राउंड हवाई फायरिंग की। उस वक्त घर में सिर्फ तीन महिलाएं थीं, जो डर से घर के कोने में दुबक गईं। आरोप है कि बदमाश घर से लाखों रुपये के जेवरात लूटकर और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।परशुराम प्रसाद ने बताया कि 10 दिन पहले भी उनके घर के पास मारपीट की घटना हुई थी। विरोध करने पर आरोपियों ने तब भी गाली-गलौज और फायरिंग की थी, जिसकी लिखित शिकायत थाने में दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखे बरामद किए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित नीतू कुमारी पति रवि कुमार के बयान पर इस मामले में यीशु कुमार किट्टू कुमार दीघवां निवासी और कौशल कुमार नासिरना चक समेत दर्जनों अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है बताया कि 10 दिन पहले रवि कुमार ने उसके बगल के रहने वाले गोलू कुमार के साथ हो रहे हैं मारपीट में बीच बचाव किया था उसी रंजिश में आज गोलीबारी हुई है।

### तीन बिजली उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने धनरुआ थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

## बाजार में उपलब्ध जोशवर्द्धक दवायें अत्यंत हानिकारक, आयुर्वेद में गुप्त एवं यौन रोगों का सम्पूर्ण इलाज : डॉ.सुनील कुमार दूबे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ.सुनील कुमार दूबे 'गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ' ने कहा है कि सेक्स भारत में एक वर्जित विषय है। इसके बारे में खुले तौर पर कोई चर्चा नहीं की जाती है, इसी कारण से इसके संबंध में आम लोगों के बीच में प्रमाणिक जानकारी का अभाव है। दूसरी ओर आधुनिक जीवन-शैली, मधुमेह, शराब का सेवन, अंग्रेजी दवाओं का अत्याकि उपयोग, तनाव, हृदय रोग, धूम्रपान और उचित खान-पान के अभाव के कारण बहुत से लोग विभिन्न सेक्स समस्याओं से पीड़ित हैं। डॉ. दूबे के अनुसार हर दूसरा पुरुष किसी न किसी सेक्स समस्या से पीड़ित है। शर्म के कारण ऐसे लोग न तो अपनी समस्या के बारे में किसी को कुछ बताते हैं और न डॉक्टर से सम्पर्क करते हैं। नीम-हकीमों एवं झोला छाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़कर अपना पैसा और स्वास्थ्य दोनों बर्बाद करते हैं। डॉ. दूबे ने कहा कि इस संबंध में इंटरनेट पर पर्याप्त जानकारी मौजूद है, किन्तु सही जानकारी के साथ ही गलत और भ्रामक जानकारियां भी मौजूद है। सामान्य व्यक्ति यह तय ही नहीं कर पाता कि इनमें कौन सी जानकारी सही है और कौन सी गलत? अक्सर लोग इन समस्याओं को आम शारीरिक कमजोरी समझ कर बाजार में मिलने वाली दवाओं से जोश और स्टैमिना बढ़ाना अपना इलाज समझते हैं । जबकि बाजार में मिलने वाली जोशवर्द्धक दवाओं के



दुष्प्रभाव के बारे में उन्हें कुछ पता नहीं होता। आमलोगों को यह पता ही नहीं होता कि उनकी असली समस्या क्या है? पीएमई. या ईडी. जैसी बीमारियों में वह स्वयं अपना इलाज करने की कोशिश करते हैं और बाजार में उपलब्ध जोशवर्द्धक दवाइयां खाते हैं। अक्सर मरीजों की इन दवाइयों पर मानसिक निर्भरता हो जाती है। डॉ.दूबे के अनुसार हार्मोंस के असंतुलन, गुप्त रोगों एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सही आयुर्वेदिक इलाज अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ.दूबे ने आगे कहा कि गुप्त एवं यौन रोगों से घबरायें बिलकुल नहीं, न इसे छुपायें। आयुर्वेद में गुप्त एवं यौन रोगों का सम्पूर्ण इलाज मौजूद है, साथ ही आयुर्वेदिक दवायें विशुद्ध जड़ी-बूटियों, भष्मों एवं रस-रसायन से बनायी जाती है, जिनका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि कुछ सरल घरेलू उपाय अपना कर आप इस समस्या से कापफी हद तक टुटकारा पा सकते हैं। सुबह एक गिलास पानी में एक कागजी नींबू निचोड़कर एक चम्मच शहद के साथ सुसुम पानी में पीयें। लहसुन का चार दाना, एक चम्मच शहद एवं एक चम्मच मिश्री के साथ खाली पेट सेवन करें। दोपहर में हरे एवं ताजा मौसम्बी का जूस पीयें। कच्चे प्याज का पूरे साल सेवन करें । रात में एक गिलास दूध में 4 अदद बादाम डालकर रखें, सुबह बादाम एवं दूध पीयें। हरी सब्जियों एवं सोयाबीन का प्रचूर मात्राा में उपयोग करें । प्रतिदिन सुबह उठकर खुले मैदान में 20 मिनट दौड़ें या तेजी से चलें।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों में विकास को लेकर खेल सुविधाओं का होगा विस्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी चन्दन कुमार ने बुधवार को उच्च विद्यालय (+2) पालीगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं की खेल संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से



एसडीओ ने पुस्तकालय एवं खेल मैदान की उपलब्धता तथा उसकी वर्तमान स्थिति का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा दुल्हिन बाजार के लालाभसारा स्थित खेल मैदान और पालीगंज के गांधी मैदान का जायजा लेकर उन्हें बेहतर ढंग से विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान खेल मैदान को विकसित करने के साथ आवश्यकतानुसार स्टेडियम अथवा खेल परिसर में प्रकाश व्यवस्था और शौचालय निर्माण कराने पर भी विचार किया गया। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को विद्यार्थियों के हित में बेहतर खेल एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दुल्हिन बाजार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पालीगंज एवं अंचलाधिकारी पालीगंज उपस्थित थे।

### कला उत्सव के प्रतिभागी 75 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ मोकामा घाट में आयोजित कला उत्सव में प्रतिभाग करने वाले 75 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कला उत्सव का आयोजन श्री



मृत्युंजय कुमार के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी कला और रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### भारतीय रग्बी टीम के कप्तान बनकर बाढ़ लौटे रोहित कुमार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रग्बी टीम के कप्तान बनाए जाने के बाद बाढ़ लौटे रोहित कुमार का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। खेलप्रेमी दीपक कुमार ने बुधवार को लगभग 3 बजे बताया कि परिजन और बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों ने स्टेशन पहुंचकर रोहित को माला पहनाई, आरती उतारी और गाजे-बाजे के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके बाद रोहित ने परिजनों के साथ स्टेशन परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रोहित की उपलब्धि से उत्साहित



खेलप्रेमियों ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और जमकर नारे लगाए। इस दौरान 'भैया शेर है' के नारों से स्टेशन गूंज उठा। कंधे पर तिरंगा रखे रोहित को देखकर पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। बाढ़ के रहने वाले रोहित कुमार ने रग्बी खिलाड़ी और कप्तान के रूप में दो बार भारतीय टीम में जगह बनाकर बिहार और बाढ़ का नाम रोशन किया।

### 1350 किलो यूरिया खाद जब्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा श्री प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में आसूचना के आधार पर गश्ती के दौरान गश्ती दल ने भारी मात्रा में यूरिया खाद बरामद करते हुए तस्करी की कोशिश को नाकाम किया गया। सीमा चौकी बड़हरवा के द्वारा गश्ती दल ने आसूचना के आधार पर



कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर यूरिया खाद ले जा रहे एक व्यक्ति राधेश्याम कुमार (26 वर्ष), निवासी छौड़ादानो, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया। वहीं, पीछे आ रहे तीन साइकिल सवार एसएसबी को देखकर यूरिया खाद छोड़कर नेपाल की ओर फरार हो गए।गश्ती दल द्वारा आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी के दौरान कुल 30 बोरी यूरिया खाद (1,350 किलोग्राम), एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल एवं तीन साइकिलें बरामद कर जब्त की गई। जब्त सामान को अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी को सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

### पशु क्रूरता निवारण सोसाइटी की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11:30 बजे अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण सोसायिटी की बैठक हुई जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि आवारा पशुओं को नगर निगम के सहयोग से पकड़वाकर परिवहन के माध्यम से उन्हें सुरक्षित स्थान



या गोशाला में रखा जाय। बैठक में मोतिहारी नगर निगम के अन्तर्गत निर्बाधित पशु वधशाला खोले जाने की अत्यावश्यकता बताई गई और इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।बैठक में अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### तीन साल से फरार नामजद आरोपित गिरफ्तार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर टोला गोपाली गांव में पुलिस ने छापेमारी कर तीन वर्षों से फरार चल रहे मारपीट कांड के नामजद आरोपित विकास यादव उर्फ भोला को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध पूर्व से मारपीट का मामला दर्ज था और वह करीब तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### तस्वीर ने दिल जीताः बाढ़ के पानी में टब बना नाव, मासूम की मुस्कान बनी आफत में सुकून

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में बाढ़ की भयावह तस्वीरों के बीच एक तस्वीर ऐसी सामने आई है, जिसने पूरे सोशल मीडिया का ध्यान खींच लिया है और देखने वालों के दिल को छू लिया है। चारों तरफ घुटने भर पानी, घर-आंगन डूबे हुए, लोगों के चेहरे पर चिंता... लेकिन इसी पानी के बीच एक काले टब में बैठी नन्हीं सी बच्ची की मुस्कान ने आफत में भी सुकून का एहसास करा दिया। यह तस्वीर पुनपुन के बाढ़ प्रभावित वार्ड की बताई जा रही है। पानी इतना भर गया है कि घर से बाहर निकलना मुश्किल है। प्रशासन की नाव हर गली तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में इस



परिवार ने घर के बड़े काले टब को ही नाव बना लिया। उसी टब में अपनी मासूम बिटिया को बैठाकर वे उसे सुरक्षित जगह ले जा रहे हैं। सबसे खास है इस बच्ची का भाव। चेहरे पर जरा भी डर नहीं, रोना नहीं, बल्कि एक मासूम सी मुस्कान है। मानो वह बाढ़ को नहीं, बल्कि किसी मेले में नाव की सवारी कर रही हो। यह मुस्कान बताती है कि मुसीबत कितनी भी बड़ी हो, हौसला और बचपन की निश्छलता उससे भी बड़ी होती है। यह तस्वीर दो कहानियां एक साथ कह रही है। एक कहानी है सिस्टम की मजबूरी की - कि लोग आज भी नाव के लिए टब का सहारा लेने को मजबूर हैं। दूसरी कहानी है जज्बे की - कि बिहार का आदमी हर आफत में भी जीना नहीं छोड़ता। सोशल मीडिया पर लोग इस तस्वीर को खूब शेयर कर रहे हैं।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 10 सितंबर को डीबीटी से अंतरित होगी अगस्त माह की पेंशन राशि

## प्रत्येक पेंशनधारी को प्रतिमाह ₹1,100 की दर से मिलेगा पेंशन का लाभ

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के पेंशनधारियों को माह अगस्त, 2026 की पेंशन राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डब्लू) के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वैशाली समाहरणालय परिसर स्थित पुष्करणी सभागार में किया जाएगा, जहाँ जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई है।उल्लेखनीय है कि अगस्त माह की पेंशन राशि के रूप में वैशाली जिले के कुल 3,62,650 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डब्लू के



माध्यम से पेंशन राशि अंतरित की जाएगी। सभी पात्र पेंशनधारियों को ₹1,100 प्रतिमाह की निर्धारित पेंशन राशि उनके बैंक खाते में सीधे उपलब्ध कराई जाएगी।समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से छह पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इनमें इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं बिहार निःशक्तता पेंशन योजना शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने पेंशनधारियों से अपील की कि पेंशन राशि डब्लू के माध्यम से अंतरित होने के पश्चात अपने बैंक खाते की जाँच अवश्य कर लें। यदि किसी तकनीकी समस्या अथवा अन्य कारण से पेंशन की राशि प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित प्रखंड कार्यालय में अपनी समस्या दर्ज कराई जा सकती है, ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### जिलाधिकारी ने किया अकिलाबाद बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के बीच जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, अकिलाबाद क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर गंडक नदी के बढ़े जलस्तर एवं तटबंध की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से जलस्तर, ग्रामीण बांध की स्थिति तथा तिरहुत तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज द्वारा बताया गया कि तिरहुत तटबंध अपने सभी संरचनात्मक अवयवों के साथ पूर्णतः सुरक्षित है। अकिलाबाद क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा निर्मित ग्रामीण बांध की ऊँचाई तिरहुत तटबंध की तुलना में काफी कम है। गंडक नदी के बढ़े जलस्तर के कारण उक्त ग्रामीण बांध के ऊपर से पानी के प्रवाहित होने (ओवरटॉपिंग) की स्थिति उत्पन्न हुई है। यह ग्रामीण बांध तिरहुत तटबंध के रिवर साइड में अवस्थित है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को तिरहुत तटबंध सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं चौकसी बनाए रखने, जलस्तर में होने वाले परिवर्तन पर सतत नजर रखने तथा किसी भी संभावित स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि तटबंध के संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी की जाए तथा क्षेत्र में पर्याप्त मानव बल एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए।

मसौढ़ी दवा मंडी में ब्लेड मार गैंग सक्रिय

### रिटायर्ड कर्मी के थैले से 30 हजार उड़ाए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी बाजार में एक बार फिर ब्लेड मार गिरोह सक्रिय हो गया है। दवा मंडी में दवा ले रहे एक रिटायर्ड कर्मचारी के झोले से ब्लेड मारकर 30 हजार रुपये निकाल लिए गए।पीड़ित की पहचान धनरूआ प्रखंड के पभेडी निवासी शिवनारायण सिंह के रूप में हुई है, जो पुनपुन अस्पताल से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। बताया जाता है कि वे एसबीआई बैंक से 30 हजार रुपये निकालकर दवा लेने के लिए मसौढ़ी दवा मंडी पहुंचे थे।दवा दुकान के काउंटर पर उन्होंने रुपयों से भरा थैला रखा था। दवा लेने के बाद जब पैसे निकालने लगे तो देखा कि थैले में ब्लेड से चीरा लगा हुआ है और अंदर रखा पूरा पैसा गायब है। उस राशि से उन्हें दवा के साथ-साथ गाड़ी का भी कुछ काम करवाना था। सूचना मिलते ही मसौढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक फुटेज में एक टोपी पहने युवक बैंक से ही पीड़ित का पीछा करते हुए दिखाई दे रहा

# 71 वीं वाहिनी एसएसबी ने 22 यूरिया खाद जब्त की

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी द्वारा प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट के निर्देशन में सीमा चौकी अगरवा द्वारा आसूचना आधार पर नाका के दौरान 22 बोरी यूरिया खाद, कुल 990 किलोग्राम तथा 04 साइकिल जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी अगरवा के नाका दल द्वारा सीमा क्षेत्र में निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान कुछ लोग साइकिल एवं सिर पर यूरिया खाद की बोरियां लेकर भारत से नेपाल की ओर जाते दिखाई दिए।एसएसबी जवानों को देखते ही कुछ लोग खाद की बोरियां छोड़कर फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जयलाल





राय (45 वर्ष), निवासी अगरवा, थाना जितना, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने यूरिया खाद को नेपाल में बिक्री के लिए ले जाने की बात बताई तथा खाद से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसएसबी द्वारा 22 बोरी यूरिया खाद (प्रति बोरी 45 किलोग्राम), कुल 990 किलोग्राम एवं 04 साइकिल को नियमानुसार जब्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी में जमा करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आदि गंगा पुनपुन का रौद्र रूप शांत, घाट से नीचे उतरा पानी, लोगों ने ली राहत की सांस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले दो हफ्तों से अपना रौद्र रूप दिखा रही आदि गंगा पुनपुन अब शांत हो गई है। पुनपुन के आसपास के इलाकों में तबाही मचा रही थी, अब शांत वह होने लगी है। नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटने से बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि लगातार बारिश और ऊपरी इलाकों से पानी आने के कारण पुनपुन नदी खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही थी। इससे तटवर्ती कई गांव और टोले जलमग्न हो गए थे। पुनपुन घाट स्थित रेलवे पुल पर भी पानी का दबाव बढ़ गया था, जिससे खतरे की घंटी बजने लगी थी और लोग दहशत में थे।लेकिन सोमवार से नदी के जलस्तर में गिरावट शुरू हुई और बुधवार को नदी पुनपुन घाट से नीचे उतर गई। हालांकि अभी भी नदी खतरे के निशान के आसपास ही बह रही है। बुधवार को पुनपुन घाट पर जलस्तर 53.16 मीटर और श्रीपालपुर घाट पर 53.20 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान से करीब ढाई मीटर ऊपर है।

# बाल विकास निगम द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत महारानी जानकी कुअर (एम. जे. के.) हाई स्कूल, मोतिहारी में महिला एवं बाल विकास निगम, पूर्वी चंपारण द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, उनके कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा तथा समाज में महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संबोधन के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रही स्थानीय समिति की अध्यक्षा शशिकला कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन समाज की प्राथमिकता है। बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना



आवश्यक है ताकि वे बिना किसी भय के शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। जिला परियोजना प्रबंधक, वीरेंद्र राम द्वारा महिला एवं बाल निगम अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, लैंगिक समानता, तथा महिलाओं के लिए स्वरोजगार व आर्थिक सशक्तिकरण की योजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में जिला मिशन समन्वयक द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं और हिंसा मुक्त समाज के निर्माण में सरकारी योजनाओं की भूमिका को रेखांकित किया।जेंडर स्पेशलिस्ट निर्भय कुमार के द्वारा जेंडर संवेदनशीलता, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा, बाल विवाह प्रतिषेध तथा समाज में व्याप्त लैंगिक विषमताओं को दूर करने के कानूनी उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महारानी जानकी कुंअर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण द्वारा आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बोहटा नदी से क्षत-विक्षत हालत में मिला युवक का शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के नचाप गांव के समीप बोहटा नदी से बुधवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और इसकी जानकारी मांझी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मांझी थानाध्यक्ष बिनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराई। बरामद शव की पहचान ललपुर गांव निवासी सुरेश राय के पुत्र एवं कीर्तन मंडली के गायक कलाकार संतोष राय के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक की हत्या कर



मृतक का फाईल फोटो।

शव को नदी में फेंके जाने की आशंका जताई है। हालांकि, पुलिस ने हत्या की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि मृतक बीते रविवार को तीन दोस्तों के साथ कलान बाजार में मछली खरीदने गया था। उसी दिन से वह लापता था। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे। मंगलवार को परिजनों ने मांझी थाना में आवेदन देकर उसकी हत्या की आशंका जताई थी। बुधवार को बोहटा नदी में शव मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर सदर एसडीपीओ-2, एकमा- प्रेमचंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। मांझी थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लूटकांड के दो आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में करीब 4 साल पहले हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला धनरूआ थाना कांड संख्या 445/22 दिनांक 11/08/22. से जुड़ा है। पीड़ित नागेन्द्र कुमार, पिता अखिलेश प्रसाद, ग्राम-केनागी, पोस्ट-अल्हैया,टेकारी गया निवासी धनरूआ थाना में लिखित आवेदन देकर बताया था कि दिनांक 25/07/2022 की रात 02:50 बजे वे अपने रिश्तेदार के यहां दुभारा से अपने गांव के लिए निकल रहे थे। करीब 03:30 बजे ग्राम किस्तीपुर से करीब हाफ किलोमीटर पहले छह की संख्या में अपराधियों ने उन्हें रोक लिया।अपराधियों ने उनकी पल्सर 125 सीसी मोटरसाइकिल, जो उनके दोस्त उज्जवल कुमार के नाम पर है, ₹5½1 द8‍ मोबाइल जिसमें दो सिम लगे थे और 5500 रुपये नगद लूट लिए थे। पीड़ित के अनुसार अपराधी पल्सर 220 मोटरसाइकिल पर सवार थे, जिसमें से दो के पास हथियार था और गोली मारने की धमकी दे रहे थे। डर से पीड़ित ने घटना के बाद घर जाकर बाद में हिम्मत जुटाकर 11/08/22 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### औचक निरीक्षण में प्रधानाध्यापक अनुपस्थित, 236 की जगह 670 छात्रों की उपस्थिति दर्ज

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के मध्य विद्यालय बरहपुर में सोमवार को बाढ़ एसडीओ कृष्णा जोशी के औचक निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयानिधि प्रसाद सिंह अनुपस्थित पाए





गए। प्रधानाध्यापक के विद्यालय में नहीं रहने के संबंध में अन्य शिक्षकों से पूछताछ की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।निरीक्षण के दौरान छात्रों की दैनिक उपस्थिति पंजी की जांच की गई। पंजी में छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। शिक्षकों से छात्रों की वास्तविक उपस्थिति की गणना कराने पर विद्यालय में कुल 236 छात्र उपस्थित पाए गए।वहीं, मध्याह्न भोजन योजना की जांच के दौरान सामने आया कि प्रभारी राजेश प्रसाद द्वारा सोमवार की तिथि में एमडीएम मोबाइल एप पर छात्रों की वास्तविक संख्या 236 के बजाय 670 दर्ज की गई थी। इस संबंध में पूछताछ करने पर प्रभारी ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिका पूजा सिंह के कहने पर 670 छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई थी।इसके बाद पूजा सिंह से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानाध्यापक दयानिधि प्रसाद सिंह ने मोबाइल के माध्यम से 236 के स्थान पर 670 छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया था।मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही उनके एक दिन का वेतन स्थगित करने की अनुशंसा की गई है। अधिकारियों के अनुसार, यदि प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।विद्यालय के निरीक्षण का प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी, पटना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

### लहसुना थाना का वार्षिक निरीक्षण, नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा ने दिए कई निर्देश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना शैलजा द्वारा लहसुना थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यो तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की। मौके पर लहसुना ना थाना अध्यक्ष विक्रम कुमार उपस्थित रहे, साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीकी से अवलोकन किया।नगर पुलिस अधीक्षक ने मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, समय-सीमा के भीतर जांच पूरी करने, पारदर्शिता बनाए रखने और जनता को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने कर्मियों को सतर्कता, जनसेवा और कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

# कालाजार की जड़ पर वारः सिवान में पकड़ी गईं बालू मक्खियां, अब होगा वैज्ञानिक अध्ययन

## सिसई और रतौली में केंद्रीय टीम ने किया वेक्टर डेंसिटी सर्वे, 11 सितंबर तक चलेगा निरीक्षण



**छपरा/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कालाजार के खिलाफ चल रहे नियंत्रण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय टीम ने जिले के कालाजार प्रभावित गांवों में वेक्टर डेंसिटी यानी बालू मक्खी की सघनता का सर्वे किया। टीम ने सारण प्रमंडल के सिवान जिले के गोरियाकोठी प्रखंड के सिसई और भगवानपुर हाट प्रखंड के रतौली गांव पहुंचकर बालू मक्खी की मौजूदगी और घनत्व का आकलन किया। इस दौरान वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत बालू मक्खियों के नमूने एकत्र किए गए। इन नमूनों का आगे प्रयोगशाला स्तर पर परीक्षण एवं वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।

**सिसई और रतौली में हुई जांच**

केंद्रीय निरीक्षण दल ने पहले गोरियाकोठी प्रखंड के सिसई गांव का दौरा किया। इसके बाद भगवानपुर हाट प्रखंड के कालाजार प्रभावित रतौली गांव में वेक्टर डेंसिटी का निरीक्षण किया गया। दोनों जगह निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रिया के अनुसार बालू मक्खियों की उपलब्धता और सघनता का आकलन किया गया तथा नमूनों को सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया।

**मौजूदगी के साथ घनत्व का भी आकलनः**

कालाजार का प्रमुख वाहक बालू मक्खी है। इसलिए प्रभावित क्षेत्रों में इसकी मौजूदगी के साथ-साथ संख्या और वितरण का पता लगाना बीमारी के नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। नियमित वेक्टर निगरानी से यह समझने में मदद मिलती है कि किसी क्षेत्र में संक्रमण का जोखिम किस स्तर पर है और वेक्टर नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपाय कितने प्रभावी हैं।

**नमूनों से मिलेगी वेक्टर की स्थिति की वैज्ञानिक जानकारीः**

निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए बालू मक्खियों के नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण किया जाएगा। इससे संबंधित क्षेत्रों में वेक्टर की स्थिति और नियंत्रण गतिविधियों की प्रभावशीलता को समझने में मदद मिलेगी। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर प्रभावित गांवों में निगरानी और नियंत्रण गतिविधियों की आगे की कार्ययोजना तैयार की जा सकेगी।

**11 सितंबर तक चलेगा निरीक्षण कार्यक्रमः**

केंद्रीय टीम का वेक्टर डेंसिटी निरीक्षण कार्यक्रम 7 से 11 सितंबर 2026 तक निर्धारित है। इसके तहत सिवान के गोरियाकोठी, भगवानपुर हाट और बसंतपुर प्रखंडों के कालाजार प्रभावित गांवों में सर्वे प्रस्तावित है। इसके अलावा गोपालगंज जिले के बरौली, बैकुंठपुर और मांझा प्रखंडों के प्रभावित गांवों में भी बालू मक्खी की सघनता का आकलन किया जाएगा। निरीक्षण दल में राष्ट्रीय, राज्य, जोनल और जिला स्तर के अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहे। राष्ट्रीय स्तर से नेशनल एंटोमोलॉजिस्ट यज्ञ नाथ प्रसाद शर्मा, अनिल नेगी और जुगुल किशोर मीणा, मलेरिया इंस्पेक्टर मौजूद रहे। राज्य स्तर से स्टेट एंटोमोलॉजिस्ट मोहन कुमार, जबकि जोनल स्तर से मुजफ्फरपुर के जोनल एंटोमोलॉजिस्ट नीरज कुमार सिंह ने निरीक्षण में भाग लिया। जिला स्तर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश लाल, पीरामल स्वास्थ्य के राजेश कुमार तिवारी, इंसेक्ट कलेक्टर रोहित कुमार और एफडब्ल्यू उपेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**निगरानी आधारित रणनीति से होगा कालाजार नियंत्रणः**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश लाल ने बताया कि कालाजार नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक और निगरानी आधारित गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। बालू मक्खी की नियमित निगरानी और वैज्ञानिक अध्ययन से नियंत्रण की रणनीति को मजबूत करने में मदद मिलती है।

# सुंदरगंज मॉडल स्कूल का जिला सहकारिता पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकृत जिला सहकारिता पदाधिकारी राजीव कुमार यादव ने बुधवार को बारुण प्रखंड स्थित मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन, सुंदरगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, क्लासरूम और शौचालयों का अवलोकन किया। विज्ञान प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी विषयों की प्रयोगशाला कक्षाएं नियमित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि विद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन हो रहा है, लेकिन कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए रिमेडियल क्लास नहीं चलाया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षण पद्धति से भी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। कंप्यूटर लैब के निरीक्षण में पांच कंप्यूटर खराब पाए गए। वहीं, विज्ञान प्रयोगशाला में माइक्रोस्कोप खराब मिला तथा रसायन प्रयोगशाला के लिए केमिकल उपलब्ध नहीं था। उन्होंने आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त रखने और प्रयोगशाला का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की बात कही। उन्होंने क्लासरूम में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और शैक्षणिक वातावरण का भी जायजा लिया। विद्यालय प्रबंधन को कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। शौचालयों के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, साफ-सफाई और रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की गई। पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं के लिए हर समय स्वच्छ एवं उपयोग योग्य शौचालय, पर्याप्त जल और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राजीव कुमार यादव ने विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध संसाधनों का समुचित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के नियमित संचालन, प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वच्छता बनाए रखने और संसाधनों के उचित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन दिया।



## लोजपा (आर) के प्रदेश प्रवक्ता बने शशिकांत पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के चनहट गांव निवासी शशिकांत पासवान को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिलने पर शशिकांत पासवान ने बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी नीतीश कुमार मिश्रा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कमेटी में युवा वर्ग को जिम्मेदारी दिया जाना पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और मजबूती का संकेत है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान तथा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक के नेतृत्व में लोजपा (आर) के कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी पार्टी का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है।
शशिकांत पासवान ने कहा कि संगठन को गांव के अंतिम बसावट तक पहुंचाने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा।

# बच्चों का भविष्य बनाते हैं शिक्षक : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विवेकानंद मिशन स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। तमाम शिक्षकों और अतिथियों को सम्मानित किया गया। एसडीओ अमित राजन ने कहा कि बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने का कार्य शिक्षक करते हैं। वह सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। एसडीपीओ चंद्रभूषण ने कहा कि दाउदनगर में भी इस तरह के संस्थान हैं यह अनुमान नहीं किया था। कहा कि इस संस्थान में फिर आऊंगा और साइबर क्राइम जैसे मुद्दों पर छात्र-छात्राओं को जागरूक करूंगा। संस्था के निदेशक डॉ.शम्भू शरण सिंह ने कहा कि परंपरागत शिक्षा प्रणाली में निरंतर परिवर्तन होते रहा है। कई चुनौतियों का सामना हुआ है। आगे भी चुनौतियां होंगी। उन्होंने कहा कि विवेकानंद संस्थान नई ऊंचाइयां छूएगा। नए आयाम लिखेगा। संस्था के मैनेजर सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स ने सभी अतिथियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। उनके निर्देशन में कार्यक्रम हुए। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम, सीओ सतीश कुमार सिंह, उपकारा अधीक्षक अमित कुमार राय, जिला परिषद सदस्य अरविंद यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य मंटू सिंह, लेखक व पत्रकार उपेंद्र कश्यप, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, मुन्ना अजीज, प्राचार्य श्रीनिवास कुमार मंडल ने संबोधित किया। विजय अकेला, विजय कुमार आर्य, कमलेश कुमार विकल एवं अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने लगभग एक दर्जन विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन सागरिका सुमन एवं हर्षित कुमार, सौम्या कुमारी एवं सौरभ कुमार, तानिया चौरसिया एवं दिव्यांशु कुमार, श्रेया कुमारी एवं अदिति कुमारी, परी कुमारी एवं गुलशन कुमार, तथा सृष्टि कुमारी एवं आयुष पांडे की जोड़ी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक निदेशक शंभू शरण सिंह ने किया।



# ब्राह्मणों का विशेष उत्सव कुशोत्पाटनी आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** कुशोत्पाटनी अमावस्या गुरुवार को है। यह ब्राह्मणों का महत्व पूर्व उत्सव है। इस दिन संग्रह किया गया कुश एक वर्ष तक पवित्र रहता है। यह मांगलिक कार्यो में निरन्तर प्रयोग किया जाता है। श्राद्धादि में नये कुश का प्रयोग होता है। यह बात कर्मकांड के विद्वान आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने बताई। कहा कि कुश की उत्पत्ति भगवान् विष्णु के रोम से हुआ है। कुश से किसी की आकृति बनाने का निर्देश है। हवन में कुश कण्डिका अति आवश्यक होता है। इसके बिना हवन निष्फल माना जाता है। प्रत्येक ब्राह्मणों के घर में इस दिन संग्रह किया गया कुश रखना चाहिये। कुश की अंगुठी धारण किये बिना किसी प्रकार के कर्मकाण्ड नहीं किया जा सकता है। कुश का आसन, बढ़नी, अंगुठी, कुची, मोटक इत्यादि वस्तु का निर्माण यज्ञादि में होता है। दान और संकल्प बिना कुश के नहीं होते हैं। तर्पण में कुश का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है । स्वर्ण के सामान कुश को माना जाता है। मुख्य श्राद्ध में कुश और अक्षत का प्रयोग नहीं किया जाता है। इसकी जगह पर दुर्वा (घास) और जौ का प्रयोग होता है। गुरुकुल में जो वटूक कुशलता पूर्व कुश लाकर आचार्य को समर्चित करता था उसे कुशल वटूक कहा जाता था। कुशल शब्द कुश से ही हुआ है।



# 'आशीर्वाद का दीया' अभियान को लेकर भाजपा की व्यापक तैयारी

## 17 सितंबर को शाम 7 बजे जलेंगे आशीर्वाद के दीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा 'आशीर्वाद का दीया' अभियान को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान का संदेश "जिसने जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमारा" है। इस अवसर पर बताया गया कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत 17 सितंबर की शाम 7 बजे पूरे बिहार में एक साथ दीप प्रज्वलन किया जाएगा। घर-घर दीप पहुंचाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की कॉलोनियों, अमृत सरोवर, जन औषधि केंद्र, आयुष्मान अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों, मंदिरों, घाटों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन कराया जाएगा। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि यह केवल दीप जलाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा-यात्रा के प्रति जनता के आभार, स्नेह और आशीर्वाद की अभिव्यक्ति है। उन्होंने बिहारवासियों से अपील की कि 17 सितंबर की शाम 7 बजे अपने घर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, रजौली विधायक विमल राजवंशी, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक मांझी, लोजपा र जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, रालोसपा जिलाध्यक्ष विनय कुशवाहा, प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना,प्रमोद चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, सतीश चौहान, रामाधिन चौहान, महामंत्री गौरव शांडिल्य, नंदकिशोर चौरसिया, अभिजीत सिन्हा, गुलशन कुमार, अजित शंकर सहित कई लोग उपस्थित थे।



## 12 सितंबर को 50 प्रतिशत छूट के साथ निपटाए चालान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार पर जिला परिवहन कार्यालय में यातायात नियमों से संबंधित पुराने लंबित चालानों के निष्पादन हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर 90 दिन या उससे अधिक पुराने यातायात चालानों का निर्धारित नियमों एवं पात्रता के आधार पर निपटारा किया जा सकेगा। पात्र चालानों के मामलों में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। वाहन मालिकों एवं चालानधारकों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित यातायात चालानों के त्वरित निष्पादन के लिए सात सितंबर से जिला परिवहन कार्यालय में प्री-रजिस्ट्रेशन करा लें। प्री-रजिस्ट्रेशन कराने से राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन चालानों के निष्पादन की प्रक्रिया को सुगम एवं त्वरित बनाया जा सकेगा।

# जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए राहत व आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार हुई वर्षा एवं जलजमाव को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गोह एवं रफीगंज प्रखंड के विभिन्न जल प्रभावित क्षेत्रों और गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जलजमाव, ग्रामीणों के आवागमन, क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलिया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। गोह प्रखंड के घेजना गांव में जर्जर मार्ग का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को सड़क की आवश्यक मरम्मति तत्काल शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में वर्षा एवं जलजमाव से क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर आकलन कर शीघ्र मरम्मति कराने को कहा। घेजना में जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लघु सिंचाई प्रमंडल एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को समन्वय से तकनीकी अध्ययन कर समग्र कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। प्रभावित फसलों के आकलन के लिए जिला कृषि पदाधिकारी को सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन देने को कहा गया। डीएम ने गांव में संचालित मेडिकल कैंप का भी निरीक्षण किया। रफीगंज के पौथु पंचायत स्थित बरपा गांव में मदार नदी के जलस्तर एवं कटाव की स्थिति का जायजा लिया। नदी का जलस्तर कम होने के बावजूद आसपास के कुछ हिस्सों में कटाव पाया गया। प्रभावित स्थलों पर सैंड बैग से सुरक्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। मिश्र बिगहा गांव में ग्रामीण कार्य विभाग से निर्मित पुल का निरीक्षण करते हुए डीएम ने लंबित करीब 40 मीटर संपर्क पथ का निर्माण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। देव प्रखंड के उपहरा एवं अरंडा गांवों में क्षतिग्रस्त सड़कों का वीडियोग्राफी से सर्वेक्षण हो चुका है। उन्होंने मरम्मति कार्य शीघ्र शुरू कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, एसडीओ गौरव सिंह, एसडीओ अमित राजन, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम सहित संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# बच्चों ने सीखे अनुशासन, सेवा और आपदा प्रबंधन के गुर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** बिहार राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला इकाई कौआकोल के तत्वावधान में जिला सचिव रामअकवाल शर्मा के निर्देशन में पीएम श्री इंटर विद्यालय, ओखरिया में आयोजित पांच दिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनन्त कुमार, वरीय शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार एवं वरीय शिक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से स्काउट ध्वज फहराकर किया। इसके बाद छात्राओं चांदनी, दीपा, प्रियांसी एवं निशु ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य, अनुशासन, सामाजिक एवं राष्ट्र सेवा, स्वच्छता, स्काउट-गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा, प्राथमिक उपचार तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों में धैर्य, साहस, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। प्रधानाध्यापक अनन्त कुमार ने कहा कि स्काउट एवं गाइड के सदस्य विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में प्रशासन का सहयोग करते हैं। दुर्गापूजा, छठ पूजा सहित अन्य अवसरों पर यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं जनसेवा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।
वरीय शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार ने कहा कि स्काउट एवं गाइड केवल प्रशिक्षण देने वाली संस्था नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन जीने की कला, संस्कार, सेवा भावना एवं अनुशासन का पाठ भी पढ़ाती है। वहीं वरीय शिक्षक विकास कुमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है और अनुशासन उनके जीवन का स्थायी हिस्सा बनता है। शिविर को सफल बनाने में सहायक शिक्षक हर्षवर्धन कुमार, सतीश कुमार, एकता भारती, सीलू कुमारी एवं करिश्मा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण प्रतिभागी टोलियों द्वारा आयोजित पाक कला प्रतियोगिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रथम सोपान प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# धावा नदी उफनाई, पुल के ऊपर से बह रहा बाढ़ का पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-भदवा रोड पर माड़ीपुर के समीप धावा नदी में बुधवार शाम अचानक एक बार फिर बाढ़ का पानी बढ़ गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी पुल के ऊपर से बहने लगा है, जिससे आवागमन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।
बाढ़ के पानी के पुल के ऊपर से बहने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। तेज बहाव वाले पानी में जोखिम उठाकर पुल पार करने की कोशिश न करें और बच्चों को नदी व बाढ़ प्रभावित स्थानों से दूर रखें।
पुलिस प्रशासन ने लोगों से सचेत और सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन की अपील है कि किसी भी तरह की लापरवाही न करें, क्योंकि जीवन बेहद अनमोल है।

# नवादा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर कांग्रेस का महा धरना कल, तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बुधवार को नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने बताया कि नवादा में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण सहित 16 सूत्री मांगों को लेकर कल 10.9.2026 को नगर थाना के पास कांग्रेस के एकदिवसीय विशाल महाधरना की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्री झा ने कहा कि यह विशाल महाधरना नवादा की उपेक्षित जनता के हक, बहुत प्रशिक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े मांगों को लेकर आयोजित की गई है । श्री झा ने कहा की शहर को प्रतिदिन घंटों भीषण जाम से मुक्ति दिलाने वाला रेलवे ओवरब्रिज परियोजना फाइलों में दबी है जबकि यह भी ज्ञात हुआ है कि इसके निर्माण में लगने वाले पैसे भी आ चुके हैं। नवादा के जनप्रतिनिधि गण के पास बड़ी-बड़ी बात करने का समय है लेकिन नवादा की जनता को जाम और धूल से मुक्ति दिलाने की ना तो कोई इच्छा शक्ति है और ना ही कोई विजन। सड़कों की हालात बद से बदतर है, प्रखंड कार्यालयों तक भ्रष्टाचार और लचर व्यवस्था का बोल वाला है। युवाओं को रोजगार किसानों को सिंचाई और आम जनता को बुनियादी सुविधाएं देने में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री झा ने नवादा की देवतुल्य जनता, प्रबुद्ध नागरिकों, किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह हर उस नवादा वासियों के मान -सम्मान की लड़ाई है जो रोजाना शहर के जाम में घुटता है, जो स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए भटकता है । इसलिए अब घर बैठने का समय नहीं है क्योंकि अभी रेल ओवर ब्रिज नहीं बना तो दूर-दूर तक फिर नहीं बन पाएगा। प्रभाकर झा ने नवादा की जनता से अनुरोध किया है कि कल 10 सितंबर को सुबह 11:00 बजे भारी से भारी संख्या में नगर थाना के निकट पहुंचकर इस महाधरना को सफल बनाएं और ताकत दें ।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में रजौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 125 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को पूरी तरह शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पहवाचक गांव में भारी मात्रा में देशी महुआ शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एएसआई मनोरंजन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने पहवाचक गांव में घेराबंदी कर एक संदिग्ध बाइक को रोका। तलाशी के दौरान होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर02एक्यू8868 पर प्लास्टिक के गैलन में रखे 125 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। मौके से पुलिस ने पहवाचक गांव निवासी महेश यादव के पुत्र अमर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने शराब तस्करी की बात स्वीकार की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब और बाइक को थाने लाया गया है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, किसी भी सूरत में थाना क्षेत्र में शराब के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा पुलिस ने थानाक्षेत्र के बालाविगहा गांव के विकास कुमार उर्फ लालू व चांदी गांव के पवन यादव को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायलय में पेश कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों लोगों के खिलाफ न्यायलय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। जिसे पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया की वारंटियों के खिलाफ बराबर गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।


**Mines and Geology Department**

बिहार सरकार

District- Aurangabad.

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**

(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटां/बालूखण्डां क आगामी पाँच वर्षां क लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों मं कराय गये ई-नीलामी में PR-006564(Mines)2026-27 में शून्य निविदा पाप्त तथा पकाशित विज्ञापन एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :-

**ई-नीलामी कार्यक्रम:-**

| क्र0स0 | बालूखण्ड बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (10,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करन की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करन की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई-नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 04 (Surrender Sand Ghat) | सोन | 12.10.2026 | 30.10.2026 क अपराह्न 11:55 बजे | 04.11.2026 | 06.11.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 06.11.2026 01:00 बज अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 6A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 09 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 21 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 30 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 31 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | |
| 37 | Aur Pun-01 to 05 | पुनपुन नदी | 12.10.2026 | 30.10.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 04.11.2026 | 06.11. 2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 06.11.2026 01:00 बज अपराह्न तक |
| 38 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | |
| 41 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | |
| 43 | AUR BA 01 to 03 | बटान, नदी | 12.10.2026 | 30.10.2026 क अपराह्न 11:55 | 04.11.2026 | 06.11.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 06.11.2026 01:00 बज अपराह्न |
| 44 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | |
| 45 | AUR BA 06 | | | | | | |
| 46 | AUR BA 07 | | | | | | |
| 47 | AUR BA 08 | | | | | | |
| 48 | AUR BA 09 | | | | | | |
| 49 | AUR BA 10 | | | | | | |
| 50 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | |
| 51 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | |
| 52 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | |
| 53 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 12.10.2026 | 30.10.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 04.11.2026 | 06.11.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 06.11.2026 01:00 बजं अपराह्न तक |
| 54 | Madar 22 to 32 | | | | | | |
| 55 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 12.10.2026 | 30.10.2026 क अपराह्न 11:55 बजे | 04.11.2026 | 06.11.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 06.11.2026 01:00 बज अपराह्न तक |

2. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई-नीलामी प्रक्रिया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:/ eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई-नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/ कम्पनी/फर्म को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा- नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोससिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https:/ aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/ बालूखण्डों के ई-नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई-टेंडरिंग/ई-प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0- एम/22, रोड नं0-25, श्री कृष्णानगर, पटना-800001 दूरभाष संख्या: 0612-2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0- 8114593903 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

PR- 011408 ( Mines ) 2026-27

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# बाढ़ प्रभावित कहलगांव, भागलपुर, जमालपुर रेलखंडों में एहतियाती उपाय लागू

## बाढ़ के मद्देनजर पूर्व रेलवे ने यात्री सुरक्षा को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** यात्री सुरक्षा और रेल संरचनाओं की मजबूती के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए पूर्व रेलवे ने मालदा मंडल कहलगांव, भागलपुर जमालपुर खंड में व्यापक एहतियाती उपाय, गति प्रतिबंध तथा निरंतर निगरानी व्यवस्था लागू की है। गंगा नदी में आई बाढ़ के उच्च जलस्तर के प्रभाव से निपटते हुए प्रत्येक रेल यात्रा को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय के मार्गदर्शन में इस रेलखंड पर समर्पित इंजीनियरिंग टीमों को तैनात किया गया है और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। रेल पटरियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के सक्रिय निर्देशन में गंगा नदी के किनारे बाढ़ से प्रभावित दो प्रमुख समानांतर रेल खंडों की लगातार निगरानी की जा रही है। इनमें कहलगांव, भागलपुर खंड का कहलगांव, साबौर खंड तथा भागलपुर, जमालपुर खंड का सुल्तानगंज रतनपुर खंड शामिल हैं।




वर्तमान में बाढ़ का पानी मुख्यतः बैकवॉटर के रूप में है और इसमें कोई उल्लेखनीय बहाव नहीं देखा गया है। हालांकि, लैलाख ममलखा, साबौर खंड को छोड़कर अन्य स्थानों पर भी कोई महत्वपूर्ण धारा प्रवाह नहीं है। कई पुलों पर जलस्तर खतरे के स्तर को पार कर चुका है। एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में भारतीय रेलवे ब्रिज मैनुअल के पैरा 706 (2) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए नियंत्रित कॉशन स्पीड प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इसके तहत ब्रिज संख्या 130, 135, 144इ, 181, 188, 195, 197 और 198 पर 30 किमी प्रति घंटा, जबकि ब्रिज संख्या 145इ पर 20 किमी प्रति घंटा की कॉशन लागू है। केंद्रीय जल आयोग के 08 सितंबर 2026 को 06:00 बजे तक के अवलोकन के अनुसार, मुंगेर में गंगा का जलस्तर 40.08 मीटर दर्ज किया गया, जो 39.33 मीटर के खतरे के स्तर से 0.75 मीटर अधिक है। वहीं भागलपुर में जलस्तर 34.60 मीटर रहा, जो 33.68 मीटर के खतरे के स्तर से 0.92 मीटर अधिक है। केंद्रीय जल आयोग के गेज ट्रेंड के अनुसार इलाहाबाद, वाराणसी, बक्सर, पटना और मुंगेर में जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है, जबकि बरियारपुर, कल्याणपुर और भागलपुर में जलस्तर अपेक्षाकृत मध्यम गति से बढ़ रहा है। यद्यपि वर्तमान में समग्र स्थिति नियंत्रण में है, फिर भी कई रेलवे पुलों पर बाढ़ का जलस्तर गंभीर बना हुआ है और निरंतर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। निर्बाध सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे ने एक सुदृढ़ कार्ययोजना लागू की है। जिन सभी संवेदनशील पुलों पर पानी खतरे के स्तर को पार कर चुका है, वहां स्थायी वॉचमैन द्वारा 24 घंटे, सातों दिन निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, बाढ़ प्रभावित पूरे कहलगांव जमालपुर खंड में समर्पित पेट्रोलमैन द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। स्थल पर जलस्तर की प्रति घंटे रिकॉर्डिंग की जा रही है, जबकि जलस्तर में किसी भी महत्वपूर्ण वृद्धि, जलधारा, स्कॉर अथवा किसी अन्य असामान्यता का तत्काल पता लगाने के लिए केंद्रीय जल आयोग से संबंधित आंकड़े हर चार घंटे में एकत्र किए जा रहे हैं।

इसके अलावा मुख्य पुल इंजीनियर तथा मुख्य इंजीनियर (सामान्य) सहित वरिष्ठ अधिकारी भागलपुर में कैंप कर रहे हैं। वे जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, सहायक मंडल इंजीनियर, स्थायी पथ निरीक्षक तथा निर्माण निरीक्षक द्वारा प्रतिदिन ट्रॉली, फुटप्लेट और पैदल निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसमें अनिवार्य रात्रिकालीन निरीक्षण भी शामिल हैं। बरियारपुर में मानसून रिजर्व सामग्री, पर्याप्त मानवबल और मशीनरी को आपातकालीन तैनाती के लिए पूरी तरह तैयार रखा गया है। संवेदनशील स्थानों पर बैंक प्रोटेक्शन, सेस चौड़ीकरण तथा बल्ला पाइलिंग जैसे सुरक्षात्मक कार्य पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। रेल प्रशासन पूरी तरह तैयार है कि यदि बाढ़ का पानी बेयरिंग लेवल के करीब पहुंचता है अथवा उल्लेखनीय जलधारा/स्कॉर की स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल यातायात विनियमन अथवा रेल परिचालन का निलंबन किया जा सके। रेल प्रशासन की पूरी तैयारियों के प्रति आम जनता को आश्वस्त करते हुए, पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, शिबराम माझि ने कहा-हमारे यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और कल्याण पूर्व रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

# श्रावणी मेला में उत्कृष्ट सेवा के लिए मालदा मंडल ने 22 रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के भागलपुर-जमालपुर रेलखंड के सुल्तानगंज स्टेशन पर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान उत्कृष्ट एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्य करने वाले 22 रेल कर्मचारियों को आज सम्मानित किया गया। इस वर्ष सुल्तानगंज में पूरे सावन मास तक संचालित श्रावणी मेला के दौरान इस स्टेशन (सुल्तानगंज) पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित करने में निभाए गए महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मोर्य ने बुधवार को कुल 22 रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन सम्मानित कर्मचारियों में वाणिज्यिक, परिचालन, सुरक्षा एवं जनसंपर्क विभागों के साथ-साथ चिकित्सा, यांत्रिक, विद्युत, इंजीनियरिंग तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। जिन्होंने श्रावणी मेला के दौरान पूरे एक महीने तक उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, समर्पण एवं जिम्मेदारी की भावना का परिचय दिया। इन सभी कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से प्रभावी भीड़ प्रबंधन, यात्रियों की सहायता, श्रद्धालुओं की सुचारू आवाजाही तथा सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। यह सम्मान अत्यधिक यात्री दबाव वाले इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं व्यावसायिक दक्षता के साथ कार्य करने वाले रेल कर्मयोगियों के प्रति आभार एवं प्रशंसा की अभिव्यक्ति है। उनका निस्वार्थ सेवा भाव एवं टीम भावना जनसेवा की भावना तथा यात्री-केंद्रित कार्यप्रणाली को प्रतिबिंबित करता है। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को प्रोत्साहित करने तथा रेल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मालदा मंडल की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। रेलकर्मियों के अथक प्रयास सुरक्षित, निर्बाध एवं यात्री-अनुकूल रेल सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## विक्षिप्त भाई को घर में रखने के विवाद में बेटे ने मां को पीटा, हालत गंभीर

**हिलसा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पारिवारिक विवाद में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना गौरा भटबीघा गांव में सामने आई है। यहां एक बेटे ने अपनी ही मां के साथ बेरहमी से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घायल महिला की पहचान गौरा भटबीघा निवासी छोटे बिंद की पत्नी कमल देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कमल देवी का एक पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है। मां की ममता के कारण वह उसे हमेशा अपने साथ रखती हैं। इसी बात को लेकर उनके दूसरे बेटे को आपत्ति थी और वह अपने अस्वस्थ भाई को घर में रखने का विरोध करता था। बताया जाता है कि इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को घर में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी बेटे ने आपा खो दिया और अपनी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में कमल देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय सभागार, भोजपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता के उद्देश्य से प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण के दौरान पिरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम डायरेक्टर सह मास्टर ट्रेनर रश्मि झा ने पीपीटी के माध्यम से पॉश एक्ट, 2013 के विभिन्न



प्रावधानों, लैंगिक उत्पीड़न की पहचान, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, समय-सीमा, शिकायत निवारण, गोपनीयता, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका एवं दायित्व तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पॉश एक्ट का उद्देश्य केवल शिकायतों का निवारण नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं लैंगिक रूप से संवेदनशील कार्यस्थल सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से पॉश एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अंतर-विभागीय समन्वय एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूती मिली। कार्यशाला में सिविल सर्जन, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन, तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# प्रभारी सचिव ने राघोपुर बांध का लिया जायजा



## सामुदायिक रसोई की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के आलोक में खेल सचिव सह भागलपुर जिले के प्रभारी सचिव दीपक आनंद द्वारा बुधवार को खरीक अंचल के राघोपुर गांव के पास क्षतिग्रस्त काजीकोरैया बांध और सामुदायिक रसोई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति, बांध की सुरक्षा एवं प्रभावित लोगों के लिए संचालित राहत व्यवस्था का जायजा लिया और गंगा में लगातार हो रही जलवृद्धि को देखते हुए बांध की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। साथ ही मौके पर उपस्थित मुख्य अभियंता को आवश्यकतानुसार जियो बैग एवं ईसी बैग का उपयोग करते हुए बांध को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय तत्काल सुनिश्चित करने हेतु कहा गया। श्री आनंद ने बांध पर 24 घंटे अभियंताओं एवं मजदूरों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा जलस्तर एवं बांध की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी संभावित परिस्थिति से समय रहते प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। तत्पश्चात प्रभारी सचिव ने सामुदायिक रसोई का भी औचक निरीक्षण किया और तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं साफ-सफाई सहित लाभुकों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

# बाढ़ : छतों पर गुजारा करने को मजबूर हैं ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में बाढ़ की स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है। कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण घर छोड़कर कोईलवर-बक्सर तटबंध, सरैया-सिन्हा मुख्य सड़क सहित अन्य ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। वहीं, कई परिवार घरों की छतों पर प्लास्टिक का त्रिपाल लगाकर खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजार रहे हैं। महुदही गांव निवासी संजय सिंह का घर चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गया है। परिवार के सदस्य घर की छत पर रहकर किसी तरह अपना जीवन बचाने को मजबूर हैं। बाढ़ का पानी बढ़ने के साथ ही प्रभावित परिवारों की मुश्किलें भी लगातार बढ़ती जा रही हैं।

**नावों की कमी बनी समस्या**

बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवागमन सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है। सड़क मार्ग के डूबने से कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है। ऐसे में नाव ही ग्रामीणों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन बनी हुई है। लेकिन पर्याप्त नाव उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को जरूरी सामान लाने-ले जाने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी बीच नथमलपुर पंचायत के संजय सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर नावों के संचालन को लेकर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के नाम पर अंचल कार्यालय की ओर से 21 नाव उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई थी, जबकि धरातल पर महज 10 नावों का ही संचालन हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नावों की संख्या कम होने से बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने, खाद्य सामग्री व अन्य जरूरी सामान जुटाने में काफी दिक्कत हो रही है। लोगों ने प्रशासन से पर्याप्त संख्या में नावों का संचालन कराने के साथ बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

# 136 जीविका दीदियों की निःशुल्क स्वास्थ जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा।** हिलसा प्रखंड के जूनियार पंचायत के मीणा बाजार स्थित दर्पण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति के कार्यालय में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया जिसमें सैकड़ों जीविका दीदियों को मुफ्त इलाज किया गया। यह कैंप नालंदा के डीडीसी के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिलसा के द्वारा एनीमिया और एनसीडी की जांच के लिए लगाया था। कैंप में डॉण आशीष रंजन और डॉण मनीष कुमार ने जीविका दीदियों को सलाह दी कि वे अपनी परेशानी डॉक्टरों से खुलकर बताएंए ताकि समय पर इलाज हो सके। उन्होंने बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों से बचाव और खान.पान में सावधानी बरतने की जानकारी भी दी।इस कैंप के जरिए कुल 136 जीविका दीदियों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई। उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। हिलसा के बीपीएम राजेश कुमार ने बताया कि बिहार सरकार एनीमिया मुक्त बिहार बनाने के लिए यह अभियान चला रही है। नालंदा में डीडीसी ने जीविका से जुड़े सभी संकुल संघों को कैंप लगाकर सभी जीविका दीदियों की एनीमिया जांच पूरी करवाने का लक्ष्य दिया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर दिन कैंप के अलावा जीविका दीदियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी भेजा जा रहा है। इस मौके पर एनएएम सोनी कुमारीए क्षेत्रीय समन्वयक पुष्पा कुमारी सामुदायिक समन्वयक शशिकांता कुमारी अनीता कुमारीए धर्मेंद्र कुमारए संजय कुमारए संदीप कुमारए सागर कुमार चंदन कुमारए प्रकाशए मायावतीए काजूए अविनाश कुमार मुन्ना कुमारए पूजा कुमारी पिंकी कुमारी शोभा सरोज और रीता मौजूद थीं।

# पांच थानों का वांछित वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर (भोजपुर)।** गीधा थाना पुलिस ने बुधवार को अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस ने सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए ज्ञानपुर गांव से लूट कांड में फरार चल रहे कुर्की वारंटी साहेब पासवान को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक इतिहास रहा है जो कि लंबे समय से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ चांदी, आरा नगर, बिहिया, कोईलवर और गीधा सहित पांच थानों में वारंट जारी है। इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे अनिल कुमार सिंह, गांव डुमरिया को गिरफ्तार किया है। मेडिकल जांच के बाद उसे उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेजा गया। इधर तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने हत्या कांड में फरार चल रहे गणेश सिंह और उसकी पत्नी शांति देवी, ग्राम - गीधा के घर पर न्यायालय के आदेश से इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने मुनादी कर चेतावनी दी कि 30 दिनों के अंदर सरेंडर नहीं करने पर दोनों की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी। पुलिस के इस कारवाई अन्य कई कांडों में फरार चल रहे आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाप्रभारी टिंकू कुमार ने बताया कि अलग अलग मामले दो आरोपी व एक हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपित के घर इश्तेहार चिपकाया गया है।

# युवाओं को बताया गया स्टार्टअप से रोजगार तक का रास्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के स्टार्टअप प्रकोष्ठ द्वारा भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख पहल स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत संचालित तेजस (ट्रांस्फोर्मिंग एंट्रेपरेनेउल जर्नी अक्रॉस स्टेट्स एंड डिस्ट्रिक्ट) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के 450 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा स्टार्टअप, उद्यमिता, सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।




कार्यक्रम में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत मणि, जिला उद्योग केंद्र, औरंगाबाद के महाप्रबंधक संजीव कुमार, स्टार्टअप इंडिया तेजस कार्यक्रम के समन्वयक एहसान माथुर, स्टार्टअप प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. आनंद राज, स्टार्टअप समन्वयक आनंद कुमार, उद्योग विभाग के प्रतिनिधि कन्हैया सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन ज्ञान, नवाचार, प्रगति एवं उद्यमशीलता के प्रकाश का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को नवाचार आधारित सोच विकसित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में प्रचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने महाविद्यालय में विकसित हो रही स्टार्टअप एवं नवाचार संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि आज के युग में तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान विकसित करना भी है। स्टार्टअप समन्वयक आनंद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थियों के पास तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच एवं समस्याओं के समाधान की अपार क्षमता है। आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की है। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा आयोजित स्टार्टअप, नवाचार, हैकाथॉन, आइडिया प्रतियोगिताओं एवं उद्यमिता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# हिंदी महोत्सव में साहित्यिक विरासत पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय हिंदी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को देव वैली ग्लोबल स्कूल, अंबा में आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी हुई। वक्ताओं ने कहा कि भारतेंदु की साहित्यिक दृष्टि आज भी सामाजिक सुधार, जनजागरण और राष्ट्रीय चेतना की मजबूत प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धेश्वर विद्यार्थी, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, लालदेव प्रसाद, आदित्य श्रीवास्तव समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक शंभू नाथ पांडेय ने की। मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि भारतेंदु ने हिंदी साहित्य को आधुनिक दिशा देने के



साथ समाज में राष्ट्रीय चेतना जगाने का काम किया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने उनके नाटकों की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में देशप्रेम और जनचेतना का प्रभाव स्पष्ट दिखता है। वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद सिंह ने काव्य प्रस्तुति दी। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लोक गायिका रिया पाठक के गायन ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। हिंदी भाषा-साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले साहित्यकारों व भाषा प्रेमियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन रामजीत सिंह ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## 12 सितंबर को गुरु सम्मान समारोह बनेगा ऐतिहासिक, श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बनी आयोजन की रणनीति

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन, जिला इकाई औरंगाबाद की बैठक बुधवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में जिला सचिव रिंकू कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 12 सितंबर को आयोजित गुरु सम्मान समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। साथ ही पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिला सचिव ने बताया कि समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी और प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. के.सी. सिन्हा मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तीनों अतिथि संयुक्त रूप से समारोह का उद्घाटन करेंगे। आयोजन को लेकर निजी विद्यालय संचालकों व शिक्षकों में खासा उत्साह है। बैठक में जिला अध्यक्ष अजय कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष विजय कुमार कश्यप, संरक्षक सत्येंद्र शर्मा, बालकेश प्रसाद, विनय कुमार सिंह समेत सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और विद्यालय संचालक मौजूद रहे। देव, रफीगंज, गोह, दाउदनगर, हसपुरा, ओबरा, सदर, कुटुम्बा, नवीनगर व बारुण के प्रतिनिधियों ने भी तैयारियों की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने समारोह को जिले के शैक्षणिक इतिहास में यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## संत विनोबा भावे जयंती मनेगी कल

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खादी ग्राम उद्योग के परिसर में 11 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन कर आचार्य संत विनोबा भावे की जयंती मनाई जायेगी। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। इसकी जानकारी खादी ग्रामोद्योग संस्थान के प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जयंती कार्यक्रम में संत विनोबा भावे के जीवनी पर संगोष्ठी में चर्चा किया जायेगा। आचार्य संत विनोबा भावे का जीवन सत्य, अहिंसा, आध्यात्मिकता व सर्वोदय है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-53-26; दिनांक 08.09.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल मंडल - पानागढ़ में न्यू क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम, रानीगंज रनिंग रूम तथा अंडाल में क्रू बुकिंग लॉबी का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 88,21,612.75; **बयाना राशि:** रु. 1,76,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 30.09.2026 को 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-253/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 1.52 मीटर ऊपर

## बाढ़ से 3.80 लाख आबादी प्रभावित, 269 नावें राहत व बचाव में जुटीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सह बेगूसराय जिला के प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव ने बुधवार को भगवानपुर में प्रेस वार्ता कर बाढ़ 2026 की स्थिति और जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित लोगों तक समय पर भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य जरूरी सहायता पहुंचाना है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि जिले में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 41.76 मीटर को पार कर 43.28 मीटर पर पहुंच गया है। हालांकि, यह अब तक के उच्चतम जलस्तर 43.52 मीटर से नीचे है। जिले के आठ प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। इन प्रखंडों की 39 पंचायतों, जिसमें 37 ग्राम पंचायत और दो नगर पंचायत शामिल हैं, के 189 गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से कूल 95,245 परिवार और करीब 3.80 लाख की आबादी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए 269 नावों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें 23 सरकारी और 246 निजी नाव शामिल हैं। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीमें बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी और शाम्हो में तैनात हैं, जबकि एनडीआरएफ की टीम बलिया में राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है। प्रशासन के अनुसार जिले के सभी तटबंध फिलहाल सुरक्षित हैं और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए जिले में 180 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इन रसोई के माध्यम से अब तक 4,01,467 थालियों में भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। जिन लोगों के घर बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए हैं, उन्हें रहने के लिए 25,357 पॉलीथीन शीट वितरित की जा चुकी हैं। प्रशासन के पास कुल 41,880 पॉलीथीन शीट उपलब्ध है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने के लिए 45 अस्थायी शौचालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 31 नए चापाकल लगाए गए हैं, ताकि प्रभावित लोगों को पेयजल के लिए परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए 57 मेडिकल कैंप और एक बोट एम्बुलेंस संचालित की जा रही है। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 14,545 लोगों का इलाज किया जा चुका है। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों को लगातार सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। मंत्री श्री यादव ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित पशुपालकों के पशुधन की सुरक्षा के लिए 38 पशु चिकित्सा कैंप संचालित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में अब तक 4,236 पशुओं का इलाज किया गया है। वहीं, पशुओं के लिए 1,280.31 क्विंटल चारा वितरित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाढ़ का सबसे बड़ा असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ा है। जिले में कुल 27,034 हेक्टेयर कृषि रकबा प्रभावित हुआ है। इसमें 19,504 हेक्टेयर भूमि ऐसी है, जहां 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने का आकलन किया गया है। इससे किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान होने की आशंका है।जिला प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटा है। प्रभावित लोगों को भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर राहत पहुंचाई जाए। मौके पर स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री सुरेंद्र मेहता, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएम ने बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने मंगलवार देर शाम बलिया प्रखंड के सनहा-गोरगामा बांध के शादीपुर ढाला पर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बांध पर रह रहे लोगों से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर संचालित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था की जांच की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस अजय यादव,डीएसपी सुबोध कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मी मौजूद थे।

## मेला देखकर लौट रहे छात्र की गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** थाना क्षेत्र के बाजलपुरा गांव में मंगलवार देर रात जन्माष्टमी मेला देखकर लौट रहे 16 वर्षीय छात्र की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने तेघड़ा बाजार की सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मृतक की पहचान बाजलपुरा निवासी मो. आशिक के पुत्र मो. समीर (16 वर्ष) के रूप में हुई है, जो 10वीं कक्षा का छात्र था। भाई मो. मुमताज ने बताया कि रात करीब 2 बजे मकई मस्जिद के आगे कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था। समीर रुककर देखने लगा, तभी विवाद कर रहे लोगों में से किसी ने गोली चला दी जो समीर को लग गई। अफरा-तफरी में लोग भाग गए। परिजन उसे तेघड़ा अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां से रेफर किया गया, लेकिन सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। परिवार ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। सूचना पर पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच और संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही है।

## लोहिया नगर में धूमधाम से मनाई जाएगी दुर्गा पूजा, 21 सदस्यीय कार्यसमिति गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के लोहिया नगर स्थित 28 के सर्वमंगला दुर्गा पूजा समिति की बैठक मंदिर व्यवस्थापक सुधीर कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव/कोषाध्यक्ष कार्तिक झा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 की दुर्गा पूजा पूर्व से अधिक भव्यता और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व पार्षद डॉ. जितेंद्र राय ने किया।अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं और इस बार आयोजन को अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और भक्तिमय बनाया जाएगा। सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय कार्य समिति बनी। लाइसेंसी- आजाद सहनी, अध्यक्ष-अमित सिंह, उपाध्यक्ष - सिंटू कुमार सिंह व संतोष कुमार पोद्दार, सचिव व कोषाध्यक्ष - कार्तिक झा व आनंद कुमार गुड्डू, उपसचिव-मनीष सहनी व अमित कुमार पोद्दार, संयोजक-कुंदन कुमार पिंटू, व्रती-कन्हैया कुमार झा, उप व्रती - राजन सिन्हा, पंडित-अवधेश मिश्रा, मनोज मिश्र। मंदिर व्यवस्थापक- विनोद कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, प्रकाश सिन्हा, रोहित गुप्ता, रत्नेश कुमार। कार्यालय प्रभारी- ब्रजेश भारती, सुमन कुमार, नीतीश कुमार। बैठक में आजाद सहनी, प्रकाश सहनी, रत्नेश कुमार, संजय सहनी, विभीषण यादव, नवीन कुमार सिंह सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाने गए सीओ पर जानलेवा हमला

### पुलिस ने सात नामजद समेत 10 पर दर्ज की एफआईआर

**भगवानपुर।** अंचल क्षेत्र के बनवारीपुर गांव में अतिक्रमण हटाने गए प्रशासनिक अमले पर अतिक्रमणकारियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार शाम की है, जब अंचलाधिकारी रानू कुमार अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों को समझाने गये थे। हमले में अंचलाधिकारी बाल-बाल बच गए। मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड की तत्परता और भगवानपुर थाना पुलिस के समय पर पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। अंचलाधिकारी रानू कुमार ने बताया कि लखनपुर-बनवारीपुर के बीच बलान नदी के एप्रोच पथ पर बनवारीपुर की तरफ सड़क के दोनों ओर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने कठरा की 7 दुकानें बना रखी थीं। स्थानीय लोगों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि इन दुकानों में अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार होता है तथा लोगों को यातायात में भी असुविधा होती है। कई बार अतिक्रमणकारियों को स्वयं हट जाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन वे नहीं हटे। श्री कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम वह फिर से अतिक्रमणकारियों को समझाने गये थे कि वे अविलंब सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दें। इसी बात पर अतिक्रमणकारी भड़क गए। पहले तू-तू मैं-मैं हुई और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलाने लगे। आरोप है कि पीछे से एक व्यक्ति ने लोहे के रॉड से उन पर वार कर दिया, जिसे उनके सुरक्षा गार्ड ने नाकाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना की एसआई प्रिया कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद जेसीबी मशीन मंगाकर एप्रोच पथ पर अवैध रूप से बनी सातों कठरा दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। कठरा हटने के बाद पता चला कि अतिक्रमणकारी अंदर ही अंदर पक्का घर बना रहा था। जिसका पिलर आदि तैयार कर लिया था। इस संबंध में अंचलाधिकारी के लिखित आवेदन पर रौशन पासवान, सुंदर पासवान, रिंकू देवी, हजारी देवी, रिशु पासवान, रोहित पासवान, रोहित पासवान, शंकर 7 नामजद और 3 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भगवानपुर थाने में जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये दुकानदार वहां अवैध रूप से किराया वसूलते थे और विरोध करने पर लोगों को डरा-धमका कर झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे। सभी आरोपी दबंग प्रवृत्ति के बताए जा रहे हैं। लंबे समय से एप्रोच पथ पर जाम और असामाजिक गतिविधियों से परेशान ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटने के बाद प्रशासन की इस कार्रवाई पर खुशी जताई है और आगे भी सख्ती जारी रखने की मांग की है।

## संत पॉल पब्लिक स्कूल में योग्यता-आधारित शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में सीबीएसई पटना जोन के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए 'योग्यता-आधारित प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। उद्देश्य विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय कौशल, दक्षता और व्यवहारिक क्षमता विकसित करना था। कार्यशाला का शुभारंभ प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, रिसोर्स पर्सन डीएवी प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, अनमोल कुमार दुबे, प्राचार्या तनु सौरभ और समन्वयक राम कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों ने गणेश वंदना और सृष्टि व टीम ने शास्त्रीय स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने दोनों रिसोर्स पर्सन को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्या तनु सौरभ के स्वागत भाषण के बाद सत्र शुरू हुआ। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि योग्यता-आधारित शिक्षा में समय नहीं बल्कि निर्धारित कौशल को मानक के अनुरूप हासिल करना महत्वपूर्ण है। इससे विद्यार्थी रटने तक सीमित न रहकर वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए सक्षम बनते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की गति अलग होती है, कमजोर को अतिरिक्त समय और तेज सीखने वाले को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है और मूल्यांकन पारदर्शी बनता है। समापन पर समन्वयक राम कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर सुरेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, संजीत कुमार, रंजीत कुमार, संजीव कुमार सिंह, दीपक कुमार, राज किशोर कुमार, अविनाश कुमार मिश्रा, प्रीति प्रिया, रीना कुमारी सहित शिक्षक और स्टाफ मौजूद थे।

## लोक अदालत में पांच हजार से अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय में आगामी 12 सितंबर को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए ऋषिकांत की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता हुई। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से ही प्री-लिटिगेशन और प्री-सिटिंग शुरू है। डीएलएसए के एडीआर भवन में रोजाना विशेष बेंच के माध्यम से ई-चालान, बैंक ऋण, बिजली, नापतौल, चेक बाउंस समेत सुलहनीय मामलों का निष्पादन चल रहा है।कुल 20 बेंच बनाई गई हैं - जिला मुख्यालय में 15, बखरी, मंझौल, तेघड़ा, बलिया अनुमंडल न्यायालय में 4, और बरौनी रेलवे न्यायालय में 1। ट्रैफिक चालान के लिए दिनकर भवन में 3 विशेष बेंच होंगी। पीएलवी द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस बार 5 हजार से अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिला जज ने लोगों से अपील की कि सुलहनीय मामलों का आपसी सहमति से त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान कराएं। मौके पर डीएलएसए सचिव सह अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद ने मीडिया से प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा तथा रोजगार के स्वरूप को कर रहा प्रभावित : प्रधानाचार्य



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** महाराज लक्ष्मेश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आटोमेशन टेक्नोलॉजी चेंजिंग दी स्केल आफ ग्रैजुएट स्टूडेंट विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव ने की। सेमिनार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, प्रबंधन शिक्षा तथा औद्योगिक विकास में नई तकनीकों की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय तकनीकी परिवर्तन का दौर है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा तथा रोजगार के स्वरूप को तेजी से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक ज्ञान तक सीमित न रहकर नई तकनीकों की जानकारी और व्यावहारिक दक्षता भी अर्जित करनी चाहिए। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के. गिरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल कंप्यूटर और तकनीकी क्षेत्र तक सीमित विषय नहीं रह गया है, बल्कि प्रबंधन, शिक्षा, रक्षा और औद्योगिक विकास सहित जीवन के अनेक क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। राष्ट्रीय सेमिनार में महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्गों के विभिन्न सेमेस्टरों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रभात कुमार ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के सम्मानित बर्सर डॉ. नन्दकिशोर झा ने किया। सेमिनार ने विद्यार्थियों के सामने यह स्पष्ट संदेश रखा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि वर्तमान की बदलती वास्तविकता है। कार्यक्रम में शिक्षक उपस्थित रहे जिनमें डॉ विवेक कुमार राय, डॉ आनंद मोहन झा, डॉ भारतेंदु कुमार, डॉ गोपाल चंद्र ठाकुर, डॉ ज्वाला चंद्र चौधरी, डॉ उदय साह, डॉ अंजु कुमारी, डॉ आशा कुमारी, डॉ माला कुमारी एवं डॉ संगीता कुमारी प्रमुख रहे।

## बच्चों को कराया गया तिथि भोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवपुरा में बुधवार को तिथि भोजन का आयोजन किया गया। विधान चन्द्र भारती की माता स्वर्गीय किशोरी देवी के निधन के उपरांत उनकी स्मृति में उनके परिवार की ओर से विद्यालय के बच्चों के लिए तिथि भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया। सामूहिक भोज में भोजन पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह नजर आया। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि तिथि भोजन की परंपरा बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता, आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का विकास होता है तथा वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित होते हैं। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, शिक्षक विजय कुमार, रणधीर प्रसाद सिंह, मोहन कुमार, अभिषेक, कन्हैया, माधव एवं टोला सेवक मजीद हुसैन तथा ग्रामीण डॉक्टर सच्चिदानंद महतो, चंद्रमणि भारती, इंद्रदेव पासवान सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य तथा आयोजक परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## फैक्ट आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से 'अजातघर' का मंचन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** द फैक्ट आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी की ओर से फैक्ट स्पेस में वरिष्ठ नाटककार रामेश्वर प्रेम लिखित नाटक 'अजातघर' का दो दिवसीय मंचन हुआ। परिकल्पना एवं निर्देशन प्रवीण कुमार गुंजन ने किया। नाटक बदलते सामाजिक संबंधों और व्यक्ति की पहचान को लेकर धारणाओं पर सवाल उठाता है। कथा ऐसे वातावरण को सामने लाती है जहां परिस्थितियां मनुष्य को दूसरे की पहचान को लेकर संदेह और पूर्वाग्रह की ओर ले जाती हैं। नाटक सवाल करता है कि जाति, धर्म और सामाजिक पहचान से पहले क्या मनुष्य की मूल पहचान उसका मनुष्य होना नहीं है। निर्देशक ने इसे संवाद, मौन, देहभाषा और दृश्य संरचना के माध्यम से प्रस्तुत किया। मंचन में चिंटू कुमार, चंदन वत्स, देवानंद सिंह और चंदन कश्यप ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। कलाकारों ने भय, तनाव, संदेह और बेचैनी को भाव और शारीरिक गतिविधियों से जीवंत किया। मंच-सज्जा में फ्रेम, साइकिल जैसी सीमित सामग्री से पात्रों की मानसिक स्थिति को दर्शाया गया। प्रकाश विनय कुमार और साउंड अमन कुमार ने संभाला। प्रकाश और ध्वनि के संयोजन से तनाव और मनःस्थितियों को उभारा गया।प्रस्तुति मनोरंजन तक सीमित न रहकर सामाजिक पहचान, पूर्वाग्रह और मनुष्यता के सवालों पर केंद्रित रही, जो वर्तमान में बढ़ती सामाजिक दूरियों के संदर्भ में प्रासंगिक है। मंचन के बाद दर्शकों के बीच विषय की समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा भी हुई।

## एमएलएसएम कालेज में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

### बीपी, शुगर, मौसमी बीमारियों आदि के मरीजों ने कराया इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** एम एल एस एम कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव की अध्यक्षता में एक विशेष निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने कहा, 'स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। इस प्रकार के शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस और विद्यार्थियों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।' शिविर के मुख्य आयोजक डॉ. प्रफुल्ल चंद्र ने बताया कि इस मेडिकल कैंप में आने वाले लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की समुचित व्यवस्था की गई। शिविर में बीपी, शुगर, वजन की जांच के साथ-साथ मौसमी बीमारियों से बचाव और उचित खान-पान को लेकर भी विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

## एलएनएमयू घेराव को लेकर दरभंगा शहर में छात्र जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आगामी 24 सितंबर को प्रस्तावित एल एन एम यू घेराव एवं विशाल छात्र आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को दरभंगा शहर के विभिन्न निजी कोचिंग संस्थानों में मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा छात्र जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई विश्वविद्यालय अध्यक्ष गौतम झा ने की। इस दौरान संगठन मंत्री आशीष देव, अंकित आजाद, शिवम झा, सूरज पासवान, रजनीश कुमार एवं साहिल चौधरी मौजूद रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय अध्यक्ष गौतम झा ने कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था लगातार अव्यवस्था का शिकार है, जिसका सीधा प्रभाव हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर पड़ रहा है। समय पर परीक्षा एवं परिणाम, नियमित कक्षा संचालन, छात्र संघ चुनाव, बंद पड़े छात्रावासों को पुनः संचालित करने, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, डिस्टेंस शिक्षा शुरू करने तथा विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को लेकर छात्र लंबे समय से संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर का आंदोलन केवल मिथिला स्टूडेंट यूनियन का नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के छात्रों के भविष्य और अधिकार की लड़ाई है। संगठन मंत्री आशीष देव एवं अंकित आजाद ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं के प्रति गंभीर होना होगा। वर्षों से लंबित मांगों को अब टालने के बजाय समाधान की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को बड़ी संख्या में छात्र एल एनएम यू पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। अभियान के दौरान छात्रों से संवाद कर आंदोलन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक संख्या में 24 सितंबर को एल एन एम यू घेराव एवं विशाल छात्र प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया गया।

## बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत तेज करे सरकार : माले

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले ने गंगा की विनाशकारी बाढ़ को देखते हुए पूरे प्रभावित इलाके को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और तेजी से पर्याप्त राहत पहुंचाने की मांग की है। पार्टी के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस सचिव चंद्रदेव वर्मा, नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव, ई-रिक्शा संघ (ऐक्टू) सचिव कन्हैयालाल साह और संकल्प श्रीवास्तव ने नगर निगम के कमरूद्दीनपुर, मटिहानी के रामदीरी, सिहमा, खोरमपुर समेत विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों की कठिनाइयां सुनीं। नेताओं ने कहा कि मटिहानी, बलिया, साहेबपुर कमाल, शाम्हो, बरौनी, तेघड़ा, बछवाड़ा और बेगूसराय नगर निगम का हिस्सा डूबा हुआ है, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्य नाकाफी हैं। बाढ़ की भयावहता को देखते हुए बड़े पैमाने पर और तेजी से राहत कार्य चलाया जाए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर बढ़ेगी समुदाय की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश के आलोक में जिले में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ बुधवार को किया गया। पोषण माह का आयोजन 9 सितंबर से 08 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह की मुख्य थीम- हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी रखी गई है, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को पोषण, देखभाल एवं बाल विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता के केंद्र के रूप में सुदृढ़ करना है। जिला स्तर पर आयोजित पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



विभागीय निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के शुभारंभ कार्यक्रम में अधिकाधिक पदाधिकारियों, कर्मियों एवं लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। पोषण माह के दौरान मुख्य रूप से आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनवाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य हेतु नकद अंतरण जैसे विषयों पर विशेष रूप से कार्य किया जाएगा। इसके तहत पोषण मेले एवं रेसिपी प्रदर्शनी, आंगनवाड़ी केंद्रों पर एचसीएम मेन्यू का साप्ताहिक रोटेशन एवं स्थानीय एवं पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन, एसएनपी मेन्यू बोर्ड का प्रदर्शन, प्रबंधन समितियों का गठन एवं बैठक पोषण चैंपियन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को पोषण को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए अधिकाधिक सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी सदर गौरव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, आईसीडीएस डीपीओ विनीता कुमारी, महेश आनंद एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुख्यात अपराधी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कई अपराधिक मामलों में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी के घर पर टंडवा पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के हरिहर उर्दाना गांव निवासी सुनील राम उर्फ सुनील कुमार के घर पर की गई है। यह झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत नवडीहा बाजार थाना कांड संख्या 47/2012 में नामजद अभियुक्त है। पुलिस टीम ने गांव में ढोल बजाकर आरोपित सुनील राम उर्फ सुनील कुमार के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है जिसमें यह लगातार फरार चल रहा है। यदि अभियुक्त आत्मसमर्पण नहीं करता हैं तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

# अवैध कोयला लदे 10 वाहन जब्त, एक करोड़ जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध खनन, अवैध खनिज परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ खनन विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पिछले 48 घंटे में विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए सघन वाहन जांच एवं छापेमारी अभियान में अवैध रूप से कोयला परिवहन करते 10 वाहनों को जब्त किया गया हैं। खान एवं भूतत्व विभाग के सहायक निदेशक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान में प्रशिक्षु जिला खनन पदाधिकारी अंकित कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। कार्रवाई में खान निरीक्षक कुमार प्रत्युष, राजू कुमार एवं मिथुन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। अभियान के दौरान अवैध कोयला लदे वाहनों को जब्त किया गया। जांच के दौरान संबंधित वाहन चालकों द्वारा कोयला परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इससे पूर्व भी अभियान के दौरान अवैध कोयला लदे एवं बिना ढके खनिज परिवहन करते अन्य वाहनों को जब्त किया गया था। इस प्रकार पिछले 48 घंटे में कुल 10 वाहन जब्त किए गए हैं तथा संबंधित वाहन मालिकों पर लगभग एक करोड़ रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। खनन विभाग के अधिकारियों के अनुसार अवैध कोयला परिवहन एवं बिना ढके खनिज परिवहन की सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार वाहन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वैध परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने तथा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशिक्षु जिला खनन पदाधिकारी अंकित कुमार ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित जुर्माना राशि जमा किए जाने के उपरांत नियमानुसार जब्त वाहनों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। जुर्माना राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को कुचला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना अंतर्गत रामाबांध बस स्टैंड के समीप बुधवार की देर शाम अनियंत्रित तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार युवक को बुरी तरह रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हाईवा चालक तेजी से वाहन लेकर मौके से फरार होने में सफल रहा। मृतक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के मुक्तियारपुर (सुंदरगंज) गांव निवासी स्वर्गीय जनार्दन लाल के पुत्र विवेक कुमार सिन्हा के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार विवेक बुधवार की देर शाम अपनी बाइक से औरंगाबाद शहर से वापस अपने पैतृक गांव लौट रहा था। जैसे ही वह रामाबांध स्टैंड के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। युवक का क्षत-विक्षत शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों और स्थानीय व्यवसायियों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर और उचित कानूनी कार्रवाई व मांगों पर विचार करने का लिखित आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से बहाल कराया जा सका।

# नीतीश कुमार का सुशासन मॉडल ही महिलाओं के सम्मान की गारंटी : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट अशोक भवन में बुधवार को जनता दल यूनाइटेड की महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अभिनंदन सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह ने की। कार्यक्रम में महिला संगठन के साथ-साथ जिला संगठन के सभी बड़े चेहरे एक मंच पर नजर आए जिससे जदयू की एकजुटता का स्पष्ट संदेश गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शिवरानी प्रजापति रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह, साउथ बिहार प्रभारी सुप्रिया एवं वरीय नेता विश्वनाथ सिंह उपस्थित थे, जिनका महिला कार्यकर्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया। जिला संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामानुज सिंह, जिला प्रवक्ता रवि सिंह राजपूत, खेल एवं कला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा उर्फ छोटू जी, नगर अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी, सदर अध्यक्ष निरंजन, बारून अध्यक्ष मुकेश पटेल, देव अध्यक्ष



ब्रजेश सिंह, ओबरा अध्यक्ष अरविंद राम, कुटुम्बा अध्यक्ष इंदू देवी, रफीगंज अध्यक्ष मधुकर लाल मेहता, शंभू सिंह, विजय विश्वकर्मा सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं महिला प्रकोष्ठ की ओर से पूर्व विधायक रेणु देवी, इंदु, ममता गुप्ता, संगीता प्रसाद, संगीता शोभा सिंह, कविता कुमारी, बिना सिंह, मीरा सिंह, रानी सिंह, सरिता कुमारी सहित जिला उपाध्यक्ष नाजिन प्रवीण एवं विमला देवी तथा महिला प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिवरानी प्रजापति ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सुशासन मॉडल ही महिलाओं के सम्मान और विकास की गारंटी है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विकास और कार्यकर्ताओं के सम्मान तथा नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना की। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया जबकि जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ और मुख्य संगठन मिलकर औरंगाबाद में जदयू को और अधिक मजबूत करेंगे।

# विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद से युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि औरंगाबाद के युवाओं को जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा, विचार और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने वाला मंच है। इस प्रक्रिया में चयनित युवा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर देश के नीति-निर्माताओं के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं तथा चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर भी मिल सकता है। यह बातें माई भारत केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अनिकेत कुमार राव ने कही। वे बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक 15 से 29 वर्ष आयु



वर्ग के युवाओं को वीबीवाईएलडी-2027 से जोड़ना तथा उन्हें 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में अपने विचार, नवाचार एवं समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। श्री राव ने जिले के युवाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, युवा क्लबों एवं अन्य युवा संगठनों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय पहल से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें और 30 सितंबर तक विकसित भारत क्विज में अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

# कुपोषित बच्चों को एनआरसी में समय पर कराएं भर्ती

## सदर अस्पताल में 20 बेडों वाला पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं की समीक्षा की गई। सदर अस्पताल में 20 बेड की क्षमता वाला पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित है। इस केंद्र में 6 माह से 5 वर्ष तक की आयु के गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) से ग्रसित बच्चों को भर्ती कर आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल, पोषण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। बच्चों के साथ रहने वाली उनकी माता अथवा अन्य अटेंडेंट को भी केंद्र पर प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही, बच्चे के साथ रहने वाले अभिभावक एवं अटेंडेंट को 100 रूपये प्रतिदिन की दर से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से चिन्हित 149 एसएएम बच्चों को एनआरसी से जोड़ा जा चुका है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि को और बेहतर करने के लिए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर एसएएम से ग्रसित बच्चों की पहचान एवं उन्हें एनआरसी से जोड़ने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने डीपीओ, आईसीडीएस को निर्देशित किया कि जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका सदर अस्पताल स्थित एनआरसी में नियमानुसार पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए ताकि उन्हें उपलब्ध स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सके। साथ ही सभी संबंधित सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एसएएम बच्चों की पहचान एवं उनके परिवारों को एनआरसी की सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। इस अभियान की शुरुआत सदर प्रखंड से विशेष रूप से की जाएगी ताकि अधिक से अधिक एसएएम बच्चों को समय पर एनआरसी में भर्ती कराकर आवश्यक उपचार एवं पोषण उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान, उचित उपचार एवं पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना उनकी स्वस्थ वृद्धि एवं विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जिले का कोई भी एसएएम बच्चा एनआरसी की सुविधा से वंचित न रहे और उसे समय पर उपचार एवं पोषण मिल सके।

# जीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण देगा पीएनबी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के सभागार में पंजाब नेशनल बैंक और जीविका के स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुमे ने की। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से मिलने वाले ऋण को सुगम बनाने, वितरण में तेजी लाने और दोनों विभागों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर विस्तार से विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पीएनबी द्वारा एसएचजी योजना के अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की गयी। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का सीधा अवसर मिलता है। बैंक अधिकारियों और जीविका पदाधिकारियों ने ऋण आवेदनों के त्वरित निष्पादन में आने वाली तकनीकी अड़चनों को आपसी समन्वय से दूर करने पर सहमति जतायी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 सितंबर को स्वयं सहायता समूह योजना के तहत पात्र समूहों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए 'मेगा डिस्बर्समेंट डे' का आयोजन किया जाएगा। पीएनबी के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुमे ने कहा कि पात्र समूहों को ऋण उपलब्ध कराने में बैंक शाखा स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि 40 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया जा सके। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक नंद किशोर प्रसाद चौधरी, पीएनबी मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक शशांक, जीविका के पंचम कुमार दांगी सहित जिले के सभी बीपीएम और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# आइसीडीएस में महिला पर्यवेक्षिका के 22 पद रिक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के योजना भवन स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, आधारभूत संरचना, पेयजल, विद्युत, शौचालय, पोषण ट्रैकर, लाभार्थियों के ई-केवाईसी एवं एफआरएस, टीएचआर, एचसीएम तथा बच्चों के वृद्धि अनुश्रवण सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 2,751 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं जिनमें से 2,664 केंद्र संचालित हैं। संचालित केंद्रों में 2,311 आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं 2,199 सहायिकाएं कार्यरत हैं। वहीं, महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्वीकृत पदों के विरुद्ध 83 कार्यरत तथा 22 पद रिक्त हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन एवं भूमि की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 950 केंद्र आईसीडीएस के अपने भवन, 666 किराये के भवन, 528 विद्यालय परिसर तथा 520 अन्य सरकारी भवनों में संचालित हैं। भवन निर्माण हेतु कुल 318 भूमि चिह्नित की गई है। इनमें से 164 भूमि के लिए अंचलाधिकारी से एनओसी प्राप्त हो चुकी है जबकि 154 मामलों में एनओसी लंबित है। वहीं, भवन निर्माण हेतु 220 भूमि के लक्ष्य के विरुद्ध 164 भूमि पर एनओसी प्राप्त हुई है, जो 74.5 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने लंबित एनओसी के मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर एनओसी की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा भूमि संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। माह अगस्त 2026 के प्रतिवेदन के अनुसार संचालित 2,664 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 2,623 केंद्रों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, अर्थात 98.46 प्रतिशत केंद्र शौचालय से आच्छादित हैं। जिले में मात्र 41 केंद्र शौचालय विहीन हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल, विद्युत, शौचालय सहित आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## रंगदारी और हत्या सहित अन्य मामलों में 63 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गयी कार्रवाई में 63 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 39 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार रंगदारी में तीन, हत्या के प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 40 लीटर देसी एवं 16.80 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक स्कूटी जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 966 वाहनों से 62000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 9 वारंटों एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर पुलिस द्वारा 50624 रूपये रिकवर किया गया है।

## श्रम विभाग ने दुकानों से चार बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाल श्रम उन्मूलन को लेकर श्रम विभाग द्वारा लगातार जागरूकता एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी के निर्देश पर गठित धावा दल द्वारा औरंगाबाद सदर एवं कुटुम्बा प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुटुम्बा प्रखंड के हरिहरगंज रोड, अंबा स्थित शिव शक्ति होटल से एक बाल श्रमिक तथा औरंगाबाद सदर के बाईपास स्थित कृति भोजनालय से तीन बाल श्रमिक, कुल चार बाल श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया गया। धावा दल द्वारा सभी चारों बाल श्रमिकों को तत्काल मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए चारों बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता के रूप में प्रति बाल श्रमिक 3,000 रुपये, कुल 12,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। साथ ही मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

